# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी




संसद में पक्ष और विपक्ष की महिला सांसद फोटो खिंचवाते हुए


haribhoomi.com भोपाल, शुक्रवार 17 अप्रैल 2026



inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155
airtel चैनल नं. 366

IPL आज का मुकाबला
जीटी केकेआर
शाम 7.30 बजे से


पीएम ने यह भी कहा

### ये लीजिए 'ब्लैंक चैक'

1 कुछ लोगों को लगता है, इसमें कहीं न कहीं मोदी का राजनीतिक स्वार्थ है। इसका अगर विरोध करेंगे तो स्वभाविक है कि राजनीतिक लाभ मुझे होगा। अगर साथ चलेंगे तो किसी को भी नहीं होगा। हमें क्रेडिट नहीं चाहिए जैसे ही पारित हो जाए तो मैं एड देकर सबको धन्यवाद देने तैयार हूं। सबकी फोटो छपवा देंगे। मैं क्रेडिट का ब्लैंक चेक आपको दे रहा हूं।

### ये लीजिए मेरी गारंटी

2 जिसको भी गारंटी चाहिए, वो देता हूं। अगर गांरटी शब्द चाहिए तो मैं वह शब्द भी उपयोग करता हूं, वादा की बात करते हो तो उसे भी इस्तेमाल करता हूं। तमिल में कोई शब्द हो तो मैं उसे भी कहता हूं। जब नीयत साफ है तो शब्दों का खेल करने की जरूरत नहीं होती।

### ये है नजर का 'काला टीका'

3 हमारे यहां परंपरा है कि अच्छे काम में किसी की नजर न लगे इसके लिए काला टीका लगाते हैं, इसलिए मैं आपका (डीएमके) धन्यवाद करता हूं। डीएमके सांसद परिसीमन बिल का विरोध करने के लिए काले कपड़े पहनकर संसद पहुंचे थे।

### ये है महिलाओं का हक

4 आज महिलाओं का हक उन्हे मिल रहा है हम भ्रम में न रहें, हम अहंकार में न रहें। यहां मैं और तुम की बात नहीं कर रहा हूं। हम देश की नारी शक्ति को कुछ दे रहे हैं। ये उनका हक है। और हमने कई दशकों से उनको रोका है। यह उसका प्रायश्चित करके उस अपराध से मुक्ति पाने का अवसर है।

## खबर संक्षेप

### ग्वालियर मेयर की कार पर उज्जैन में हमला



**उज्जैन।** ग्वालियर से महापौर और कांग्रेस नेत्री डॉ. शोभा सतीश सिकरवार के वाहन पर उज्जैन के मक्सी के पास स्थित हाईवे पर हमला हुआ है। महापौर सिकरवार अपनी बेटी और बहन के साथ पूजा करने के लिए उज्जैन जा रही थीं। इसी दौरान अचानक से आए बाइक सवार बदमाशों ने उनकी कार पर लोहे की रॉड से हमला कर दिया। हमले के चलते कार में सवार भी बुरी तरह घबरा गए थे। बदमाशों को सबक सिखाने तत्काल महापौर का गनमैन कार से उतरा, लेकिन गनमैन को देखते ही बाइक सवार भाग निकले।

### थार और बलेनो की टक्कर, मां-बेटे की मौत



**खंडवा।** जिले के मूंदी थाना क्षेत्र में गुरुवार दोपहर थार और बलेनो कार की आमने-सामने टक्कर हो गई। भिड़ंत में मां-बेटे की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक युवती सहित तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया है। ग्राम जलवा निवासी सौरभ राठौर (28) अपनी मां सुमन बाई (58), बहन सारिका, रिश्तेदारों के साथ कार से मूंदी की ओर आ रहे थे। तभी थार वाहन ने टक्कर मार दी।

### बाघ शावक की मौत संघर्ष की आशंका



**उमरिया।** उमरिया के बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में एक बाघ शावक की मौत हो गई। जिसके बाद प्रबंधन में हड़कंप मच गया है। बाघ शावक का शव क्षत-विक्षत हालत में मिला है। पनपथा कोर के बीट बघडो में ये बाघ शावक नर है या मादा इसका पता अभी नहीं चल सका है। एनटीसीए प्रोटोकॉल के अनुसार डॉग स्क्वाड बुलाया गया। मेटल डिटेक्टर से भी जांच कराई गई है। उसके बाद एसओपी का पालन करते हुए शव परीक्षण के बाद शावक का दाह संस्कार किया गया। मौत का कारण आपसी संघर्ष माना जा रहा है।

## पीएम ने दिया भरोसा

जिनके कालखंड में जो परिसीमन हुआ, वह अनुपात उनके समय से चला आ रहा है, उस अनुपात में भी कोई बदलाव नहीं होगा

# छोटे हों या बड़े राज्य, किसी से अन्याय नहीं होगा, बस...कुछ लोग खड़ा कर रहे 'बवंडर'

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

संसद के विशेष सत्र में गुरुवार को महिला आरक्षण कानून से जुड़े तीन अहम संशोधन विधेयक पेश किए गए। इन प्रस्तावों के तहत वर्ष 2029 से लोकसभा और सभी राज्य विधानसभाओं में महिलाओं को 33 फीसदी आरक्षण देने की व्यवस्था की जाएगी। इसके साथ संसद में सीटों की संख्या को भी बढाया जाना है। पीएम मोदी इस दौरान सदन में बोलते हुए सभी राज्यों को भरोसा दिलाया कि किसी भी राज्य के साथ भेदभाव नहीं किया जाएगा। पीएम मोदी ने कहा कि हमारी एक्टिविस्ट, संविधान के जानकारों से बात हुई। यहां बैठकर हमारे संविधान ने किसी को टुकड़ों में सोचने का अधिकार ही नहीं दिया। एक राष्ट्र के रूप में विचार करना हमारा दायित्व है। चाहे कश्मीर हो या कन्याकुमारी, हम एक साथ सोच सकते हैं एक साथ निर्णय कर सकते हैं। सिर्फ ▶▶ शेष पेज 4 पर ▶▶ पढ़ें पेज 07 भी





पीएम ने कहा कि नारी शक्ति हमारा निर्णय तो देखेगी और निर्णय से ज्यादा हमारी नीयत को देखेगी। हमारी नीयत की खोट हमारी नारी शक्ति कभी माफ नहीं करेगी

देश की 50 फीसदी जनसंख्या नीति निर्धारण का हिस्सा बने



**विकसित भारत का मतलब केवल उत्तम प्रकार के रेल और रास्ते या आर्थिक प्रगति के आंकड़े नहीं**

**विकसित भारत के नीति निर्धारण में सबका साथ, सबका विकास का मंत्र समाहित हो**

***लाखों बहनें आंदोलित हैं:*** *पीएम ने कहा कि 25-30 साल पहले, महिला आरक्षण का विरोध करने वालों ने अपने विरोध को राजनीतिक सतह से नीचे नहीं जाने दिया। आज ऐसा सोचने की गलती न करें। पिछले 25-30 सालों में, पंचायत चुनाव सिस्टम में जमीनी स्तर पर जीती हुई बहनों में एक राजनीतिक चेतना आई है। पहले वे चुप रहती थीं, समझती थीं लेकिन बोलती नहीं थीं। आज वे मुखर हैं। इसलिए, आज चाहे कोई भी पक्ष या विपक्ष हो, वे लाखों बहनें जिन्होंने पंचायतों में प्रतिनिधित्व किया है, जिन्होंने लोगों के सुख-दुख को गहराई से देखा है, वे आंदोलित हैं।*

### इसको राजनीति के तराजू से न तौलें

पीएम मोदी ने सभी दलों से अपील की कि इसको राजनीति के तराजू से न तौलें। हम जब भी कुछ निर्णय लेते हैं उसका आधा जिम्मा जो उठा रहे हैं, उनका भी कुछ हक बनता है। विकसित भारत का मतलब केवल उत्तम प्रकार के रेल और रास्ते या आर्थिक प्रगति के आंकड़े नहीं हैं। हम चाहते हैं कि विकसित भारत जिसके नीति निर्धारण में सबका साथ, सबका विकास का मंत्र समाहित हो। देश की 50%जनसंख्या नीति निर्धारण का हिस्सा बने। नारी शक्ति हमारा निर्णय तो देखेगी और निर्णय से ज्यादा हमारी नीयत को देखेगी। हमारी नीयत की खोट हमारी नारी शक्ति कभी माफ नहीं करेगी।

## अमित शाह ने कहा- दक्षिण के राज्यों में सीटें 'कम' नहीं होंगी



केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने कहा कि सभी सवालों का जवाब मैं शुक्रवार को दूंगा, लेकिन कुछ जवाब देने हैं, ताकि स्पष्टता बनी रहे। एक सबसे बड़ा नैरेटिव खड़ा किया जा रहा है कि ये जो 3 बिल हैं। वो आने से साउथ के राज्यों की क्षमता लोकसभा में कम हो जाएगी। मैं प्रैक्टिकली बता रहा हूं। कर्नाटक राज्य में 28 सीटें हैं ये बिल पारित होने के बाद कर्नाटक की संख्या 42 हो जाएगी और प्रतिशत 5.14 हो जाएगा। आंध्र प्रदेश में अभी 25 सीटें हैं उसका प्रतिशत 4.60% है। बिल पारित होने के बाद सीटें 38 हो जाएंगी। तेलंगाना में 17 सीटे हैं उसका 3,13% है। बाद में बढ़कर 26 हो जाएंगी। तमिलनाडु में 39 सांसद हैं उसका प्रतिशत 7.18% है। यह बढ़कर 59 सांसद हो जाएंगे। नए सदन में प्रतिशत 7.23 हो जाएगा। केरल में 20 सांसद हैं, 3.68% सांसद है। जो 30 सांसद हो जाएंगे।

## प्रियंका ने पूछा- अभी 33% आरक्षण क्यों नहीं दे रहे?



प्रियंका गांधी ने कहा कि 543 में से महिलाओं को 33% आरक्षण क्यों नहीं दे रहे। अगर पद खोने का डर नहीं तो कुछ लोग इसमें अपना पद खो दें। ताकि महिलाएं और ओबीसी वर्ग आ सके। ये आज ही कर दें, शुभ काम हो जाएगा। देश की महिलाओं के नाम पर देश के बुनियादी ढांचों से खिलवाड़ नहीं हो सकता। संसद को कमजोर करके सत्ता कायम रखने की साजिश हो रही है। यह आपकी हस्ती, पद और गरिमा के अनुकूल है।

15 साल बाद जनगणना का आगाज, 1 मई से घर जाएंगे प्रगणक

# सीएम, सीएस ने मोबाइल टैब से खुद भरी पोर्टल पर जनगणना की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

देश में पंद्रह साल बाद गुरुवार से सबसे बड़ी जनगणना का आगाज हो गया है। आम लोग सेंसस के पोर्टल पर जाकर खुद ही अपने घर और सदस्यों से जुड़ी जानकारी अपलोड कर सकेंगे। यह सिलसिला 30 अप्रैल तक चलेगा। जिसके बाद एक मई से प्रगणकों द्वारा घर-घर जाकर मकानों की लिस्टिंग का काम शुरु होगा।

गुरुवार को इसकी शुरुआत के साथ मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सीएम हाउस और मुख्य सचिव अनुराग जैन ने सेल्फ ईन्यूमरेशन फार्म भरकर जनगणना की औपचारिक शुरुआत की। 16 अप्रैल से 30 अप्रैल तक होने वाली स्वगणना में आम लोग खुद ऑनलाइन फॉर्म भरकर अपने मकान से संबंधित 34 सवालों के जवाब दे सकेंगे। इसके बाद एक मई से प्रगणक घर-घर पहुंचकर जानकारी का सत्यापन करेंगे और जिन लोगों द्वारा ऑनलाइन जानकारी नहीं भरी जाएगी, उनकी जानकारी लेकर जनगणना सॉफ्टवेयर पर अपलोड करेंगे। पोर्टल सुबह छह बजे से रात 12 बजे तक ही खुला रहेगा। सही लोकेशन के लिए डिजिटल मैप पर घर मार्क करना होगा, जिसमें टैब, लैपटॉप, डेस्कटॉप और मोबाइल से भी प्रक्रिया पूरी की जा सकती है। स्व-गणना के लिए एरिया पिनकोड जरूरी होगा। गृह विभाग को स्टेट नोडल एजेंसी बनाया गया है। अगर कोई इसमें गलत जानकारी देता है, तो उसे तीन साल की जेल हो सकती है।

30 अप्रैल तक खुद भर सकेंगे जानकारी प्रगणक करेगा वेरिफिकेशन



मुख्यमंत्री डॉ. यादव खुद फार्म भरते हुए

### जनगणना देश की रीढ़, विकास की नींव

मुख्यमंत्री ने जानकारी अपलोड करने के बाद कहा कि यह हमारे राष्ट्र के भविष्य को सही दिशा देने का महत्वपूर्ण कदम है। जनगणना देश की रीढ़ है, यह विकास की नींव है। इस बार की जनगणना डिजिटल और आधुनिक तकनीक के साथ हो रही है। प्रदेशवासियों को इसमें भाग लेना चाहिए।

भारत के दुश्मनों का हो रहा सफाया

## लश्कर-ए-तैयबा के संस्थापक हमजा को लाहौर में गोली मारी

एजेंसी ▶▶ इस्लामाबाद

लश्कर-ए-तैयबा (एलटीटी) के संस्थापक सदस्यों में से एक आमिर हमजा पर पाकिस्तान में जानलेवा हमला हुआ है। आमिर को लाहौर में अज्ञात बंदूकधारियों ने गोली मारी है। हमले के बाद उसको अस्पताल में भर्ती कराया गया है। फिलहाल उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है। हमजा यूनाइटेड स्टेट्स ट्रेजरी से घोषित आतंकवादी है। पाकिस्तान में सक्रिय आतंकी संगठनों के लोगों पर बीते कुछ महीनों में लगातार हमले होने की बात सामने आई है।



■ इससे पहले भी आतंकी सरगना किए गए ढेर

हमजा पर कुछ अज्ञात हमलावरों ने लाहौर में एक न्यूज चैनल के दफ्तर के बाहर गोलियां चलाईं। आमिर की स्थिति को लेकर अस्पताल की ओर से अभी कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है। हाफिज सईद भारत के लिए मोस्ट वॉन्टेड आतंकी है। लश्कर पर भारत में हुए आतंकी हमलों में शामिल होने का आरोप रहा है। आमिर हमजा का संबंध भी कई आतंकवादी गतिविधियों से होना माना जाता है, जिनमें भारत में हुए कई हमले भी शामिल हैं।

श्योपुर में भीषण हादसा

## ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटने से चार महिलाओं की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

जिले में गुरुवार रात एक भीषण सड़क हादसे ने खुशियों भरे सफर को मातम में बदल दिया। विजयपुर क्षेत्र में श्रद्धालुओं से भरा एक ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गया। इस हादसे में चार महिलाओं की मौत हो गई, जबकि 28 लोग घायल बताए जा रहे हैं। घायलों में कई की हालत गंभीर है। हादसा खितरपाल गांव के पास हुआ। जहां वीरपुर के घुघस गांव से गुर्जर समाज के लोग पार्वती बड़ौदा में भात मांगने जा रहे थे। ट्रैक्टर में बड़ी संख्या में महिलाएं, पुरुष और बच्चे सवार थे। रास्ते में तेज रफ्तार और असंतुलन के चलते वाहन पलट गया, जिससे चीख-पुकार मच गई। स्थानीय ग्रामीणों की मदद से ट्रैक्टर के नीचे दबे लोगों को बाहर निकाला गया लेकिन चार महिलाओं की जान चली गई। और अस्पताल पहुंचाया गया। मौके पर पुलिस प्रशासन ने राहत एवं बचाव कार्य चलाया गया। मौके पर पूर्व वन मंत्री रामनिवास रावत, एसडीएम अभिषेक मिश्रा और टीआई राजन गुर्जर भी मौके पर पहुंचे। प्रशासन ने हादसे की जांच शुरू कर दी है।



■ हादसे में 28 लोग घायल कई गंभीर

गेहूं बचाने के लिए रखी दवा बनी मौत का कारण


# नानी के घर छुट्टियां मनाने आए दो बच्चे जहरीली गैस का हुए शिकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उज्जैन

उज्जैन में कीटनाशक से बनी गैस से दो बच्चों की मौत हो गई, तीन की हालत नाजुक है। हादसा इंदौर रोड स्थित त्रिवेणी हिल्स में लालचंद प्रजापत के घर हुआ। पुलिस के मुताबिक, बड़ी बेटी पूजा की शादी शाजापुर और छोटी बेटी रीना की शादी कायथा में हुई है। गर्मियों की छुट्टियां बिताने दोनों बहनें करीब 10 दिन पहले बच्चों के साथ मायके आई थीं। सोमवार रात सभी एक कमरे में सोए थे। मंगलवार सुबह करीब 9 बजे सभी की तबीयत बिगड़ गई। डेढ़ माह की त्रिशा के मुंह से झाग निकला, उसे अस्पताल ले गए। उसने मंगलवार शाम इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। बुधवार सुबह 4 साल की अनिका उर्फ अन्नू की भी मौत हो गई। जेनिशा को हालत नाजुक होने पर इंदौर रेफर किया गया है। रेहान और येशु का इलाज उज्जैन के अस्पताल में चल रहा है। पुलिस ने ▶▶ शेष पेज 4 पर



अनिका



त्रिशा

22 जिलों में पारा 41 से 42 डिग्री के बीच, नर्मदापुरम और रतलाम 43 डिग्री पर तपे

आज एक दर्जन जिलों में हीटवेव का अलर्ट

# भोपाल 40.5 डिग्री: 10 साल में तीसरी बार इतनी गर्मी, सीजन का सबसे गर्म दिन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी सहित प्रदेशभर में गर्मी के साथ हीटवेव अपना दायरा बढ़ा रही है। गुरुवार को छिंदवाड़ा के साथ रतलाम में भी लू का असर रहा। भोपाल में पारा 40.5 डिग्री रहा, जो सीजन का सबसे गर्म दिन है। यहां 10 साल में तीसरी बार 20 अप्रैल से पहले इतनी गर्मी बढ़ी है। दर्ज रिकार्ड के अनुसार वर्ष 2016 से 2025 के बीच 10 साल में 20 अप्रैल से पहले इतनी गर्मी का पारा केवल 17 अप्रैल 2016 में 42.6 डिग्री और 18 अप्रैल 2017 को 42.7 डिग्री दर्ज हुआ है। प्रदेश के 22 से अधिक जिलों में गर्मी का पारा 41 से 42 डिग्री के बीच रहने से यह जिले भीषण गर्मी की चपेट में आ रहे हैं। प्रदेश में सबसे गर्म रहे नर्मदापुरम में दिन का तापमान 43 डिग्री रहा, जबकि रतलाम में 42.8 डिग्री दर्ज हुआ।

यह नॉर्मल से 4.6 डिग्री अधिक है। छिंदवाड़ा में 41.5 डिग्री रहा, जो सामान्य से 5.3 डिग्री ज्यादा रहा। दोनों शहरों में हीटवेव से सामान्य जनजीवन पर असर पड़ा है। मौसम केंद्र के अनुसार अभी दो दिन तापमान में 2 से 3 डिग्री तक और बढ़त की उम्मीद है। इस बीच भोपाल में भी अधिकतम तापमान में एक डिग्री तक वृद्धि हो सकती है।



भोपाल की लालघाटी, शाम 6 बजे सन्नाटा

**लू का दायरा बढ़ रहा, छिंदवाड़ा के साथ अब रतलाम में भी असर**

### इसलिए मिलेगी कुछ राहत

मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार अभी एक सकुर्लेशन हरियाणा और आसपास है। एक साइक्लोनिक सकुर्लेशन उत्तर पूर्वी मध्य प्रदेश और आसपास है। एक ट्रफ दक्षिण पूर्वी राजस्थान से मणिपुर तक, पूर्वी मप्र पर बने सकुर्लेशन से होकर गुजर रही है। इससे प्रदेश में कुछ नमी आने से हल्के बादलों का असर रह सकता है, जिससे तापमान में कुछ कमी आने की उम्मीद है।

### आज 8 जिलों में लू का अलर्ट

शुक्रवार को गर्मी के तेवर और तीखे होने से 8 जिलों में लू का अलर्ट है। इनमें नर्मदापुरम, धार, रतलाम, छिंदवाड़ा, सिवनी, मंडला, बालाघाट, पांढुर्णा आदि जिलों में तेज गर्मी के साथ हीटवेव का अलर्ट जारी किया गया है।



# आइए, हम मिलकर भारत की नारी शक्ति को सशक्त करें

## आने वाले दिनों में हम अपने लोकतंत्र को और मजबूत करने वाली एक बड़ी पहल के साक्षी बनने वाले हैं

**21वीं** सदी की विकास यात्रा में हमारा भारत एक महत्त्वपूर्ण और ऐतिहासिक क्षण की ओर आगे बढ़ रहा है। आने वाले दिनों में हम अपने लोकतंत्र को और मजबूत करने वाली एक बड़ी पहल के साक्षी बनने वाले हैं। यह ऐसा अवसर है, जब समानता, समावेशन और जनभागीदारी के प्रति हमारी राष्ट्रीय प्रतिबद्धता एक नए रूप में सामने आएगी। यह ऐसा समय है, जब हमारे देश की संसद को एक महत्त्वपूर्ण दायित्व निभाना है। उसे ऐसा कदम आगे बढ़ाना है, जो हमारे लोकतंत्र को अधिक व्यापक एवं और अधिक प्रतिनिधिक बनाए। संसद का यह निर्णय महिलाओं की राजनीतिक भागीदारी को नई शक्ति देगा।

हमारी नारीशक्ति देश की लगभग आधी आबादी का प्रतिनिधित्व करती है। उन्होंने राष्ट्र निर्माण में अपना अमूल्य योगदान दिया है। आज देश के हर सेक्टर में नारीशक्ति मिसाल बन रही है। साइंस ऐंड टेक्नॉलजी से लेकर एंटरप्रेन्योरशिप तक, खेल के मैदान से लेकर सशस्त्र बलों तक और संगीत से लेकर कला के क्षेत्र में महिलाएं अपनी सशक्त पहचान बना रही हैं। हमारी माताएं-बहनें और बेटियां देश की प्रगति में अग्रणी भूमिका निभा रही हैं। हमारे पारंपरिक मूल्य बताते हैं कि कोई भी समाज तभी प्रगति करता है, जब माताओं-बहनों को आगे बढ़ने के ज्यादा से ज्यादा मौके मिलते हैं। इसी सोच के साथ बीते 11 वर्षों में महिला सशक्तीकरण के लिए एक अनुकूल माहौल तैयार करने पर जोर दिया गया है, इसके लिए निरंतर प्रयास किए गए हैं। शिक्षा तक बढ़ती पहुंच, बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं, वित्तीय समावेशन में बढ़ोतरी और बुनियादी सुविधाओं तक बेहतर पहुंच ने आर्थिक और सामाजिक जीवन में महिलाओं की भागीदारी को मजबूती दी है।

लेकिन ये भी सच्चाई है कि इन सारे प्रयासों के बावजूद भी राजनीति और विधायी संस्थाओं में महिलाओं का प्रतिनिधित्व समाज में उनकी भूमिका के अनुरूप नहीं रहा है। इस कमी को अब दूर किया जाना चाहिए, क्योंकि जब महिलाएं प्रशासन चलाने और प्रशासनिक निर्णयों में हिस्सा लेती हैं, तो उनका अनुभव और विजन बहुत काम आता है। इससे चर्चा तो समृद्ध होती ही है, क्वालिटी ऑफ गवर्नेंस में सुधार भी होता है। महिलाओं की भागीदारी बढ़ाना केवल प्रतिनिधित्व का विषय नहीं है, ये हमारे लोकतंत्र को अधिक संवेदनशील, अधिक संतुलित और अधिक उत्तरदायी बनाने का प्रयास है। पिछले कई दशकों में लोकतांत्रिक संस्थाओं में महिलाओं को उनका उचित स्थान दिलाने के लिए बार-बार प्रयास हुए हैं। समितियां गठित की गईं, विधेयकों के मसौदे प्रस्तुत किए गए, लेकिन वे कभी पारित नहीं हो सके। फिर भी, इस बात पर व्यापक सहमति रही है कि विधायी निकायों में महिलाओं का प्रतिनिधित्व बढ़ना चाहिए। सितंबर 2023 में संसद ने सर्वसम्मति से नारी शक्ति वंदन अधिनियम पारित किया था। यह मेरे जीवन के सबसे विशेष अवसरों में से एक रहा है।




अब जरूरत है कि 2029 के लोकसभा चुनाव और आने वाले समय में राज्यों के विधान सभा चुनाव महिला आरक्षण के प्रावधानों के साथ कराए जाएं। महिलाओं के लिए आरक्षण सुनिश्चित करने का यह अवसर हमारे संविधान की मूल भावना के साथ गहराई से जुड़ा है। हमारे संविधान निर्माताओं ने एक ऐसे समाज की कल्पना की थी, जहां समानता न केवल संविधान में निहित हो, बल्कि उसे व्यवहार में भी लाया जाए। विधायी संस्थाओं में महिलाओं की भागीदारी को सुनिश्चित करना, उस परिकल्पना को साकार करने की दिशा में एक अहम कदम है। यह एक ऐसे समाज के निर्माण के प्रति हमारी प्रतिबद्धता का प्रतीक है, जिसमें राष्ट्र का भविष्य तय करने में प्रत्येक नागरिक की समान भूमिका हो।

अब इस निर्णय को और टाला नहीं जा सकता। दशकों से इसकी आवश्यकता को स्वीकार किया गया है। इस पर चर्चा हुई है, इसे बार बार दोहराया गया है। अगर अब भी हम इसे आगे टालते हैं, तो उसका अर्थ यही होगा कि हम उस असंतुलन को और लंबा खींच रहे हैं, जिसे हम पहचानते भी हैं और सुधारने की क्षमता भी रखते हैं। आज भारत पूरे आत्मविश्वास और दृढ़ संकल्प के साथ आगे बढ़ रहा है। इसलिए ये जरूरी है कि हमारी संस्थाएं सभी नागरिकों, विशेष रूप से हमारी आधी आबादी का प्रतिनिधित्व करने वाली महिलाओं की आकांक्षाओं का सम्मान करें। इससे न सिर्फ दशकों पुराना संकल्प पूरा होगा, बल्कि विकास की गति को बनाए रखने में भी बहुत मदद मिलेगी। यह हमारे लोकतंत्र को अधिक उत्तरदायी बनाने और भविष्य के अनुरूप तैयार करने की दिशा में एक अहम कदम होगा। यह समय सामूहिक संकल्प का है। यह किसी एक सरकार, एक दल या एक व्यक्ति का विषय नहीं है। यह पूरे राष्ट्र का विषय है। हमें मिलकर इस कदम के महत्त्व को समझना है और मिलकर ही इसे साकार करना है। यही हमारी नारी शक्ति के प्रति हमारा दायित्व भी है, इसलिए महिला आरक्षण बिल को पारित कराने के लिए सहमति बहुत जरूरी है। इसे बड़े राष्ट्रीय हित को ध्यान में रखकर देखा जाना चाहिए। ये हमें याद दिलाते हैं कि लोकतंत्र की असली ताकत समय के साथ खुद को और अधिक न्यायपूर्ण और अधिक समावेशी बनाने की क्षमता में होती है। हम जिम्मेदारी और दृढ़ संकल्प के साथ इस दायित्व को पूरा करें। आइए, हम अपने लोकतंत्र की सर्वोच्च परंपराओं के अनुरूप इसमें अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें।

**नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### नारी सशक्तिकरण की नई दास्तां, प्रदेश ही नहीं देश में भी लिखी जा रही

# नारी शक्ति वंदन अधिनियम से सशक्त होगी देश की आधी आबादी और बढ़ेगी भागीदारी

- ***प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हर एक वर्ग का विशेष ख्याल रखा है।***
- ***आधी आबादी ने भागीदारी सुनिश्चित करने में केंद्र की सरकार का बड़ा योगदान***

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश महिला सशक्तीकरण अब केवल नीतियों तक सीमित नहीं रहा, बल्कि यह जमीनी हकीकत बन चुका है। केंद्र सरकार के प्रयास और प्रदेश स्तर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की पहल ने महिलाओं को हर क्षेत्र में आगे बढ़ने का अवसर दिया है। यही कारण है कि आज महिलाएं मैनेजमेंट, नेतृत्व और निर्णय लेने की भूमिका में तेजी से अपनी पहचान बना रही हैं। केंद्र सरकार ने नारी शक्ति को आगे लाने के लिए योजनाओं की एक मजबूत श्रृंखला तैयार की है। इन प्रयासों का असर यह हुआ कि महिलाएं आज हर सेक्टर में अपनी क्षमता का प्रदर्शन कर रही है। चाहे प्रशासनिक सेवा हो, शिक्षा, स्वास्थ्य, विज्ञान या राजनीति, हर जगह महिलाओं ने अपने काम से पहचान बनाई है। मध्यप्रदेश इसका सशक्त उदाहरण बनकर सामने आया है। प्रदेश में महिलाओं की भागीदारी सिर्फ संख्या में नहीं बढ़ी, बल्कि नेतृत्व की गुणवत्ता में भी नजर आती है। वर्तमान में राज्य के 17 जिलों में महिला कलेक्टर पदस्थ हैं, जो प्रशासनिक स्तर पर बड़ी जिम्मेदारी संभाल रही हैं। नगरीय निकायों की बात करें तो 16 में से 9 नगर निगमों में महिला महापौर हैं।

स्थानीय स्वशासन में महिलाओं की भूमिका और भी प्रभावी दिखती है। प्रदेश के 7321 पार्षदों में 4154 महिलाएं हैं, जो शहरी विकास की दिशा तय कर रही है। जिला पंचायतों में 875 सदस्यों में से 519 महिलाएं है, जबकि 6771 जनपद पंचायत सदस्यों में 4068 महिलाएं शामिल हैं। ग्राम पंचायत स्तर परं तो यह बदलाव और भी व्यापक है, जहां 22923 ग्राम पंचायतों में से 12319 में महिला सरपंच नेतृत्व कर रही हैं।



### नेतृत्व में बढ़ी भागीदारी, समाज का चेहरा भी बदला

#### मुद्दों की बेहतर समझ

महिलाओं का मैनेजमेंट सिर्फ फाइलों और योजनाओं तक सीमित नहीं होता। वे हर काम को लोगों के जीवन से जोड़कर देखती हैं। पानी की समस्या हो या राशन वितरण, महिलाएं पहले जरूरत की गहराई समझती है। संसाधनों का उपयोग अधिक संतुलित और व्यर्थ खर्च पर नियंत्रण करती हैं।

**नतीजाः योजनाएं कागज से निकलकर सीधे लोगों तक पहुंचती हैं।**

#### हर फैसले पर अच्छे से करतीं हैं विचार

महिलाओं के नेतृत्व में काम करने की कुछ विशेषताएं साफ दिखती है, जैसे वे निर्णय लेने में जल्दबाजी कभी नहीं करतीं। हर पहलू पर अच्छे से विचार करती हैं। भ्रष्टाचार के मामलों में सख्ती और पारदर्शिता पर उनका जोर रहता है। जनता के साथ सीधा संवाद करती हैं।

**नतीजाः लोगों का भरोसा बढ़ता है, शासन मजबूत होता है।**

#### विवाद नहीं, समाधान पर करतीं हैं बात

महिला नेतृत्व का सबसे बड़ा प्रभाव फैसलों की गुणवत्ता में दिखता है। सरपंच, नगर पालिका अध्यक्ष, महापौर, विधायक और सांसद बनने पर महिलाएं स्थानीय समस्याओं को प्राथमिकता देती हैं। शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता जैसे मुद्दे तेजी से आगे आते हैं। विवाद नहीं, समाधान पर बात होती है।

**नतीजाः समाज में तनाव कम, सहयोग की भावना मजबूत ।**

#### हर वर्ग पर समान फोकस

जब महिलाएं नेतृत्व करती हैं तो विकास का असर पूर्ण रूप से हर स्तर पर नजर आता है। जैसे गावों में पेयजल, स्कूल और स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार होता है। महिलाओं और बच्चों से जुड़े मुद्दों को प्राथमिकता मिलती है। परिवार और समाज में जागरूकता का विस्तार होता है।

**नतीजाः विकास केवल दिखावा नहीं, जीवन स्तर में सुधार होता है।**

## यशोदा माता, पन्नाधाय, अहिल्याबाई और रानी दुर्गावती का उत्कृष्ट व्यक्तित्व अमर

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहना है कि इंदौर में सुशासन स्थापित करने वाली लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर ने प्रजा के हितों की रक्षा के लिए पूरा जीवन समर्पित कर दिया। जब पेशवा की सेना राज्य पर आक्रमण करने आई तो माता अहिल्याबाई ने सेना तैयार की, जिसका नेतृत्व उन्होंने स्वयं किया था। उन्होंने अपनी युक्ति और बुद्धि से पेशवाओं को सचेत किया कि बहनों से युद्ध करने पर इतिहास में इसका परिणाम किस प्रकार देखा जाएगा। बहनें कभी हारने वाली नहीं हैं, अगर हार भी गए तो पेशवाओं के माथे पर कलंक लगेगा कि उन्होंने पूरी ताकत से लड़ते हुए राज्य की रक्षा के लिए अपने प्राण न्यौछावर कर दिए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने का कहना है कि महाकौशल की रानी दुर्गावती ने अकबर के शासनकाल में 52 युद्ध लड़े और सभी में विजय प्राप्त की थी। आखिरी युद्ध में दुश्मन सेना ने तोप का प्रयोग किया। तब रानी ने अपने महावत को आज्ञा पूर्वक खंजर सौंपते हुए कहा कि मैं आखिरी सांस तक युद्ध करूंगी, अगर सेना पराजय की स्थिति में आए तो तुम मेरी जीवन लीला समाप्त कर देना। रानी दुर्गावती ने राज्य की रक्षा के लिए स्वयं को बलिदान कर दिया।




# जब भी महिलाओं को अवसर मिलता, तभी वे कमाल कर जातीं



### एक सीजन में 40 हजार कमा लेती हैं ड्रोन दीदी

आगर-मालवा जिले के ग्राम थड़ौदा की रीना चंदेल की जिंदगी को योजना से एक नई दिशा मिली है। रीना बताती हैं कि वे अब किसानों के खेतों में नैनो यूरिया और नैनो पेस्टिसाइड का ड्रोन से छिड़काव करती हैं। इसके बदले उन्हें प्रति हेक्टेयर की दर से भुगतान प्राप्त होता है। केवल एक कृषि सीजन में वे 40,000 रुपये से अधिक की आमदनी कर लेती हैं और सालभर में यह आय 1 लाख रुपये तक पहुंच जाती है। साथ ही, वे किसानों को नैनो टेक्नोलॉजी के उपयोग के प्रति जागरूक भी कर रही हैं। ड्रोन तकनीक से संतुलित और प्रभावी छिड़काव संभव होता है, जिससे किसानों को शत-प्रतिशत लाभ मिलता है। मजदूरों की तुलना में यह प्रक्रिया कम समय और कम लागत में पूरी हो जाती है। एक हेक्टेयर खेत में मात्र 5 से 10 मिनट में स्प्रे संभव है। रीना चंदेल नेता वर्ष 2024 में इंदौर एवं भोपाल में ड्रोन संचालन का प्रशिक्षण प्राप्त किया। यह प्रशिक्षण उन्हें मध्यप्रदेश ग्रामौण आजीविका मिशन के तहत निशुल्क दिया गया। रीना की मेहनत को देखते हुए कृषि विभाग ने उन्हें कृषि सखी की जिम्मेदारी भी सौंपी है। प्रशिक्षण के बाद वह समूह की महिलाओं और किसानों को तकनीकों की जानकारी दे रही हैं। इस कार्य के लिए उन्हें विभाग की ओर से 5 हजार का मानदेय दिया जा रहा है।

### गृहिणी से उद्यमी बनीं कविता दुबे बनी हैं प्रेरणास्रोत

एक गृहिणी से सफल व्यवसायी बनने तक का सफर तय करने वाली कविता दुबे आत्मनिर्भरता की मजबूत मिसाल बन चुकी है। कभी घर की जिम्मेदारियों तक सीमित रहने वाली कविता ने अब अपनी पहचान खुद बनाई है और यह बदलाव उनकी मेहनत के साथ सरकारी योजना के सहयोग से संभव हुआ है। परिवार की आर्थिक स्थिति सुधारने और बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए कुछ अलग करने की चाह ने उन्हें आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। इसी दौरान उन्हें मुख्यमंत्री उद्यम क्राति योजना की जानकारी मिली। योजना के तहत मिली आर्थिक सहायता ने उनके आत्मविश्वास को नई ताकत दी और उन्होंने अपना व्यवसाय शुरू करने का निर्णय लिया। वर्ष 2023 में कविता ने 'नारायणी लेडीज कलेक्शन के नाम से दुकान खोली। शुरुआत छोटे स्तर पर हुई, लेकिन सोच बड़ी थी। आज उनकी दुकान महिलाओं की जरूरतों का भरोसेमंद केंद्र बन चुकी है, जहां लहंगे, सूद, साड़ियां, कुर्तियां, ब्लाउज और आर्टिफिशियल ज्वेलरी उपलब्ध है। आज कविता हर महीने 15 से 20 हजार रुपये तक की आय अर्जित कर रही है। यह कमाई उनके परिवार के लिए सहारा बनी है। कविता अब अपने काम को और आगे बढ़ाकर दूसरों को भी रोजगार देने का सपना देख रही हैं।

## समाज की शिल्पकार है नारी



मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का कहना है कि नारी समाज की आदर्श शिल्पकार है... भारतीय दर्शन का यह उल्लेख नारी शक्ति और निर्माण का आहान है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने आवास, उज्ज्वला, आयुष्मान, मातृ वंदना, महिला स्व रोजगार, सुकन्या समृद्धि आदि योजनाओं की श्रृंखला से महिलाओं के समग्र विकास को सुनिधित किया है।

## इन योजनाओं से महिलाओं की तरक्की को लगे पंख

### प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना

- 9 लाख 70 हजार पंजीयन, 512करोड़ का भुगतान
- मध्यप्रदेश द्वारा शत प्रतिशत पात्र हितग्राहियों को आर्थिक सहायता

### मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना



- 1500 रुपए प्रतिमाह
- 2023 से मार्च 2026 तक 54 हजार करोड़ 1.25 करोड़ बहनों को आर्थिक सहायता

### प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना



- 89 लाख मुफ्त जैस कनेक्शन
- 29 लाख बहनों को गैस सिलेंडर रिफलिंग के लिए 11 हजार 80 करोड़ रुपए का अंतरण।

### महिला स्व सहायता समूह



- 5 लाख स्व सहायता समूह के 62 लाख सदस्य
- 10 हजार 560 करोड़ की

### नमो ड्रोन दीदी योजना



- 89 नमो ड्रोन दीदी कृषि कार्य में दे रही सहयोग।

### प्रधानमंत्री मुद्रा योजना

- 2.81 करोड़ के खातों में 1.55 लाख करोड़ अंतरित 70 प्रतिशत खाता धारक महिलाएं

D-19022/26

भोपाल
शुक्रवार, 17 अप्रैल 2026
वैशाख मास कृष्ण पक्ष -अमावस्या
वर्ष : 13, अंक : 15
पृष्ठ : 16 मूल्य : 4.00 **


**मौसम**
अधि. 39
न्यूून. 26


# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित


समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com


### दिल्ली एयरपोर्ट पर बड़ा हादसा टला

## स्पाइसजेट और अकासा एयर के विमानों के पंख आपस में टकरा गए

सभी यात्री और चालक दल पूरी तरह सुरक्षित



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर बुधवार को एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया, जब टैक्सीइंग के दौरान स्पाइसजेट का एक विमान अकासा एयर के विमान से टकरा गया। इस घटना में दोनों विमानों को नुकसान पहुंचा, हालांकि राहत की बात यह रही कि सभी यात्री और क्रू पूरी तरह सुरक्षित हैं। स्पाइसजेट का बी737-700 विमान रनवे की ओर बढ़ रहा था, तभी उसका दाहिना विंगलेट दूसरे विमान से टकरा गया। इस टक्कर से दूसरे विमान के लेफ्ट हैंड हॉरिजॉन्टल स्टेबलाइजर को भी नुकसान हुआ। तकनीकी जांच जारी है ▶▶ शेष पेज 4 पर

### डीजीसीए ने जांच शुरू की

नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने दिल्ली एयरपोर्ट पर हुई विमान टक्कर की घटना की विस्तृत जांच शुरू कर दी है ताकि यह पता लगाया जा सके कि टक्कर कैसे हुई और क्या प्रक्रियागत चूक हुई?

---

### सुंदरलाल पटवा राष्ट्रीय नगर प्रबंधन संस्थान में 'शहरी सुधार कार्यशाला' के शुभारंभ पर बोले मंत्री विजयवर्गीय

# आने वाला वक्त शहरीकरण का.. इसलिए शहरी केंद्रों को विकास केंद्र बनाएं, वहां रोजगार के मौके पैदा करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय का कहना है कि आने वाला वक्त शहरीकरण का है। इसलिए शहरी केंद्रों को विकास केंद्र बनाएं, वहां रोजगार के अवसर पैदा करें। सभी नगरीय निकायों को आत्मनिर्भर बनाएं।

विजयवर्गीय गुरुवार को सुंदरलाल पटवा राष्ट्रीय नगर प्रबंधन संस्थान में शहरी सुधार कार्यशाला का शुभारंभ कर रहे थे। उन्होंने दीप प्रज्वलित कर कार्यशाला का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी की ▶▶ शेष पेज 4 पर

» *सभी नगरीय निकायों को आत्मनिर्भर बनाएं*

» *प्रदेश के सभी 16 नगर निगमों के आयुक्त, मुख्य नगरपालिका अधिकारी और वरिष्ठ अधिकारी इस कार्यशाला में शामिल*



विजयवर्गीय आर्थिक सुदृढ़ीकरण पर चर्चा करते हुए

### नवाचार और राजस्व वृद्धि पर विशेष जोर

विजयवर्गीय ने नगरों के आर्थिक सुदृढ़ीकरण पर चर्चा करते हुए भूमि मुद्रीकरण और भूमि के कुशल प्रबंधन पर ध्यान केंद्रित करने को कहा। उन्होंने कहा कि अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि नगरीय भूमि का उपयोग जनकल्याणकारी और विकास कार्यों के लिए प्रभावी ढंग से हो।

### मुख्य उद्देश्य सुव्यवस्थित कार्य योजना तैयार करना: दुबे

अपर मुख्य सचिव संजय दुबे ने कार्यशाला के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इस संस्थान में प्रथम बार इस प्रकार का प्रशिक्षण आयोजित किया जा रहा है। इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य आगामी वर्ष के लिए एक सुव्यवस्थित कार्ययोजना तैयार करना और नियोजित विकास के साथ नागरिक जागरूकता विकसित करना है। नगरीय प्रशासन एवं विकास आयुक्त संकेत भोंडवे ने कहा कि कार्यशाला का मुख्य केंद्र नागरिक संतुष्टि और मूलभूत सिद्धांतों पर कार्य करना है। इस कार्यशाला के माध्यम से आगामी दो दिनों तक नगरीय निकायों की कार्यप्रणाली में सुधार, समीक्षा और संवाद का क्रम निरंतर जारी रहेगा, ताकि प्रदेश के शहरों को आधुनिक और जन-सुविधाओं से युक्त बनाया जा सके।

---

### अमेरिका-ईरान के बीच बन सकती है बात, व्हाइट हाउस आशान्वित

# अब युद्ध के आसार कम, पाक में फिर होगी वार्ता, इससे समझौते की उम्मीद

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

राष्ट्रपति ट्रंप का मानना है कि इस संवाद को पाकिस्तान के माध्यम से ही आगे बढ़ाना अहम है और इसलिए यह प्रक्रिया जारी है

अमेरिका और ईरान में बात बनने के नजदीक है। बैक डोर से दोनों देशों के बीच बात चल रही है। अगली वार्ता फिर पाक में हो सकती है। इस बातचीत को लेकर व्हाइट हाउस काफी आशान्वित है। हालांकि, 7 अप्रैल को घोषित यह संघर्ष विराम अगले मंगलवार को समाप्त होने वाला है।

यानी, उससे पहले ही शांति समझौता होने की उम्मीद है। क्यो कि, दोनों तरफ से सीजफायर दो हफ्ते बढ़ाने को कोई अनुरोध नहीं किया गया है। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने कहा कि हमने संघर्ष विराम बढ़ाने के लिए औपचारिक अनुरोध किया है। हम वार्ताओं में पूरी तरह से जुड़े हुए हैं। आपने इस हफ्ते उपराष्ट्रपति (जेडी वेंस) और राष्ट्रपति (डोनाल्ड ट्रंप) से सुना है कि यह बातचीत परिणाम दे रही है और जारी है और अभी हम उसी स्थिति में हैं। हमें समझौता होने की उम्मीद नजर आ रही है। जब उनसे पूछा गया कि ▶▶ शेष पेज 4 पर

**7 अप्रैल को घोषित संघर्ष विराम अगले मंगलवार को समाप्त हो जाएगा**



» *पाकिस्तान इस बातचीत में एकमात्र मध्यस्थ*

» *जबकि दुनिया के कई देश मदद की पेशकश कर रहे हैं*

### ट्रंप ने किया ऐलान : इजराइल और लेबनान के बीच थमी जंग, 10 दिनों का सीजफायर

अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप ने ट्रुथ सोशल पर पोस्ट कर कहा है कि इजराइल और लेबनान के बीच 10 दिनों का सीजफायर हो गया है। मेरी लेबनान के राष्ट्रपति जोसेफ आउन और इजराइल के पीएम बेंजामिन नेतन्याहू के साथ बहुत अच्छी बातचीत हुई है। इन दोनों नेताओं ने इस बात पर सहमति जताई है कि शांति स्थापित करने के लिए वो औपचारिक रूप से 10 दिनों का सीजफायर शुरू करेंगे। नेतन्याहू ने भी शांति प्रयासों को आगे बढ़ाने के मकसद से 10 दिन के संघर्षविराम पर सहमति जताई है। इससे पहले लेबनान के राष्ट्रपति आउन ने ट्रंप द्वारा किए जा रहे प्रयासों के लिए आभार जताया।

**अमेरिका ने कहा**

### ईरान के पास समझौता करने का मौका

अमेरिका ने ईरान को चेतावनी दी है कि अगर उसने पीस डील नहीं मानी, तो फिर से जंग शुरू हो सकती है। अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने कहा कि ईरान के पास समझौता करने का मौका है, लेकिन अगर उसने इसे ठुकराया तो अमेरिका दोबारा सैन्य कार्रवाई शुरू करेगा। अमेरिकी फोर्सेस पूरी तरह तैयार हैं और किसी भी समय कॉम्बैट ऑपरेशन शुरू कर सकती हैं। हेगसेथ ने यह भी कहा कि अमेरिकी सेना राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के आदेश का इंतजार कर रही है और निर्देश मिलते ही कार्रवाई शुरू की जा सकती है। हेगसेथ ने कहा है कि अमेरिका ईरान पर नौसैनिक ▶▶ शेष पेज 4 पर ▶▶ पढ़ें पेज 08 भी

---

### भाजपा विधायक प्रीतम लोधी का बेटा चला रहा था गाड़ी

# तेज रफ्तार थार ने पांच लोगों को मारी टक्कर लोगों के हाथ-पैर और सिर में आई गंभीर चोटें

» **आरोपी बोला- सायरन हॉर्न बजाने पर क्यों नहीं हटे, लोगों को धमकाते हुए वीडियो बनाने से रोका**

» **गाड़ी के आगे 'प्रीतम लोधी' और पीछे 'एमएलए' लिखा था विधायक लोधी बोले- आरोपी पर एक्शन लें**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शिवपुरी

जिले में गुरुवार को तेज रफ्तार थार कार ने 5 लोगों को टक्कर मार दी। कार पिछोर से भाजपा विधायक प्रीतम लोधी के बेटे दिनेश लोधी चला रहे थे। हादसे में बाइक सवार 3 लोग और पैदल चल रही दो महिलाएं घायल हो गईं। मामला करैरा थाना क्षेत्र का है। जानकारी के मुताबिक, संजय परिहार, आशीष परिहार, अंशुल परिहार, सीता वर्मा और पूजा सोनी घायल हैं। हाथ-पैर और सिर में गंभीर चोटें आई हैं, जबकि सीता वर्मा और पूजा सोनी को कमर, कंधे और सिर में चोटें लगी हैं।



गाड़ी के साथ दिनेश लोधी

दतिया के संजय परिहार ने विधायक के बेटे के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई। उन्होंने बताया कि वह अपने साथियों आशीष परिहार और अंशुल परिहार के साथ बाइक से थनरा गांव मजदूरी के लिए जा रहे थे। उनके आगे सीता वर्मा और पूजा सोनी पैदल चल रही थीं। इसी दौरान पीछे से आई थार कार ने पहले बाइक को टक्कर मारी, जिससे तीनों युवक सड़क पर गिर गए। पैदल चल रही दो महिलाओं को भी चपेट में ले लिया।

मौके पर मौजूद लोगों ने घायलों को संभाला और अस्पताल पहुंचाया। घायल आशीष परिहार और अंशुल परिहार ने बताया कि गाड़ी दिनेश लोधी चला रहे थे। उन्होंने यह भी कहा कि गाड़ी के आगे प्रीतम लोधी और पीछे एमएलए लिखा था। पुलिस ने बताया कि सुबह करीब 7:30 बजे की घटना है। आरोपी दिनेश लोधी के खिलाफ अपराध क्रमांक 255/26 के तहत भारतीय न्याय संहिता की धारा 281 और 125(ए) के तहत केस दर्ज किया गया ▶▶ शेष पेज 4 पर

### विधायक ने लिखा पीड़ितों को न्याय दिलवाए पुलिस

हादसे के बाद विधायक प्रीतम लोधी ने फेसबुक पर बेटे के खिलाफ कार्रवाई की बात कही।



उन्होंने लिखा- विधायक के लिए पुत्र परिवार बड़ा नहीं होता। जनता सर्वोपरि है। पुलिस प्रशासन करेरा के पीड़ितों को न्याय दिलवाए।

---

### एयर न्यूजीलैंड ने लॉन्च किया

## अब फ्लाइट में मिलेंगे बेड! मिट सकेगी थकान

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



■ 40 से 45 हजार रुपए अलग से देने होंगे

लंबी हवाई यात्रा की थकान दूर करने के लिए एयर न्यूजीलैंड ने दुनिया का पहला इकोनॉमी स्काईनेस्ट बेड लॉन्च किया है। अब साधारण टिकट वाले यात्री भी फ्लाइट के अंदर बने खास स्लीपिंग पॉड्स में आराम से लेटकर सो सकेंगे। इन स्लीपिंग पॉड्स को बंक बेड की तरह डिजाइन किया गया है जिनकी लंबाई करीब ▶▶ शेष पेज 4 पर

### हाईकोर्ट से रेप पीड़िता को राहत

## 10 हफ्ते के गर्भ को खत्म करने का दिया आदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ग्वालियर




■ आज से जेएएच में होगी प्रक्रिया

ग्वालियर हाईकोर्ट की एकल पीठ ने दुष्कर्म पीड़िता के पक्ष में महत्वपूर्ण निर्णय सुनाते हुए उसके गर्भपात की अनुमति दे दी है। कोर्ट के आदेश के अनुसार शुक्रवार सुबह 10 बजे जीआर मेडिकल कॉलेज में यह प्रक्रिया कराई जाएगी। पीड़िता की ओर से दायर याचिका में बताया गया कि 11 जनवरी को आरोपियों द्वारा ▶▶ शेष पेज 4 पर

### ग्वालियर में बड़ा हादसा टला

## एलिवेटेड कॉरिडोर रोड का 35 फीट लंबा गर्डर गिरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ग्वालियर



■ खेड़ापति कॉलोनी के पास हादसा एक मजदूर घायल

शहर के स्वर्ण रेखा नदी पर बन रहे निर्माणाधीन एलिवेटेड कॉरिडोर रोड के गर्डर का एक हिस्सा गुरुवार दोपहर लगभग 4 बजे अचानक गिर गया। इस हादसे में एक मजदूर घायल हो गया, जिसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। यह घटना खेड़ापति कॉलोनी में खेड़ापति मंदिर के पास हुई। सीमेंट का यह ▶▶ शेष पेज 4 पर

---

### देश का भाग्य बदलने की क्षमता रखने वाला ऐतिहासिक निर्णय

# यह गर्व केवल अधिकार मिलने का नहीं.. बल्कि उस विश्वास का है, जो देश ने अपनी महिलाओं पर जताया

**महिला सशक्तिकरण और राष्ट्र निर्माण में महिलाओं की भागीदारी को मजबूत करेगा**

▶▶ अनीता नागर सिंह चौहान, सांसद, रतलाम







नारी शक्ति वंदन अधिनियम (महिला आरक्षण विधेयक) देश का भाग्य बदलने की क्षमता रखने वाला ऐतिहासिक निर्णय है, जो संसद और विधानसभाओं में महिलाओं की 33 फीसदी भागीदारी सुनिश्चित करता है। सालों से संसद की दहलीज पर खड़ी भारत की बेटियों का इंतजार अब खत्म हुआ। यह निर्णय दशकों से लंबित महिला आरक्षण के मुद्दे को साकार करता है। बहनों को अपने क्षेत्र की समस्याओं को रखने का मौका मिलेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा दिए गए 'सबका साथ, सबका विकास' के नारे को साकार करते हुए नारी शक्ति वंदन अधिनियम लाया गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में ▶▶ शेष पेज 4 पर

### यह गहरा और स्थायी परिवर्तन

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में इस अधिनियम का पारित होना इस बात का स्पष्ट संकेत है कि आज का भारत केवल आर्थिक या तकनीकी विकास की बात नहीं करता, बल्कि सामाजिक न्याय और समान अवसरों को भी उतनी ही प्राथमिकता देता है। प्रधानमंत्री ▶▶ शेष पेज 4 पर


गृह मंत्रालय भारत सरकार

# हमारी जनगणना हमारा विकास

(जनगणना 2027 का पहला चरण)
स्व-गणना (Self Enumeration) से जुड़े सामान्य प्रश्न और उत्तर (भाग-1)

**स्व-गणना क्या है?**
स्व-गणना एक ऑनलाइन प्रक्रिया है जिसमें आप प्रगणक की प्रतीक्षा किए बिना, स्वयं SE पोर्टल (se.census.gov.in) पर अपने परिवार की जानकारी भर सकते हैं



- **क्या स्व-गणना अनिवार्य है?**
  नहीं, यह अतिरिक्त सुविधा है, यदि आप स्व-गणना नहीं करते तो प्रगणक आपके घर आकर जानकारी दर्ज करेगा
- **क्या मैं किसी भी भाषा में स्व-गणना कर सकता / सकती हूँ?**
  यह सुविधा हिंदी, अंग्रेजी और 14 भारतीय भाषाओं में उपलब्ध है
- **क्या स्व-गणना के लिए इंटरनेट जरूरी है?**
  हाँ, पोर्टल तक पहुँचने और जानकारी भरने के लिए इंटरनेट आवश्यक है
- **क्या मेरी जानकारी सुरक्षित है?**
  हाँ, सभी डेटा सुरक्षित, एन्क्रिप्टेड और सरकारी सर्वरों में संरक्षित है
- **SE ID क्या है और इसका उपयोग क्या है?**
  सबमिशन के बाद आपको एक विशिष्ट 11 अंकों की SE ID मिलेगी (SMS / email से), जिसे प्रगणक के आने पर उन्हें दिखाना आवश्यक होगा
- **यदि SE ID भूल जाएँ तो क्या करें?**
  पोर्टल पर पंजीकृत मोबाइल नंबर के माध्यम से SE ID पुनः प्राप्त की जा सकती है
- **क्या स्व-गणना के बाद भी प्रगणक आएगा?**
  हाँ, प्रगणक आपके घर आएगा और SE ID के आधार पर जानकारी की पुष्टि करेगा
- **क्या मुझे कोई दस्तावेज़ अपलोड करने की आवश्यकता है?**
  नहीं, किसी भी दस्तावेज़ को अपलोड करने की आवश्यकता नहीं है
- **क्या पोर्टल पर सहायता उपलब्ध है?**
  हाँ, पोर्टल पर, यूज़र गाइड, फ्लोचार्ट, ट्यूटोरियल वीडियो, FAQs और टूलटिप्स के रूप में सहायता उपलब्ध है

टोल फ्री - 1855

CBC 19108/13/0023/2627

चलो निभाएं अपनी ज़िम्मेदारी, करें जनगणना में भागीदारी
CensusIndia2027

## दार्शनिक चिंतन, सांस्कृतिक चेतना और आध्यात्मिक ऊर्जा का पांच दिवसीय आयोजन

# सीएम डॉ. यादव ओंकारेश्वर में सांस्कृतिक महाकुंभ एकात्म पर्व की आज करेंगे शुरुआत, एकात्मता के संदेश को करेंगे रेखांकित

- देश-विदेश के शीर्ष संत, मनीषी और विद्वान देंगे एकात्मता का वैश्विक संदेश
- महोत्सव के दौरान 21 अप्रैल को दीक्षा समारोह में देश-विदेश के 700 से अधिक युवा शंकरदूत के रूप में संकल्प लेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



भारतीय संस्कृति के पुनरुद्धारक और अद्वैत वेदांत के प्रखर प्रणेता आदि गुरु शंकराचार्य की दीक्षा स्थली ओंकारेश्वर में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शुक्रवार से पांच दिवसीय एकात्म पर्व का शुभारंभ करेंगे। मांधाता पर्वत की कंदराओं में रचे-बसे एकात्म धाम में आयोजित यह महोत्सव दार्शनिक चिंतन, सांस्कृतिक चेतना और आध्यात्मिक ऊर्जा का अनूठा संगम होगा। वैशाख शुक्ल पंचमी के पावन अवसर पर आयोजित इस अनुष्ठान में देश-विदेश के शीर्ष संत, मनीषी और विद्वान शामिल होकर एकात्मता के वैश्विक संदेश को रेखांकित करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव अद्वैत लोक एवं अक्षर ब्रह्म प्रदर्शनी का लोकार्पण करेंगे।

साथ ही वैदिक अनुष्ठान में भी शामिल होंगे। इस अवसर पर द्वारका पीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी सदानंद सरस्वती के सान्निध्य तथा विवेकानंद केंद्र की उपाध्यक्ष पद्मश्री निवेदिता भिड़े, स्वामी शारदानंद सरस्वती की उपस्थिति रहेगी।

### अद्वैत एवं जेन-जेड पर युवा दृष्टिकोण

एकात्म पर्व के महत्वपूर्ण वैचारिक सत्र अद्वैतामृतम विमर्श सभा के अंतर्गत अद्वैत दर्शन की समकालीन प्रासंगिकता पर गहन संवाद होगा। विशेष रूप से प्रथम दिन अद्वैत एवं जेन-जेड जैसे आधुनिक विषय पर युवा दृष्टिकोण प्रस्तुत किया जाएगा। आगामी दिनों में अद्वैत दर्शन का कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई), पर्यावरण संरक्षण, वैश्विक शांति और सिख संप्रदाय के एक ओंकार के साथ अंतर्संबंधों पर चर्चा होगी। यह बौद्धिक मंथन आधुनिक समाज और नई पीढ़ी को अद्वैत की शाश्वत अवधारणा से जोडऩे का एक अभिनव प्रयास है।

### सांस्कृतिक संध्या में प्रस्तुति

सांस्कृतिक संध्या रसो वै सः के अंतर्गत प्रतिदिन देश के प्रतिष्ठित कलाकार अपनी कला की प्रस्तुति देंगे। महोत्सव के प्रथम दिवस जयतीर्थ मेवुंडी का शास्त्रीय गायन और शुभदा वराडकर की ओड़िसी प्रस्तुति एकम् आकर्षण का केंद्र रहेगी। इसी क्रम में आगामी दिनों में भरतनाट्यम, कर्नाटक संगीत और निर्गुण वाणी के माध्यम से अद्वैत के भावों को अभिव्यक्त किया जाएगा। महोत्सव के दौरान 21 अप्रैल को दीक्षा समारोह का आयोजन होगा। इसमें देश-विदेश के 700 से अधिक युवा शंकरदूत के रूप में संकल्प लेंगे।

### स्थापित है 108 फीट ऊंची एकात्मता मूर्ति

मध्य प्रदेश शासन ओंकारेश्वर में एकात्म धाम के माध्यम से आचार्य शंकर के दर्शन को वैश्विक फलक पर स्थापित कर रहा है। यहां स्थापित 108 फीट ऊंची एकात्मता की मूर्ति और निमार्णाधीन अद्वैत लोक संग्रहालय न केवल पर्यटन, बल्कि आध्यात्मिक जिज्ञासा के वैश्विक केंद्र के रूप में उभर रहे हैं। आज से शुरू हो रहा यह पर्व समूचे राष्ट्र को सांस्कृतिक और वैचारिक सूत्र में पिरोने की दिशा में एक महती कदम सिद्ध होगा।

---

## आउटसोर्स श्रमिकों के साथ मजाक, दो प्रतिशत बढ़ाया वेतनः भार्गव

**भोपाल।** मध्यप्रदेश के आउटसोर्स श्रमिकों का न्यूनतम वेतन मात्र दो प्रतिशत बढ़ाकर उनके साथ भद्दा मजाक किया गया है। अप्रैल 2026 से जहां हरियाणा,उत्तरप्रदेश और केंद्र सरकार ने आउटसोर्स कर्मियों व श्रमिकों के न्यूनतम वेतन में 30 से 35 प्रतिशत बढ़ोत्तरी की है, वहीं मध्यप्रदेश के आउटसोर्स श्रमिक का मिनिमम बेजेस माह अप्रैल से मात्र दो से ढाई प्रतिशत 275 रुपए प्रतिमाह बढ़ाया गया है। इससे मप्र अन्य राज्यों की तुलना में अंतिम पायदान पर है। इस बारे में ऑल डिपार्टमेंट आउटसोर्स संयुक्त संघर्ष मोर्चे के प्रांतीय संयोजक मनोज भार्गव और महामंत्री दिनेश सिसोदिया ने मुख्यमंत्री व श्रम मंत्री से हस्तक्षेप कर मप्र के श्रमिकों का मिनिमम बेजेस केंद्र के श्रमिकों के समान दोबारा रिवाईज किए जाने की मांग की है। भार्गव का कहना है कि जहां उत्तरप्रदेश के अकुशल आउटसोर्स कर्मी 13 हजार 690 रुपए हरियाणा में 15 हजार 220 रुपए और केंद्र सरकार में 18 हजार 018रुपए न्यूनतम वेतन पा रहे है, जबकि उसकी तुलना में मप्र के अकुशल श्रमिक मात्र 12 हजार 425 रुपए प्रतिमाह वेतन पा रहे हैं। इसी प्रकार उत्तरप्रदेश में अर्द्धकुशल श्रमिक 15 हजार 59 रुपए, हरियाणा में 16 हजार 780 रुपए और केंद्र सरकार के श्रमिक 21 हजार 502 रुपए न्यूनतम वेतन पा रहे हैं, तो उसकी तुलना में मप्र के अर्द्धकुशल श्रमिक मात्र 13 हजार 421 रुपए न्यूनतम वेतन पा रहे हैं। इसी तरह उत्तरप्रदेश के कुशल श्रमिक 16 हजार 868 रुपए, हरियाणा में 18 हजार 500 रुपए और केंद्र के श्रमिक 25 हजार 64 न्यूनतम वेतन पा रहे हैं, तो उसकी तुलना में मप्र के कुशल श्रमिक मात्र 15 हजार 144 रुपए न्यूनतम वेतन इस अप्रैल माह से पाएंगे। भार्गव ने चेतावनी दी कि यदि मप्र के श्रमिकों का न्यूनतम वेतन केंद्र के समान नहीं किया गया तो मप्र के लाखों श्रमिक आन्दोलन करने पर विवश होंगे।

---

### सिवनी मालवा को मिली 1000 करोड़ से अधिक लागत के विकास कार्यों की सौगात, मुख्यमंत्री ने किया भूमिपूजन

# नर्मदापुरम-टिमरनी हाईवे खोलेगा तरक्की के नए रास्ते, पूरे क्षेत्र को मिलेगा लाभः डॉ.यादव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नर्मदापुरम-टिमरनी स्टेट हाईवे तरक्की का नया मार्ग खोलेगा। सिवनी मालवा को लगभग 1000 करोड़ से अधिक लागत के विकास कार्यों की सौगात मिल रही है। इसमें 972 करोड़ से अधिक लागत के 72 किलोमीटर लंबे नर्मदापुरम-टिमरनी स्टेट हाईवे-67 का उन्नयन एवं पुनर्निर्माण कार्य का भूमि-पूजन शामिल है। यह केवल सड़क नहीं है, इससे सीधे इंदौर-उज्जैन तक पहुंचना आसान हो जाएगा। इस स्टेट हाईवे के माध्यम से सिवनी-मालवा नए दौर में प्रवेश करेगा और कनेक्टिविटी का लाभ पूरे क्षेत्र को मिलेगा।

सिवनी-मालवा में इस सड़क के साथ विकास का सूर्योदय हुआ है। यह बात मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने नर्मदापुरम-टिमरनी स्टेट हाईवे-67 का उन्नयन एवं पुनर्निर्माण कार्य के भूमि-पूजन अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को नर्मदापुरम जिले के सिवनी-मालवा में संबोधित करते हुए कही। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन ने कहा कि स्टेट हाईवे के साथ सिवनी-मालवा को 106 करोड़ 30 लाख लागत के 96 विकास कार्यों की सौगात मिली है। जिसमें 48 करोड़ 61 लाख की लागत के 45 विकास कार्यों का लोकार्पण और 57 करोड़ 69 लाख की लागत के 51 विकास कार्यों का भूमि-पूजन संपन्न हुआ है। कार्यक्रम में लोक निर्माण मंत्री और नर्मदापुरम के प्रभारी राकेश सिंह भी उपस्थित रहे।

**972 करोड़ रूपए से अधिक की लागत से होगा 72 किमी लंबे नर्मदापुरम-टिमरनी स्टेट हाईवे का उन्नयन और पुनर्निर्माण**



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सिवनी मालवा में विकास कार्यों का भूमि-पूजन और लोकार्पण किया।

#### मुख्यमंत्री डॉ. यादव की प्रमुख घोषणाएं

- नर्मदा नदी आंवली घाट के हथनापुर गांव में सिंचाई परियोजना के विकसित करने की घोषणा की। इस परियोजना का लाभ क्षेत्र के 40 गांवों के 10 हजार से अधिक किसानों को मिलेगा।
- नगर पालिका सिवनी-मालवा में सड़क, सीवेज, बिजली-पानी की मूलभूत सुविधाओं के विकास के लिए विशेष निधि
- सिवनी-मालवा-शिवपुर बावरी मुख्य मार्ग की मंजूरी, पीपलपुरा पुल निर्माण और बनापुरा के शासकीय स्कूलों में अतिरिक्त कक्ष निर्माण की घोषणा
- शिवपुर और डोलपुर में सांदीपनि विद्यालय के लिए सर्वे कराने और एक विद्यालय की मंजूरी

### आज का दिन भारत के लोकतंत्र के इतिहास का बड़ा दिन

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि आज का दिन भारत के लोकतंत्र के इतिहास का बड़ा दिन है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में 21वीं शताब्दी के सबसे बड़े निर्णय नारी शक्ति वंदन अधिनियम पर लोकसभा में चर्चा की शुरुआत हुई है। नारी शक्ति वंदन अधिनियम बहनों के राजनीतिक और सामाजिक सशक्तिकरण की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। नारी केवल सृष्टि की जननी ही नहीं, बल्कि राष्ट्र की उन्नति की वास्तविक सूत्रधार है।

### लोक निर्माण विभाग गुणवत्तापूर्ण सड़कों का निर्माण कर रहाः राकेश सिंह

कार्यक्रम में लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेश के प्रत्येक जिले में विकास की अनेक सौगातें दी हैं। सिवनी-मालवा कृषि से समृद्ध क्षेत्र है। पिछले दो साल में ही 984 करोड़ की लागत की सड़कों की सौगात सिवनी-मालवा को मिली है। राज्य सरकार ने नर्मदापुरम जिले में ऐतिहासिक रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव की है, जिसमें अभूतपूर्व निवेश प्राप्त हुआ। लोक निर्माण विभाग गुणवत्तापूर्ण सड़कों का निर्माण कर रहा है।

### रोड-शो में उमड़ा जनसैलाब, लड्डुओं से मुख्यमंत्री का तुलादान




मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शहर के प्रसिद्ध दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर पहुंचकर भगवान श्री राम एवं भगवान बजरंगबली का विधि विधान से पूजन कर हनुमान मंदिर से ही रोड-शो का शुभारंभ किया। नगरवासियों ने पुष्प वर्षा कर मुख्यमंत्री का अभिनंदन किया। सामाजिक एवं व्यापारिक संगठनों ने नगर आगमन पर फल, मिठाई, काजू किशमिश, लड्डू से मुख्यमंत्री का तुलादान किया।

---

### विभिन्न संभागों एवं महिला कांग्रेस की समीक्षा



## संगठन की मजबूती ही कांग्रेस पार्टी की सबसे बड़ी ताकत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी एवं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी की उपस्थिति में इंदिरा भवन, भोपाल में विभिन्न संभागों के जिला अध्यक्षों एवं महिला कांग्रेस पदाधिकारियों की महत्वपूर्ण समीक्षा बैठकें आयोजित की गईं।

प्रथम चरण में इंदौर एवं खंडवा संभाग के जिला अध्यक्षों की बैठक आयोजित की गई, जिसमें संगठनात्मक गतिविधियों, जमीनी कार्यों एवं आगामी कार्यक्रमों की विस्तृत समीक्षा की गई। इस अवसर पर सह प्रभारी उषा नायडू, प्रशिक्षण विभाग प्रभारी महेंद्र जोशी, संगठन महासचिव संजय कामले सहित संबंधित संभागों के सभी जिला अध्यक्ष उपस्थित रहे। इसके पश्चात रीवा एवं सागर संभाग के जिला अध्यक्षों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई, जिसमें संगठन को और अधिक सक्रिय एवं मजबूत बनाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इसके पश्चात मध्य प्रदेश महिला कांग्रेस की बैठक रही।

### जातिगत जनगणना और परिसीमन के पेच में उलझाया

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा कि महिलाओं को 33% आरक्षण देने की पहल सोनिया गांधी द्वारा वर्षों पूर्व संसद में उठाई गई थी, लेकिन वर्तमान केंद्र सरकार ने इसे जातिगत जनगणना और परिसीमन के पेच में उलझाकर इसके क्रियान्वयन को टाल दिया है। पटवारी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी महिलाओं के अधिकारों और उनकी भागीदारी को सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है तथा संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत बनाने के लिए सभी पदाधिकारियों को सक्रिय भूमिका निभानी होगी। महिला कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष रीना बोरासी ने कहा कि महिला कांग्रेस संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक मजबूत करने के लिए व्यापक रणनीति तैयार की जा रही है, जिससे महिलाओं की भागीदारी और नेतृत्व को सशक्त बनाया जा सके।

### प्रत्येक स्तर पर सक्रियता आवश्यक

इस अवसर पर महिला कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष रीना बोरासी, एआईसीसी सचिव उषा नायडू पूर्व मंत्री सुखदेव पांसे, संगठन महासचिव संजय कामले, महिला कांग्रेस प्रदेश प्रभारी ममता चंद्राकर सहित अन्य वरिष्ठ नेतागण उपस्थित रहे। इस अवसर पर प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी ने कहा कि संगठन की मजबूती ही कांग्रेस की सबसे बड़ी ताकत है और इसके लिए प्रत्येक स्तर पर सक्रियता आवश्यक है। उन्होंने जिला अध्यक्षों से जमीनी स्तर पर जनसंपर्क बढ़ाने और संगठन को मजबूती देने का आह्वान किया।

---




## कंपाउंडर ऑपरेशन करेंगे और डॉक्टर संभालेंगे रजिस्टर

राजधानी की स्वास्थ्य व्यवस्था इन दिनों वेंटिलेटर पर है और उसका रिमोट सीधे स्वास्थ्य कार्यालय में रखा है। यहां नियम कायदे सिर्फ फाइलों में सजे शोपीस बनकर रह गए हैं। हालात यह हैं कि फार्मासिस्ट नर्सिंग शाखा संभाल रहे हैं, नेत्र सहायक पीसीपीएनडीटी जैसे संवेदनशील विभाग के प्रभारी बने बैठे हैं। ऐसा प्रतीत होता है मानो यह कोई सरकारी दफ्तर नहीं, बल्कि प्रयोगशाला बना दी है। जहां हर कर्मचारी को उसकी योग्यता से उल्टा काम सौंपा जा रहा है। टाइपिंग नहीं आती, लेकिन लाइसेंस और अहम फाइलें निपटाई जा रही हैं। प्रशासनिक अनुभव शून्य, जिम्मेवारी असीमित कहने वाले कह रहे हैं कि ये नए प्रयोग सेवाओं के साथ खुला खिलवाड़ हैं। अगर यही सिलसिला जारी रहा तो आने वाले दिनों में कंपाउंडर आपरेशन करेंगे और डॉक्टर रजिस्टर संभालेंगे।

### बैठकों तक सीमित ना रहें सख्ती के दावे

जिले में बेटा-बेटी की जांच पर रोक लगाने वाले कानून को लेकर बैठक हुई और एक बार फिर सख्ती के बड़े-बड़े दावे किए गए। कहा गया कि अब हर नियम का कड़ाई से पालन होगा और सोनोग्राफी केंद्रों पर लगातार नजर रखी जाएगी। सुनकर ऐसा लगा जैसे अब कोई गड़बड़ी बचने वाली ही नहीं है। बैठक में करीब 40 अस्पतालों और सोनोग्राफी केंद्रों के नए पंजीयन, नवीनीकरण और आवेदन में सुधार पर चर्चा हुई। कागजों पर सब कुछ बहुत साफ-सुथरा और व्यवस्थित दिखा। हर फाइल आगे बढ़ी, हर प्रक्रिया पूरी हुई और सब कुछ नियमों के अनुसार हो गया। अब असली सवाल यही है कि क्या यही सख्ती जमीन पर भी दिखाई देगी, क्योंकि इस कानून का मकसद सिर्फ फाइलें निपटाना नहीं, बल्कि गलत कामों को रोकना है। फिलहाल निर्देश जारी हो चुके हैं और निगरानी लगातार रहने की बात कही गई है। अब देखना यह है कि यह सख्ती सिर्फ बैठकों तक रहती है या सच में असर भी दिखाती है।

### अभी जैसा चल रहा है, वैसा चलने दो

जीएमसी परिसर में डाक्टरों के 15 से अधिक आवास पिछले तीन साल से बिजली निःशुल्क में चल रहे थे। फार्मेसी और सुलभ शौचालय भी इस सूची में शामिल हैं, कुल बकाया करीब एक करोड़ रुपए, सब मीटर तो लगे थे, लेकिन रीडिंग लेने या बिल वसूलने की कोई तैयारी नहीं हुई। पहले भुगतान हमीदिया प्रबंधन के जरिए होता रहा, रिकॉर्ड रखने वाला कर्मचारी रिटायर हो गया और अब कोई हिसाब नहीं। कार्यकारिणी बैठक में जब सवाल उठे तो अधिकारियों ने या तो जानकारी से इनकार किया या अस्पष्ट जवाब दिए। विवाद बढ़ते ही डीन ने हस्तक्षेप कर कहा, अभी जैसा चल रहा है, वैसा चलने दो। यानी जीएमसी में निःशुल्क बिजली को सुविधा अब नियम बन गई है। वहीं नर्सिंग आफिसर्स की सेवा, आउटसोर्स स्टाफ, कंप्यूटर ऑपरेटर और बजट मुद्दे केवल चर्चा तक सीमित है।

**सचिन सिंह बैस**

---

## जनपद में 57, पंचायतों में 50 फीसदी महिलाओं की भागीदारी

**प्रदेश में दो लाख 9 हजार 41 महिला जनप्रतिनिधि**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



प्रतीकात्मक चित्र।

देश में 33 फीसदी महिलाओं को आरक्षण का बिल लाने की कवायद चल रही है। हालांकि मध्यप्रदेश में पंचायत स्तर पर महिलाओं को पहले से ही पचास फीसदी से अधिक भागीदारी दी गई है। आंकड़ों नजर डालें तो सबसे ज्यादा महिला जनप्रतिनिधियों का प्रतिशत जनपद पंचायतों में हैं। यहां की 313 जनपद अध्यक्षों में 179 जनपद अध्यक्ष महिलाएं हैं, जिनका प्रतिशत 57.18 है। इधर, पंचायतों में सरपंच प्रतिनिधियों की बात करें तो 23 हजार 11 पंचायतों में से 11 हजार 683 महिला सरपंच चुनी गई हैं, जिनका प्रतिशत 50.77 है। प्रदेश में पंचायतों में सरपंच, पंच, जनपद अध्यक्ष, जनपद सदस्य, जिला पंचायत अध्यक्ष और जिला पंचायत सदस्यों की कुल संख्या 3 लाख 95 हजार 552 है, जिसमें महिला जनप्रतिनिधियों की तादाद 2 लाख 9 हजार 41 पर पहुंच गई है। इस हिसाब से प्रदेश की पंचायतों में महिलाओं का प्रतिशत पचास से भी ऊपर पहुंच रहा है। प्रदेश में महिला सरपंचों के आंकड़ों पर गौर करेंगे तो 23 हजार 11 पंचायतों में 11 हजार 683 सरपंच हैं। इस तरह पुरुष सरपंचों के मुकाबले में 356 महिला सरपंचों की संख्या अधिक है।

## खंडेलवाल ने किया 'विवेक दिशा' का विमोचन

**भोपाल।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने सोशल मीडिया के प्रदेश संयोजक सुयश त्यागी की नवीन पुस्तक "विवेक दिशा" का विमोचन किया। यह पुस्तक स्वामी विवेकानंद के प्रेरणादायी जीवन पर आधारित है, जो विशेष रूप से युवाओं के लिए मार्गदर्शक एवं प्रेरणा स्रोत के रूप में महत्वपूर्ण है, जिसे अर्चना प्रकाशन द्वारा प्रकाशित किया गया है। पुस्तक "विवेक दिशा" में स्वामी विवेकानंद के विचारों, आदर्शों एवं जीवन दर्शन को सरल एवं प्रभावी शैली में प्रस्तुत किया।

---

### राजनीतिक उदासीनता का अंत और महिला नेतृत्व में विकास का सवेरा

## 'नारी शक्ति वंदन' विकसित भारत के संकल्प की सिद्धि


# अब 'महिलाओं के विकास' से 'महिला नेतृत्व वाले विकास' की ओर बढ़ चुका है भारत, यह एक युगांतरकारी क्षण...

▶▶ राजो मालवीय, प्रदेश मंत्री, भाजपा

भविष्यवक्ताओं की उद्घोषणा कि 21वीं सदी भारत की सदी भारत में महिलाओं की सदी।



यह भविष्यवाणी सोचने को मजबूर करती थी, कि आखिर क्या होगा कि 21वीं सदी में। हमारे देश में मातृशक्ति दैवीय स्वरूप में पूजनीय है। उसकी मान्यता दुर्गा लक्ष्मी सरस्वती के रूप में है। पाठशाला से लेकर गगन और पाकशाला से लेकर युद्ध भूमि तक उसकी कर्म भूमि रहे हैं। आजादी के रणांगन में कंधे से कंधा मिलाकर मां भारती को बेड़ियों से मुक्त कराने वाली मातृशक्ति संविधान सभा की सदस्य भी रही। ग्राम पंचायत और नगरीय निकाय में 50 प्रतिशत आरक्षण के उपरान्त महिला आरक्षण की नितान्त आवश्कता दशकों से रही है। महिला आरक्षण पर पहली बार 12 सितंबर 1996 में पहली बार देवगोड़ा सरकार विधेयक लेकर आई और लोकसभा भंग होने के कारण यह विधेयक लेप्स हो गया। 1998, 1999 में वाजपेयी सरकार का विधेयक दोनों बार कानून बनने से पहले लेप्स हो गया। 2009-10 में मनमोहन सिंह सरकार फिर विधेयक लाई जो राज्यसभा में पारित हुआ, लेकिन लोक सभा में लंबित होने के कारण लेप्स हो गया। 2014 में नरेन्द्र मोदी भारत के प्रधानमंत्री बने। अपने प्रथम उद्घोष में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का उन्होंने देशवासियों से आह्वान किया। 2014 से 2019 तक महिला आरक्षण बिल भाजपा के संकल्प पत्र का हिस्सा बना रहा।




### सशक्त नारी ही सशक्त भारत की आधारशिला

29 सितंबर 2023 को जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में महिला आरक्षण बिल नारी शक्ति वंदन अधिनियम के रूप में नया विधेयक लोकसभा में पेश किया गया। इसके बाद 20 और 21 सितंबर को लोकसभा और राज्यसभा में इसे पारित कर दिया। नारी शक्ति वंदन अधिनियम (106वां संवैधानिक संशोधन अधिनियम, 2023) का पारित होना हमारे लोकतंत्र के इतिहास में एक युगांतरकारी क्षण है। यह केवल एक कानून नहीं है, बल्कि इस बात की प्रमाण है कि अब भारत 'महिलाओं के विकास' से आगे बढ़कर 'महिला नेतृत्व वाले विकास' की ओर बढ़ चुका है। यह कोई संयोग नहीं है कि हमारे नए संसद भवन में चर्चा के लिए लाया गया यह पहला विधेयक था। यह इस बात का प्रमाण है कि सशक्त नारी ही सशक्त भारत की आधारशिला है।

### नारी सशक्तिकरण सिर्फ नारा नहीं, मिशन है

नारी शक्ति के प्रति पीएम मोदी की अटूट प्रतिबद्धता यह दर्शाती है कि पीएम मोदी के लिए नारी सशक्तिकरण केवल एक नारा नहीं, बल्कि एक मिशन है। यह अधिनियम पिछले एक दशक के उन सुधारों का शिखर है जिसमें, पीएम आवास के 72 प्रतिशत घर महिलाओं के नाम पर पंजीकृत किए गए। मुद्रा योजना के 69 प्रतिशत ऋण महिला उद्यमियों को दिए गए, जिससे जमीनी स्तर पर आर्थिक क्रांति आई। 10 करोड़ उज्ज्वला कनेक्शन और जल जीवन मिशन (14.45 करोड़ घरों तक पानी) ने महिलाओं को दैनिक संघर्षों से मुक्ति देकर उन्हें नेतृत्व करने का समय और सम्मान दिया है।

9 अयोध्या बायपास टेन लेन निर्माण कार्य ने ...



10 लिंक्डइन स्किल्स से निखर रही युवाओं की ...





**स्वच्छता सर्वेक्षण-2026 की तैयारियों के दूसरे दिन ही अफसरों की लापरवाही**

# सफाई व्यवस्था की जमीनी हकीकतः 40 से ज्यादा नोडल अधिकारी फील्ड में नहीं पहुंचे, 106 अफसरों को रोजाना सौंपी गई है जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

स्वच्छता सर्वेक्षण-2026 की तैयारियों को लेकर दूसरे दिन ही मैदानी अधिकारियों की लापरवाही सामने आई। गुरुवार को 40 से ज्यादा नोडल अधिकारी अपने-अपने क्षेत्र में भ्रमण करने नहीं पहुंचे। सफाई व्यवस्था की जमीनी हकीकत जानने के लिए निगम की ओर से 106 नोडल और सहायक नोडल अधिकारियों को रोजाना सुबह 6 बजे से 9 बजे तक फील्ड में निरीक्षण करने की जिम्मेदारी दी गई है। अधिकांश अधिकारियों ने संबंधित क्षेत्र के एएचओ से मोबाइल पर ही फीडबैक ले लिया। जबकि 21 जोन के एएचओ आम दिनों की तरह सुबह से ही मौके पर मौजूद रहे। दारोगा सफाईकर्मियों के कामकाज पर नजर बनाए रहे।

*ज्यादातर नोडल और सहायक नोडल अफसरों ने मोबाइल पर ही संबंधित जोन के प्रभारी एएचओ से फीडबैक लिया*

*अधिकांश अधिकारियों ने संबंधित क्षेत्र के एएचओ से मोबाइल पर ही फीडबैक लिया*

## अफसरों का काम संबंधित जोन के एएचओ के साथ व्यवस्था का निरीक्षण करना




राजधानी को स्वच्छता में नंबर-1 बनाने और क्लीन-ग्रीन शहर का दर्जा दिलवाने के लिए निगम आयुक्त ने सफाई व्यवस्था पर नजर रखने, रोजाना फीडबैक कंप्यूटर में दर्ज करने, फोटो व अन्य कमियां मिलने पर उसे भी दर्ज करने की जिम्मेदारी अधिकारियों दी गई है। इन अधिकारियों का काम संबंधित जोन के एएचओ के साथ व्यवस्था का निरीक्षण करना है, लेकिन पहले दिन बुधवार को अधिकांश अधिकारी-कर्मचारी पूरी तरह से अलर्ट मोड पर रहे और निरीक्षण किया, लेकिन दूसरे दिन गुरुवार को 40 से ज्यादा अधिकारी गायब रहे।

### सुबह 6 से 9 बजे तक करना है भ्रमण

सभी अधिकारियों को सुबह 6 से 9 बजे तक आवंटित क्षेत्रों में भ्रमण करना है। आवंटित क्षेत्र में मैदानी अमले से समन्वय, संसाधनो का अधिकतम तथा प्रभावपूर्ण उपयोग करते हुए उच्च कोटि की सफाई व्यवस्था तय करना है। आवंटित जोन-वार्ड में संपूर्ण सफाई व्यवस्था का निरीक्षण एवं पर्यवेक्षण कार्य। रोज किए भ्रमण को बीएमसी मॉनिटर में भेजना है। इसका अवलोकन सप्ताह के अंत में संबंधित विधानसभा के प्रभारी अपर आयुक्त करेंगे। जोन में स्थित सामुदायिक, सार्वजनिक शौचालयों का रखरखाव व साफ सफाई की व्यवस्था कराना। आवासीय क्षेत्रों से कचरा संग्रहण, पृथक्कीकरण एवं परिवहन के सुलभ संचालन संबंधी कार्य। सीएंडडी वेस्ट के प्रबंधन एवं प्लास्टिक अपशिष्ट के प्रसंस्करण संबंधी कार्य। जलाशयों, नालों, घाट, नालियों आदि की साफ-सफाई के निरीक्षण व पर्यवेक्षण कार्य। थोक अपशिष्ट उत्पादकों से कचरा संग्रहण व परिवहन की मॉनिटरिंग सभी गतिविधियों के निरीक्षण, पर्यवेक्षण कार्य। स्वच्छता से संबंधित समय-समय पर प्रदाय की जाने वाली चेकलिस्ट-गूगल शीट एवं फार्म अनुसार कार्य संपादित करना है।

**नगर निगम में परिषद की बैठक: न कोई नोकझोंक, न कोई हंगामा**

# सदन में नारी के पक्ष में गूंजी पंक्तियां, नारी शक्ति वंदन अधिनियम सर्वसम्मति से पास

महापौर, नेता प्रतिपक्ष सहित 26 महिला पार्षदों ने अधिनियम के समर्थन में रखा अपना पक्ष

परिषद में चर्चा के दौरान भाजपा-कांग्रेस की महिला पार्षदों ने एक-दूसरे को किया समर्थन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नगर निगम के आईएसबीटी स्थित परिषद के कांफ्रेंस हाल में गुरुवार को हुई परिषद की बैठक में पक्ष और विपक्ष के पार्षदों के बीच चर्चा के दौरान न तो हंगामा हुआ न नौंकझोंक देखने को मिली। चर्चा के दौरान बीच-बीच में एक-दूसरे को टोकने जैसे नजारे भी नहीं दिखे। बल्कि हंसी-खुशी और उत्सव के माहौल के बीच चर्चा हुई और एक-दूसरे का समर्थन किया, सुझाव दिए। मौका था नारी शक्ति अधिनियम पर चर्चा का और उसे पारित करने का, जो सर्वसम्मति से हो गया। इस दौरान महिलाओं व पुरुष पार्षदों ने नारी के पक्ष में कविताएं, शेर-शायरी भी खूब पढी। अधिनियम सर्वसम्मति से पारित होने के बाद परिषद अध्यक्ष ने सदन की कार्रवाई अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी।

सुबह करीब सवा ग्यारह बजे महापौर मालती राय, परिषद अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी, नेता प्रतिपक्ष शबिस्ता जकी सहित भाजपा-कांग्रेस पार्षद दल ने डॉ भीमराव आंबेडकर के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। उसके बाद परिषद अध्यक्ष ने सदन की कार्रवाई शुरू की। भाजपा की पार्षद सुषमा बावीसा ने उक्त अधिनियम पर चर्चा के दौरान कहा कि महिलाओं को अधिकार दिलाने के लिए यह ऐतिहासिक निर्णय है। महिलाओं को सशक्त नेतत्व मिल रहा है। उनके बाद गौरी पाठक, प्रियंका मिश्रा, पूजा शर्मा, विनीता सोनी, स्नेहलता रघुवंशी, ममता विश्वकर्मा, बबीता ढोंगरे, आरती अनेजा, ज्योति मिश्रा, शिरोमणि शर्मा, अर्चना परमार, उर्मिला मौर्य, छाय ठाकुर, कुसुम चतुर्वेदी, रीता विश्वकर्मा, शिखा गोयल, शीला पाटीदार, सरोज ने अधिनियम के समर्थन में अपना-पक्ष रखा।

### महिलाओं का सम्मान-सशक्तिकरण केवल एक मुददा नहीं, बल्कि सबकी जिम्मेदारी-महापौर


बैठक में चर्चा करते परिषद के सदस्य।

नारी शक्ति वंदन पर अपना पक्ष रखते हुए महापौर मालती राय ने कहा कि महिलाओं का सम्मान और सशक्तिकरण केवल एक मुददा नहीं बल्कि सबकी जिम्मेदारी है। हर महिला अपने आप को सुरक्षित महसूस करे, उसे शिक्षा और रोजगार के मौके मिलें यह सशक्तिकरण है। उन्होंने सदन में सभी पार्षदों का अच्छे वातावरण में चर्चा करने पर आभार माना।

### खूब लड़ी मर्दानी वो तो झांसी वाली रानी थी की गूंज

कांग्रेस पार्षद दल के मो सरवर ने महिलाओं के सम्मान में पक्ष रखते हुए खूब लड़ी मर्दानी थी, वो तो झांसी वाली रानी थी पंक्तिया पडी तो सदर में तालियां बजीं। उन्होंने कहा कि पिछली चार परिषद के वे सदस्य रहे हैं, लेकिन पहली बार महिलाओं के सम्मान की बात हो रही है। उन्होंने अधिनियम का समर्थन करते हुए कहा कि महिलाओं को सम्मान मिलना चाहिए। कांग्रेस की ओर से शीरीन खान, योगेंद्र सिंह चौहान ने भी समर्थन में अपना पक्ष रखा।

### महापौर मालती राय आज लोकसभा में रहेंगी मौजूद

महापौर मालती राय शुक्रवार को नारी शक्ति वंदन अधिनियम की चर्चा के दौरान लोकसभा में मौजूद रहेंगी। यह जानकारी उन्होंने खुद नगर निगम परिषद की बैठक में देते हुए कहा कि यह मेरे लिए गर्व की बात है कि भोपाल से महापौर को इस अधिनियम पर होने वाली चर्चा में प्रधानमंत्री कार्यालय द्वारा मुझे बुलाया गया। वे शुक्रवार को लोकसभा में मौजूद रहकर चर्चा में भाग लेगी।


परिषद की बैठक में बोलतीं महापौर।

### प्रदेश में पहला नगर निगम बना भोपाल

नगर निगम अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी ने बताया कि देश के लोकतांत्रिक इतिहास में महिलाओं की भागीदारी को नई ऊंचाई देने के संकल्प के साथ भोपाल नगर निगम सभागार में 'नारी शक्ति वंदन सम्मेलन' सत्र आयोजित किया गया। मप्र में भोपाल नगर निगम पहली ऐसी संस्था बन गई जो इस अधिनियम में चर्चा के लिए सबसे पहले तैयार हुई। गुरूवार को सत्तापक्ष और विपक्ष की चर्चा के बाद प्रस्ताव पास होने के बाद इसे प्रधानमंत्री कार्यालय दिल्ली भेज दिया गया है।


बैठक में अपनी बात कहतीं महिला पार्षद।

### नेता प्रतिपक्ष ने समर्थन के साथ सुझाव भी दिए

नेता प्रतिपक्ष शबिस्ता जकी ने अधिनियम का समर्थन करते हुए कुछ सुझाव भी शामिल करने की बात कही। उन्होंने कहा महिलाओं की सुरक्षा, रोजगार, कौशल विकास व अन्य मामलों पर इस अधिनियम में प्रावधान किए जाने चाहिए। परिषद की बैठक में शबिस्ता जकी ने बेहद शालीनता से अपना पक्ष रखा। जिसकी प्रशंसा महापौर, महापौर परिषद और भाजपा पार्षदों ने भी की।

**पीतांबर वेयर हाउस में किसानों के साथ ठगी, बनाया पंचनामा**

# गेहूं खरीदी में ठगी का मामला, 60 क्विंटल गेहूं तुलवाया और बिल थमाया 50.40 क्विंटल का

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

गेहूं खरीदी में किसानों के साथ ठगी की जा रही है। खरीदी केंद्रों पर आने वाले किसानों से 50 क्विंटल गेहूं में नमी के नाम पर 50 किलो गेहूं अधिक लिया जा रहा है। ऐसा ही एक मामला मुगालिया कोट के किसान रमेश प्रजापति के साथ हुआ है। जिसके बाद गुरुवार को खाद्य विभाग की टीम ने खरीदी केंद्र पहुंचकर किसान के बयान दर्ज किए हैं, जिसमें किसान ने 60 क्विंटल गेहूं में 60 किलो अधिक गेहूं लेने का आरोप लगाया है।

- खरीदी केंद्र पहुंचकर दर्ज कराए बयान

पिछले दिनों मुंगालिया हाट के किसान रमेश प्रजापति ने 60 क्विंटल गेहूं मां पीतांबरा वेयरहाउस कलाखेड़ी में तुलवाया था। किसान को जब गेहूं की पर्ची दी गई तो उसमें 60 किलो गेहूं की कटौती कर दी गई। शिकायत के बाद जिला आपूर्ति नियंत्रक चंद्रभान सिंह जादौन ने टीम भेजकर जांच कराई है। जांच टीम की कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी मुबीना कादरी ने मौके पर पहुंचकर किसान के बयान दर्ज किए हैं, जिसमें किसान ने 60 किलो अधिक गेहूं लेने की बात कही है।

### एक ट्रॉली पर 25 किलो की कटौती

बैरसिया के ग्राम भोजपुरा के किसान लक्ष्मी नारायण गुर्जर ने सिद्धी विनायक वेयरहाउस के खिलाफ सीएम हेल्पलाइन में शिकायत दर्ज कराई है, जिसमें कहा गया है कि प्रति ट्रॉली 25 किलो गेहूं अतिरिक्त लिया जा रहा है। मामले की जांच खाद्य विभाग के अफसर कर रहे हैं।




### प्रदेशभर में 69554 किसानों से 30 लाख 79 हजार 96 क्विंटल गेहूं उपार्जित

प्रदेशभर में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर अभी तक 69 हजार 554 किसानों से 30 लाख 79 हजार 96 क्विंटल गेहूं की खरीदी की जा चुकी है। किसानों को 178 करोड़ 57 लाख रुपए का भुगतान उनके बैंक खाते में किया जा चुका है। गेहूँ का उपार्जन सभी संभागों में शुरू हो चुका है। अभी तक 3 लाख 32 हजार 58 किसानों द्वारा 1 करोड़ 45 लाख 92 हजार 76 क्विंटल गेहूँ के विक्रय के लिये स्लॉट बुक किये जा चुके हैं। किसान गेहूं विक्रय के लिये 24 अप्रैल तक स्लॉट बुक कर सकते हैं। खरीदी के लिये 3171 उपार्जन केन्द्र बनाए गए हैं। ग उपार्जन केन्द्र की क्षमता अनुसार उपज की तौल की जा सके एवं अधिक से अधिक किसानों से उपार्जन किया जा सके, इसके लिये प्रतिदिन प्रति उपार्जन केन्द्र पर गेहूं विक्रय के लिये स्लॉट बुकिंग की क्षमता 1000 क्विंटल से बढ़ाकर 1500 क्विंटल की गई है। जिन जिलों में गेहूँ उपार्जन की प्रक्रिया शुरू हो गई है, वहाँ गेहूँ विक्रय की सभी सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। उपार्जन केन्द्रों में छायादार स्थान में बैठने और पेय जल की समुचित सुविधा उपलब्ध कराई गई है। केंद्र में बारदाने, तौल कांटे सिलाई मशीन, कंप्यूटर, इंटरनेट और उपज की साफ सफाई के लिए पंखा, छनना आदि की व्यवस्थाएं भी सुनिश्चित की गई हैं।




**कॉमर्शियल सिलेंडरों की सप्लाई ठप, केटर्स की परेशानी बढ़ी**

# शादियों के सीजन में बदला मैन्यू, चूल्हे पर खाना बना रहे हलवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शादी का सीजन शुरु होने के साथ केटर्स और शादी वाले परिवार की परेशानी बढ़ गई है। कमर्शियल सिलेंडर की आपूर्ति ठप्प है। ऐसे में बुधवार से शुरू हुई शादियों का खाना लकड़ी के चूल्हों पर बनाना पड़ा। इसके साथ कई केटर्स ने शादी के मैन्यू से आइटम्स भी कर दिए, जिससे खाना समय पर परोसा जा सके।

बुधवार से शादियों का सीजन शुरू हो गया है, लेकिन कमर्शियल सिलेंडर की आपूर्ति बहाल नहीं की गई है। रोजाना भोपाल में एक हजार से 1200 सिलेंडर सप्लाई किए जा रहे हैं, जबकि डिमांड तीन से चार हजार सिलेंडरों की रहती है। ऐसे में शादियों में कैटर्स लकड़ी के चूल्हे जलाकर खाना बनाने को मजबूर हैं।

*केटर्स-शादी वाले परिवार की परेशानी बढ़ गई है*

*कॉमर्शियल सिलेंडर की आपूर्ति नहीं की गई है*



### गार्डन में चूल्हा जलाने नहीं दे रहे संचालक

फेडरेशन ऑफ एमपी टेंट के वरिष्ठ उपाध्यक्ष रिंकू भटेजा का कहना है कि गार्डन संचालक परिसर में लकड़ी का चूल्हा जलाने नहीं दे रहे हैं। ऐसे में केटर्स को गोडाउन पर ही खाना बनाकर गार्डन में शिफ्ट करना पड़ रहा है, जो बेहद तकलीफ भरा है।

## एआईएमटीसी ने की सीएम से परिवहन चेकिंग प्वॉइंट्स पर 'अवैध वसूली' बंद करने की मांग

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

ऑल इंडिया मोटर ट्रांसपोर्ट (एआईएमटीसी )के पदाधिकारियों ने कहाकि मध्यप्रदेश में परिवहन विभाग द्वारा संचालित चेकिंग प्वाइंट्स पर वाहनों की जांच आधुनिक एवं पारदर्शी तकनीकी माध्यमों से होना अपेक्षित है, किंतु वर्तमान में धरातल पर स्थिति अत्यंत चिंताजनक है।

कई स्थानों पर चेकिंग के नाम पर वाहन चालकों को कानून का भय दिखाकर अवैध वसूली (इंट्री) की जा रही है तथा निजी व्यक्तियों के माध्यम से अनुचित दबाव एवं गुंडागर्दी जैसी घटनाएं सामने आ रही हैं, जिससे राज्य सरकार की छवि धूमिल हो रही है। आरटीओ एवं ट्रैफिक कमेटी चेयरमैन सीएल मुकाती ने कहा कि स्टिंग ऑपरेशन में परिवहन चेकिंग पॉइंट्स पर हो रही अवैध वसूली का खुलासा हुआ। जारी वीडियो में परिवहन विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी खुलेआम मध्यप्रदेश में वाहनों के आवागम के लिए धनराशि की मांग करते हुए दिखाई दे रहे हैं। यह न केवल विभागीय कार्यप्रणाली पर गंभीर प्रश्नचिह्न लगाता है. बल्कि प्रदेश में सुशासन की अवधारणा को भी आघात पहुंचाता है। इसके अतिरिक्त हाल ही में सिकंदरा चेकिंग प्वाइंट्स पर बस के साथ घटित घटना अत्यंत निंदनीय एवं अमानवीय है। यदि किसी वाहन के दस्तावेज पूर्ण नहीं होते हैं, तो नियमानुसार पहले यात्रियों की सुरक्षा एवं सुविधा सुनिश्चित कर, वाहन को विधिवत जब्त कर संबंधित थाने में खड़ा किया जाना चाहिए। किंतु इसके विपरीत, सड़क पर यात्रियों से भरी बस को रोककर चालक, परिचालक एवं यात्रियों के साथ दुर्व्यवहार एवं मारपीट करना पूर्णतः अस्वीकार्य है। उन्होंने कहाकि परिवहन नियमों में कहीं भी अवैध वसूली या बलपूर्वक कार्यवाही का प्रावधान नहीं है। यह स्थिति इसलिए उत्पन्न हो रही है क्योंकि चेकिंग प्वाइंट्स की कार्यप्रणाली पर प्रभावी निगरानी का अभाव है तथा अधिकारी-कर्मचारी वर्षों तक एक ही स्थान पर पदस्थ रहकर मनमानी कर रहे हैं। अतः प्रदेश में सुशासन एवं पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए मेरा सुझाव है कि उच्च स्तरीय निगरानी समिति का गठन कर चेकिंग प्वाइंट्स की नियमित मॉनिटरिंग की जाए। स्थानीय प्रशासन की जवाबदेही संबंधित जिले के कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक को औचक निरीक्षण की जिम्मेदारी सौंपी जाए। तकनीकी निगरानी चेकिंग प्रक्रिया को बॉडी कैमरा एवं सीसीटीवी के माध्यम से रिकॉर्ड किया जाए, जिससे पारदर्शिता बनी रहे। रोटेशन नीति का कड़ाई से पालन हो। प्रत्येक 15 दिवस में कंप्यूटर आधारित रैंडम रोटेशन प्रणाली के माध्यम से ड्यूटी लगाई जाए। ताकि किसी एक स्थान पर प्रभाव स्थापित न हो सके। एक ही स्थान पर स्थायी चेकिंग के बजाय भ्रमणशील (मोबाइल) चेकिंग को बढ़ावा दिया जाए। किसी भी कार्यवाही में यात्रियों एवं वाहन चालकों के साथ गरिमापूर्ण व्यवहार सुनिश्चित किया जाए।

## टाटा मोटर्स ने लखनऊ प्लांट में किया 10 लाखवें कमर्शियल गाड़ियों का प्रोडक्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ लखनऊ



टाटा मोटर्स लिमिटेड ने एक बड़ी उपलब्धि हासिल की। कंपनी के लखनऊ प्लांट से 10 लाखवें कमर्शियल वाहन को रोल-आउट किया गया।

यह महत्वपूर्ण पड़ाव उत्तर प्रदेश में टाटा मोटर्स की साढ़े तीन दशकों से अधिक की उपस्थिति और औद्योगिक उत्कृष्टता, आर्थिक विकास, कौशल विकास व रोजगार सृजन में इसके योगदान को दर्शाता है। यह उपलब्धि भविष्य की ट्रांसपोर्ट व्यवस्था को आकार देने में टाटा मोटर्स की अग्रणी भूमिका को रेखांकित करती है। यह कदम राज्य सरकार के 2070 के नेट-जीरो विजन और कंपनी के 2045 तक 'नेट-जीरो' लक्ष्य के साथ पूरी तरह मेल खाता है। इस इलेक्ट्रिक बस को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और टाटा संस लिमिटेड के चेयरमैन एन. चंद्रशेखरन ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर उप-मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, टाटा मोटर्स लिमिटेड के एमडी एवं सीईओ गिरीश वाघ के साथ कई मंत्री, जनप्रतिनिधि, वरिष्ठ अधिकारी और टाटा मोटर्स के वरिष्ठ नेतृत्व मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### अमेजन फैशन ने पेश की एआई आधारित ज्वेलरी

**बेंगलुरु।** अक्षय तृतीया भारत में ज्वेलरी खरीदारी के सबसे महत्वपूर्ण अवसरों में से एक बना हुआ है, जो सोने और चांदी की परंपरागत आकर्षण से जुड़ा है। टेक्नोलॉजी आधारित नवाचार, एआई-पावर्ड डिस्कवरी टूल्स और जॉयलुक्कास पीसी चंद्रा ज्वेलर्स, मिया बाय तनिष्क, गिवा और पीएनजी ज्वेलर्स जैसे भरोसेमंद ब्रांड्स के साथ, अमेज़न फैशन ग्राहकों के लिए ऐसी ज्वेलरी ढूंढना और खरीदना आसान बना रहा है जो परंपरा और आधुनिक फैशन ट्रेंड्स दोनों को दर्शाती है।

### पिरामल फाइनेंस ने मप्र में किया विस्तार

**मुंबई।** पिरामल फाइनेंस लिमिटेड ने अपनी प्रगति में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करते हुए, कुल एसेट्स अंडर मैनेजमेंट (एयूएम) में 1 लाख करोड़ रुपए का आंकड़ा पार करने की घोषणा की है। यह उपलब्धि भारत के क्षेत्रीय और अर्ध-शहरी क्षेत्रों में, खासकर मध्य प्रदेश में, कंपनी की मजबूत वृद्धि और अच्छे प्रदर्शन को दर्शाती है।मध्य प्रदेश पिरामल फाइनेंस के लिए एक महत्वपूर्ण बाजार बना हुआ है, इंदौर, भोपाल, ग्वालियर, जबलपुर और उज्जैन जैसे प्रमुख शहरों में कंपनी की 26 शाखाएं हैं. जहां कंपनी ने मजबूत लोन व्यवसाय खड़ा किया है।

### एजीआई इंफ्रा को मिला जीएमएडीए लाइसेंस

**नई दिल्ली।** एजीआई इंफ्रा लिमिटेड ने घोषणा की है कि उसे ग्रेटर मोहाली एरिया डेवलपमेंट अथॉरिटी (जीएमएडीए) से अपनी ग्रुप हाउसिंग कॉलोनी, 'यूटोपिया बाय एजीआई' के विकास के लिए लाइसेंस संख्या एलडीसी-101/2026 प्राप्त हुआ है, जो न्यू चंडीगढ़ में कंपनी के पहले प्रोजेक्ट का प्रतीक है। लाइसेंस कंपनी द्वारा 1 अप्रैल, 2026 को प्राप्त किया गया था। यह प्रोजेक्ट न्यू चंडीगढ़ के एक प्रीमियम आवासीय क्षेत्र में 10.26 एकड़ के भूखंड पर विकसित किया जाएगा।

### राज्य सरकार और संस्थाओं के बीच होगा करार

**पुणे।** देश के अश्व क्षेत्र के इकोसिस्टम को मजबूती देने के लिए महाराष्ट्र सरकार विभिन्न संस्थाओं और विश्वविद्यालयों के साथ सहयोग करने के लिए पूरी तरह तत्पर है। राज्य की पशुपालन एवं डेयरी विकास मंत्री पंकजा मुंडे ने संबंधित संस्थाओं के साथ सहमति पत्र पर हस्ताक्षर करने की घोषणा की है। वे एमआईटी वर्ल्ड पीस यूनिवर्सिटी के तत्वावधान में द इक्वाइन कलेक्टिव' द्वारा आयोजित द इक्वेस्ट्रियन फोरम 2026 के उद्घाटन अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में बोल रही थीं।

### न्युवोको विस्टास की आय 11,362 करोड़ रु. हुई

**मुंबई।** न्युवोको विस्टास कॉर्पोरेशन लिमिटेड ने 31 मार्च, 2026 को समाप्त हुए वित्तीय वर्ष के लिए अपने वित्तीय नतीजे घोषित किए। न्युवोको की कुल सीमेंट उत्पादन क्षमता बढ़कर लगभग 35 एमएमटीपीए हो जाएगी। कंपनी की सीमेंट बिक्री वित्तवर्ष 26 में 20.4 एमएमटी रही, जिसमें पिछले साल के मुकाबले 5 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। कंसोलिडेटेड आय वित्तवर्ष 26 में वर्ष दर वर्ष 10 प्रतिशत बढ़कर 11,362 करोड़ रुपए हो गई। इसके अलावा कंपनी ने वित्तवर्ष 26 में कंपनी ने 1,881 करोड़ रुपए का एबिटिडा दर्ज किया।

### आधार हाउसिंग ने बढ़ाया नई शाखा के साथ दायरा

**इंदौर।** आधार हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड ने अपनी नई शाखा का उद्घाटन किया है। इस नई शाखा से कंपनी शहर और आसपास के इलाकों में ग्राहकों को और बेहतर सेवाएं दे पाएगी। इस शाखा के जुड़ने से अब मध्यप्रदेश में कंपनी की कुल 57 शाखाएं हो गई हैं, जबकि देशभर में कंपनी का नेटवर्क 620 से अधिक शाखाओं तक फैल चुका है। राज्य सरकार ने अपने बजट 2026-27 में शहरी विकास, ग्रीन इंफ्रास्ट्रक्चर और हाउसिंग विस्तार के लिए 21,562 करोड़ रुपये आवंटित किए हैं।

## सीआईआई का वॉशिंगटन डीसी में उच्च स्तरीय गोलमेज सम्मेलन आयोजित

## भारत का दीर्घकालिक दृष्टिकोण मजबूत, आर्थिक सिद्धांतों और दूरदर्शी नवाचार एजेंडे पर हुई चर्चा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



भारतीय उद्योग परिसंघ ( सीआईआई ) और यूएस-इंडिया बिजनेस काउंसिल द्वारा वाशिंगटन डीसी में उच्च स्तरीय गोलमेज सम्मेलन आयोजित किया गया । आयोजित इस सम्मेलन में भारत सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों, आर्थिक मामलों की सचिव अनुराधा ठाकुर और मुख्य आर्थिक सलाहकार डॉ. वी. अनंत नागेश्वरन ने भाग लिया।

उन्होंने भारत के व्यापक आर्थिक स्थिरता, सुधारों और बुनियादी ढांचे के विकास पर चर्चा की गई। सम्मेलन में इस बात पर प्रकाश डाला कि भारत का दीर्घकालिक आर्थिक दृष्टिकोण मजबूत व्यापक आर्थिक आधारभूत सिद्धांतों, सतत सुधारों और दूरदर्शी नवाचार एजेंडा पर आधारित है। इस सम्मेलन में अनुराधा ठाकुर ने इस बात पर बल दिया कि नीतिगत निरंतरता, संस्थागत विश्वसनीयता और शासन के लिए परामर्शदात्मक दृष्टिकोण द्वारा समर्थित भारत एक स्थिर, विश्वसनीय और तेजी से विकसित होने वाला आर्थिक भागीदार बना हुआ है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि भारत की आर्थिक रणनीति सतत और समावेशी विकास को बढ़ावा देने पर केंद्रित है। उन्होंने कहा कि मजबूत व्यापक आर्थिक आधारभूत सिद्धांतों, नीतिगत निरंतरता और संस्थागत विश्वसनीयता के बल पर भारत एक स्थिर, विश्वसनीय और तेजी से विकसित होने वाले आर्थिक साझेदार के रूप में उभरा है। डॉ. वी. अनंत नागेश्वरन ने घरेलू मांग में वृद्धि, बुनियादी ढांचे के विस्तार और वैश्विक बाजारों के साथ निरंतर एकीकरण से समर्थित भारत की मजबूत विकास गति पर प्रकाश डाला। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि भारत का आर्थिक विकास का दृष्टिकोण प्रतिस्पर्धा, उत्पादकता वृद्धि और नवाचार पर अधिकाधिक केंद्रित है। उन्होंने वैश्विक साझेदारों, जिनमें यूनाइटेड किंगडम, यूरोपीय संघ और संयुक्त राज्य अमेरिका शामिल हैं।

## राष्ट्रीय पीएनजी अभियान 2.0 को 30 जून 2026 तक आगे बढ़ाया

## सरकार ने अब तक 4.40 लाख पीएनजी कनेक्शन चालू किए

वाणिज्य डेस्क ▶▶ भोपाल



नीतिगत ढांचे के तहत पाइप्ड नैचुरल गैस (पीएनजी) के विस्तार में तेजी लाने का काम शुरू है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के अनुसार मार्च 2026 के बाद से अब तक लगभग 4.40 लाख पीएनजी कनेक्शन चालू किए जा चुके हैं, जबकि 4.88 लाख अतिरिक्त उपभोक्ताओं ने नए पीएनजी कनेक्शन के लिए रजिस्टर किया है। इन आंकड़ों से साफ है कि नीतिगत विस्तार के चलते पीएनजी के अडॉप्शन में ज़बरदस्त तेजी आई है। सरकार की पीएनजी विस्तार रणनीति के तहत ये प्रयास किए जा रहे हैं। इसमें 'प्राकृतिक गैस और पेट्रोलियम उत्पाद वितरण आदेश, 2026' की अधिसूचना भी शामिल है, जो तय समय-सीमा के भीतर 'शहरी गैस वितरण' इन्फ्रास्ट्रक्चर के विकास और अधिकृत भौगोलिक क्षेत्रों में इसके कार्यान्वयन को संभव बनाती है। घरों तक पीएनजी की पहुँच को और अधिक तेज़ी से बढ़ाने के लिए, सरकार ने 'राष्ट्रीय पीएनजी अभियान 2.0' को 30 जून 2026 तक आगे बढ़ा दिया है। इस अभियान के द्वारा जल्द से जल्द कनेक्शन देने, मांग बढ़ाने, और केंद्रीय एजेंसियों, सीजीडी संस्थाओं एवं राज्य प्रशासनों के बीच आपसी तालमेल के साथ कार्यान्वयन पर विशेष जोर दिया जा रहा है। पीएनजी विस्तार के तहत राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों द्वारा दी जाने वाली बुनियादी सुविधाओं पर भी ध्यान दिया जा रहा है। इसमें जल्द अनुमोदन देना, स्थानीय स्तर पर तालमेल बनाना और लास्ट-माईल कनेक्टिविटी सुनिश्चित करने के लिए ज़रूरी बुनियादी ढांचा बनाना शामिल है। साथ ही, राज्यों-केंद्र शासित प्रदेशों को सलाह दी गई है कि वे पेट्रोल, डीजल और एलपीजी जैसी आवश्यक कोमोडिटीज़ की आपूर्ति पर निगरानी रखें, ताकि बदलाव के इस दौर में एनर्जी की पहुंच के लिए संतुलित ढांचा सुनिश्चित किया जा सके।

## एलपीजी की उपलब्धता ने उपभोक्ताओं का भरोसा बढ़ाया

भारत सरकार, पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के माध्यम से उपभोक्ताओं की सुरक्षा सुरक्षा, पारदर्शिता और सिस्टम पर ध्यान केंद्रित करते हुए स्वच्छ ईंधन के सिस्टम को मजबूत बना रही है। एक राष्ट्रव्यापी अभियान के तहत ने जमाखोरी जैसे गलत तरीकों के खिलाफ कार्रवाई तेज कर दी गई है, साथ ही देश भर में बिना रूकावट एलपीजी की आपूर्ति सुनिश्चित की गई है। इसके अलावा टेक्नोलॉजी के उपयोग एवं वितरण नेटवर्क पर कड़ी निगरानी रखते हुए जवाबदेहिता और सर्विस डिलीवरी में सुधार लाया जा रहा है, जिससे सिस्टम में उपभोक्ताओं का भरोसा और बढ़ रहा है। स्वच्छ ईंधन को सुलभ बनाने के लिए व्यापक नीतियों के तहत पीएनजी इंफ्रास्ट्रक्चर के तीव्र विस्तार से इन प्रयासों को और गति मिली है। उपलब्धता के स्थिर होने के साथ पारदर्शिता बढ़ रही है, उपभोक्ताओं की सोच में एक सकारात्मक बदलाव देखने को मिल रहा है। अब उपलब्धता को लेकर चिंता के बजाए और सेवा की विश्वसनीयता पर उपभोक्ताओं का भरोसा बढ़ रहा है।


### सरकार ने उपभोक्ताओं के लिए एलपीजी की उपलब्धता सुनिश्चित की

भारत सरकार ने एलपीजी की जमाखोरी और कालाबाजारी पर रोक लगाने के लिए अपने सिस्टम को काफी मजबूत बनाया है। साथ ही सरकार ने देश भर में वास्तविक उपभोक्ताओं तक बिना किसी रूकावट के स्वच्छ ईंधन पहुंचाने की अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया है। एक राष्ट्रव्यापी अभियान के तहत अब तक 2,700 से ज्यादा इंस्पेक्शन कर छापे मारे गए। इस तरह की कार्रवाइयों का उद्देश्य अनियमितताओं का पता लगाना, घरेलू एलपीजी के गलत इस्तेमाल को रोकना और वितरण नेटवर्क में पारदर्शिता बढ़ाना है। इन कड़े निरीक्षणों के बाद 219 डिस्ट्रीब्यूटरों पर जुर्माना लगाया गया है, जबकि तय नियमों का उल्लंघन करने वाले 56 डिस्ट्रीब्यूटरों का लाइसेंस निलंबित कर दिया गया है। पिछले आठ दिनों में लगभग 3,300 जागरूकता शिविर आयोजित किए गए हैं, जिनमें विशेष रूप से 5 किलोग्राम वाले 'फ्री ट्रेड एलपीजी' (एफटीएल) सिलेंडरों की उपलब्धता और उन्हें अपनाने पर जोर दिया गया है। इन अभियानों के दौरान ऐसे 35,800 से ज्यादा सिलेंडर बेचे गए।

## तनिष्क ने नए कलेक्शन 'ह्यूज' में दी जेमस्टोन को नई पहचान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोलकाता

> तनिष्क की हेड ऑफ डिजाइन, गरिमा माहेश्वरी ने कहा कि ह्यूज के साथ हमने भारत में प्राकृतिक जेमस्टोन्स को बड़े और महत्वाकांक्षी डिजाइन प्रयोगों में से एक को अंजाम दिया है।




तनिष्क ने अक्षय तृतीया के शुभ अवसर पर प्राकृतिक रंगीन जेमस्टोन्स का जादू - अपना नया और खास कलेक्शन 'ह्यूज़'! भारतीय ग्राहकों की जेमस्टोन्स के प्रति लगातार बढ़ती रूचि को देखते हुए पेश किया है।

100 प्रतिशत प्राकृतिक जेमस्टोन्स से सजा यह कलेक्शन शुद्धता और बेहतरीन डिजाइन के प्रति तनिष्क की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। आज की आधुनिक महिलाएँ अपनी एक अलग और खास पहचान चाहती हैं, और तनिष्क का यह अंदाज़ उनकी इसी पसंद को ध्यान में रखकर बनाया गया है। इस कलेक्शन में आपको जेमस्टोन्स की कई तरह की कट्स का जादू देखने को मिलता है-चाहे वो क्लासिक 'मार्कीज़' हो, बारीकी से तराशा गया 'ताबीज़' कट हो या रेशमी एहसास वाले 'कैबोचोन' स्टोन्स। हर कट जेमस्टोन्स की एक अलग चमक और उसकी अपनी शख्सियत को उभारता है। रंगों को परतों में सजाने और 'बंचिंग' व 'स्लाइसिंग' जैसी तकनीकों के इस्तेमाल से इन आभूषणों में एक गहराई और हलचल का एहसास होता है। टाइटन के चीफ मार्केटिंग ऑफिसर, पेल्की त्शेरिंग ने कहाकि हमें आधुनिक भारतीय महिलाओं के लिए प्राकृतिक जेमस्टोन्स के अनुभव को एक नया रूप दिया है।

## एथर एनर्जी ने 700 एक्सपीरियंस सेंटर्स के आंकड़े को किया पार

**नई दिल्ली।** एथर एनर्जी लिमिटेड का रिटेल नेटवर्क भारत में 700 एक्सपीरियंस सेंटर्स को पार कर गया है। एथर ने पिछले एक साल में 350 से अधिक नए एक्सपीरियंस सेंटर खोले हैं, जिससे कंपनी का रिटेल नेटवर्क 31 मार्च 2025 को 351 सेंटर से बढ़कर लगभग दोगुना हो गया है। मार्च 2026 में देश के बाजार में कंपनी की हिस्सेदारी बढ़कर 18.7 प्रतिशत हो गई। इस उपलब्धि में एथर के पहले फैमिली स्कूटर एथर रिज़्टा की सफलता का एक बहुत बड़ा योगदान है, जिसके लॉन्च के बाद इसकी 2.8 लाख से अधिक यूनिट बिक चुकी हैं।


## बिजनेस न्यूज

### सिस्टेक नेशनल एम्पलाईबिलिटी अवार्ड 2026 से सम्मानित



**भोपाल।** एनएएसी और एनबीए से मान्यता प्राप्त सागर ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के सागर इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी (सस्टेक ) को सैविल एंड होल्ड्सवर्थ लिमिटेड द्वारा नेशनल एम्पलाईबिलिटी अवार्ड 2026 से सम्मानित किया गया है। इस अवार्ड सिस्टेक के 2026 बैच के स्टूडेंट्स के एस्पायरिंग माइंड्स कंप्यूटर एडैप्टिव टेस्ट आकलन के उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर रोजगार योग्यता मे भारत के शीर्ष 10 फीसदी इंजीनियरिंग कॉलेजों में स्थान दर्शाता है। सैविल एंड होल्ड्सवर्थ लिमिटेड के श्रीराम प्रजापति क्षेत्रीय प्रबंधक ने सिस्टेक की ग्रुप डायरेक्टर डॉ जयोति देशमुख को प्रदान किया। इस अवसर पर सिस्टेक के गांधी नगर और रातीबड़ कैंपस के प्रिंसिपल डॉ.मनिष बिल्लौरे और डॉ. अभिषेक चौबे व कॉर्पोरेट रिलेशंस की हेड प्राची श्रीवास्तव मौजूद रही। टीम सिस्टेक को बधाई देते हुए सागर ग्रुप के मैनेजिंग डायरेक्टर सिद्धार्थ अग्रवाल ने कहाकि यह अवार्ड सिस्टेक के स्टूडेंट्स और फैकल्टी को उनकी कड़ी मेहनत और निरंतर प्रयासों के लिए समर्पित है।

### सागर विद्या निकेतन में मना 100 परसेंट डिस्टिंक्शन का जश्न



**भोपाल ।** सागर विद्या निकेतन में यह सिर्फ नतीजों का दिन नहीं था यह उत्कृष्टता, अवसरों और बदले हुए भविष्य का जश्न था। स्कूल ने मप्र बोर्ड 2025-26 में कक्षा 10वी और 12वी दोनों में 100 परसेंट डिस्टिंक्शन हासिल किया, लेकिन इन शानदार अंकों के पीछे एक गहरी सफलता की कहानी छिपी थी। शिक्षा की वह शक्ति जो हर बच्चे तक पहुंचाई गई। सालों से, सागर विद्या निकेतन वंचित छात्रों को मुफ़्त और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने के लिए प्रतिबद्ध रहा है, यह सुनिश्चित करते हुए कि आर्थिक तंगी कभी भी सीखने में बाधा न बने। इस साल के शानदार नतीजे न केवल शैक्षणिक प्रतिभा को दर्शाते हैं। कक्षा 10वी में तीन छात्रों ने गणित में 100 अंक हासिल किए, जबकि अंग्रेजी, हिंदी, संस्कृत और विज्ञान में 99 अंक दर्ज किए गए। कक्षा 10वीं की इशिका श्रीवास्तव और दिशा तिवारी ने 98 परसेंट अंक हासिल किए, स्कूल में टॉप किया और 10वीं रैंक के साथ राज्य मेरिट लिस्ट में जगह बनाई। कक्षा 12वीं में चार छात्रों ने गणित में पर्फेक्ट 100 अंक हासिल किए, जबकि छात्रों ने अंग्रेज़ी और अकाउंटेंसी में 100 अंक, बिज़नेस स्टडीज में 99 और हिंदी और जीव विज्ञान में 98 अंक हासिल किए। कक्षा 12वी में, कशिश मारन ने पीसीएम स्ट्रीम में 95.8परसेंट अंकों के साथ टॉप किया, दीपाली रावत ने स्कूल के पहले पीसीबी बैच में 94.6परसेंट अंकों के साथ नेतृत्व किया, और प्रिया वर्मा ने कॉमर्स में 94.2परसेंट अंकों के साथ टॉप किया।

### मानसरोवर के शिविर में 2 हजार मरीजों ने लिया स्वास्थ्य लाभ



**भोपाल।** मानसरोवर आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एवं रिसर्च सेंटर, हिनोतिया आलम द्वारा आयोजित तीन दिवसीय निःशुल्क चिकित्सा शिविर में मरीजों का भारी उत्साह देखने को मिला। समापन तक शहर और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से आए कुल 2 हजार से अधिक मरीजों ने स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। मानसरोवर आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. अनुराग सिंह राजपूत ने बताया कि शिविर के दौरान मरीजों को बीएमडी, एक्स-रे और कंप्यूटराइज नाडी परीक्षण जैसी आधुनिक जांचें पूरी तरह निःशुल्क प्रदान की गईं। वहीं 500 से अधिक मरीजों ने आयुर्वेदिक शोधन पद्धति 'पंचकर्म' का लाभ लिया, जो जोड़ों के दर्द और वात रोगों में अत्यंत प्रभावी रही। वरिष्ठ प्रोफेसर डॉ. एन के. प्रसाद ने बताया कि अस्पताल में सामान्य दिनों में भी बेहद किफायती दरों पर ओपीडी और जांचों की सुविधा उपलब्ध रहती है।

### राधारमण विद्यार्थियों ने किया भाषण प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन



**भोपाल।** इंडियन सोसायटी फार ट्रेनिंग एंड डेवलपमेंट द्वारा आयोजित अंतर-महाविद्यालय भाषण प्रतियोगिता में राधारमण समूह के विद्यार्थियों ने उत्साह से भाग लिया और अच्छा प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता का विषय था सस्टेनेबल डेवलपमेंट और इंडियन नॉलेज सिस्टम्सः रामायण से सीख। राधारमण समूह के कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग विभाग की डॉ. प्राची तिवारी के मार्गदर्शन में तृतीय वर्ष के छात्र-छात्राओं श्रद्धा गौतम, मीनाक्षी पाटिल, अक्षत वर्मा, आयुष राज और आदर्श रघुवंशी ने प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। सभी प्रतिभागियों को सहभागिता प्रमाण-पत्र दिए गए। इस मौके पर राधारमण समूह के अध्यक्ष इंजीनियर संजीव सक्सेना ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि ऐसी प्रतियोगिताएं छात्रों को अपनी बात अच्छे से रखने का मौका देती हैं।

### एसबीआई ने आंबेडकर की 135वीं जयंती मनाई



**भोपाल।** भारतीय स्टेट बैंक, भोपाल सर्किल द्वारा स्थानीय प्रधान कार्यालय ऑडिटोरियम में भारत रत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर की 135वीं जयंती के अवसर पर समारोह आयोजित हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ एसबीआई, भोपाल सर्किल सेवा के महासचिव दिनेश कुमार खसारिया ने किया। इस मौके पर उन्होंने बाबा साहेब के प्रमुख योगदानों की चर्चा करते हुए महिला सशक्तिकरण के लिए उनके प्रयासों के बारे में बताया । मुख्य महाप्रबंधक प्रभाष कुमार सुबुद्धि ने अपने संबोधन में डॉ.आंबेडकर के विचारों समानता, एकता, आत्मसम्मान एवं नैतिकता को बैंकिंग कार्य संस्कृति में अपनाने पर बल दिया तथा बैंक की सामाजिक प्रतिबद्धता को रेखांकित किया।

### आईईएस स्कूल के 100 फीसदी छात्रों ने की फर्स्ट डिविजन हासिल



**भोपाल।** आईईएस पब्लिक स्कूल के सीबीएसई 10वीं बोर्ड परीक्षा में 100 फीसदी छात्रों ने फर्स्ट डिविजन हासिल किया वही नम्रता सक्सेना ने - 98.2 परसेंट (गणित 100/100) अंक हस्सिल कर स्कूल में प्रथम स्थान प्राप्त किया और स्वयं खंडेलवाल ने 97.6परसेंट विज्ञान (100/100), प्रखर दुबे ने 97परसेंट (आईटी-100/100), अक्षत पंवार - 97परसेंट पुरंजय पारासर ने 96.8 परसेंट (आईटी-100/100), मिनाक्षी गुप्ता ने 96 परसेंट (संस्कृत -100/100) अंक हासिल कर संस्था का गौरव बढ़ाया। आईईएस पब्लिक स्कूल के 100परसेंट फर्स्ट डिविजन में उत्तीर्ण होने के साथ सभी छात्रों ने 75परसेंट एवं उससे आधिक अंक हासिल कर संस्था का गौरव बढ़ाया। इस उपलब्धि पर प्रो.मनीषा कवठेकर, डायरेक्टर, आईईएस पब्लिक स्कूल ने सभी छात्रों को बधाई दी।

### इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल के 45 छात्रों ने हासिल किए 90 परसेंट से अधिक अंक

**भोपाल।** इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल, भोपाल ने सीबीएसई एआईसीसीई (कक्षा 10वीं) परीक्षा 2026 में शानदार प्रदर्शन करते हुए 100 परसेंट परिणाम दर्ज किया है। विद्यालय ने एक बार फिर अपनी उत्कृष्ट शैक्षणिक परंपरा को कायम रखते हुए उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की है। इस वर्ष विद्यालय के 45 विद्यार्थियों ने 90 परसेंट से अधिक अंक प्राप्त कर स्कूल का नाम रोशन किया है, जो गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, अनुशासन और समग्र विकास के प्रति विद्यालय की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।विद्यालय की टॉपर लावण्या वार्ष्णेय ने 99.2 परसेंट अंक प्राप्त कर संस्थान को गौरवान्वित किया। इसके अलावा कई अन्य विद्यार्थियों ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर इस सफलता में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

### केंद्रीय कृषि मंत्री ने सिंजेंटा की सीएसआर पहल के तहत ईवी तिपहिया साइकिलें वितरित की



**भोपाल।** सिंजेंटा इंडिया मध्य प्रदेश में दिव्यांगजनों के लिए 650 मोटरयुक्त तिपहिया साइकिलें प्रायोजित कर रही है। इन वाहनों का पहला जत्था केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा रायसेन में आयोजित उन्नत कृषि महोत्सव 2026 कृषि प्रदर्शनी और सम्मेलन के दौरान सौंपा गया। इस अवसर पर सभा को संबोधित करते हुए चौहान ने कहाकि भारत सरकार हमारे किसानों और दिव्यांगजनों सहित हमारे हाशिए पर पड़े समुदायों के लिए महत्वपूर्ण मुद्दों पर काम करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्हें आवागमन की सुविधा प्रदान करना गरिमा, समावेशन और आत्मनिर्भरता सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस नेक पहल का समर्थन करने के लिए सिंजेंटा इंडिया की सराहना करता हूं, साथ ही अन्य कई किसान-केंद्रित पहलों के लिए भी जो कई लोगों के जीवन में सार्थक बदलाव ला रही हैं।

### शक्ति पंप्स ने पेश किए एडवांस सोलर पंपिंग सॉल्यूशंस

**इंदौर।** शक्ति पंप्स लिमिटेड ने रायसेन में आयोजित उन्नत कृषि महोत्सव (नेशनल एग्रीकल्चर फेस्टिवल) में अपनी दमदार मौजूदगी दर्ज कराई। इस राष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रम का उद्घाटन रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने किया, वहीं समापन सत्र में केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी मुख्य अतिथि रहे। कार्यक्रम में कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान और मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव भी शामिल हुए। तीन दिनों तक चले इस भव्य आयोजन में कृषि क्षेत्र से जुड़ी 200 से ज्यादा कंपनियों ने अपने स्टॉल लगाए, जहां इनोवेशन, सहयोग और किसानों से सीधे संवाद का शानदार माहौल देखने को मिला। शक्ति पंप्स ने अपने पवेलियन में पूरे तीन दिनों तक 3एचपी सोलर पंप का लाइव डेमो दिया, जिससे किसानों को इसकी कार्यक्षमता और फायदे समझने का मौका मिला। इसके साथ ही कंपनी ने अपने लेटेस्ट सोलर पंप सिस्टम, स्टेनलेस स्टील सबमर्सिबल पंप, सरफेस और ओपनवेल पंप भी प्रदर्शित किए, जो आधुनिक खेती की जरूरतों को ध्यान में रखकर तैयार किए गए हैं।

### बिरला और वी की साझेदारी में 'रील से रियल स्टार' के लांच

**मुंबई।** बिरला स्टुडियोज ने वोडाफोन आइडिया लिमिटेड के सहयोग से अपनी तरह के पहले मोबाइल-फर्स्ट टेलेंट डिस्कवरी प्लेटफॉर्म 'रील से रियल स्टार' के लांच की घोषणा की है, जिसे भारत के एंटरटेनमेंट उद्योग में प्रवेश को एक समान बनाने के लिए डिजाइन किया गया है। वोडाफोन आइडिया के सीईओ, अभिजीत किशोर ने कहा कि अवसर प्रदान करने की बात हो तो कनेक्टिविटी सबसे ज़्यादा ज़रूरी होती है। 'रील से रियल स्टार' देश भर के महत्वाकांक्षी एक्टरों को सीधे ऑडिशन रूम के साथ जोड़ता है। हमारे सशक्त नेटवर्क, 200 मिलियन से अधिक यूजर्स की व्यापक पहुंच और बिरला स्टुडियोज के रचनात्मक दृष्टिकोण के साथ हम देश भर में प्रतिभा की खोज को लोकतांत्रिक बना रहे हैं।

## चिंतन

# महिला हित में राजनीति से ऊपर उठें सभी दल

भारतीय लोकतंत्र में लंबे इंतजार के बाद महिला आरक्षण को लेकर आया "नारी शक्ति वंदन अधिनियम" केवल एक विधायी पहल नहीं, बल्कि सामाजिक-राजनीतिक परिवर्तन की दिशा में ऐतिहासिक कदम है। दशकों से चली आ रही मांग को पूरा करते हुए यह कानून लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में 33% महिला आरक्षण का रास्ता खोलता है। ऐसे समय में जब संसद में महिलाओं की भागीदारी अभी भी सीमित रही है, यह पहल लोकतंत्र को अधिक प्रतिनिधिक और समावेशी बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण साबित हो सकती है। ऐसे में सभी विपक्षी दलों को चाहिए कि वे महिला हित में राजनीति से ऊपर उठें और इस बिल का समर्थन करें। हालांकि तेलंगाना, तमिलनाडु समेत दक्षिण के कुछ राज्य इसके विरोध में हैं, लेकिन इस ऐतिहासिक पहल के साथ एक कड़वी सच्चाई भी सामने आई है। वह विपक्षी दलों में श्रेय लेने की होड़। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विपक्ष से यह कहकर कि "आप श्रेय ले लीजिए, लेकिन महिला हित में समर्थन दीजिए", एक तरह से उस राजनीतिक मानसिकता को उजागर किया है, जहां मुद्दे से ज्यादा महत्व श्रेय को दिया जाता है। सवाल यह है कि क्या देश की आधी आबादी के अधिकार भी राजनीतिक प्रतिस्पर्धा की भेंट चढ़ेंगे? यह विधेयक केवल संख्या बढ़ाने का प्रयास नहीं है। आज संसद में महिलाओं की भागीदारी लगभग 14-15 प्रतिशत के आसपास है, जो लोकतांत्रिक संतुलन के लिहाज से अपर्याप्त है। ऐसे में 33 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान नीति-निर्माण में महिलाओं की भागीदारी को बढ़ाएगा और निर्णयों को अधिक संवेदनशील तथा समावेशी बनाएगा। यह 'महिला विकास' से आगे बढ़कर 'महिला-नेतृत्व विकास' की दिशा में एक वैचारिक बदलाव भी है। फिर भी, इस पहल के साथ कुछ गंभीर सवाल जुड़े हुए हैं। सबसे बड़ी चिंता इसका कार्यान्वयन है, जिसे परिसीमन और जनगणना से जोड़ दिया गया है। इसका सीधा अर्थ है कि यह कानून 2029 तक ही प्रभावी हो पाएगा। क्या यह देरी अनिवार्य है या राजनीतिक सुविधा का परिणाम? यह सवाल इसलिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि इतिहास गवाह है कि कई बार अच्छे कानून भी लागू होने में वर्षों की देरी के कारण अपना प्रभाव खो देते हैं। इसके अलावा, सीटों के रोटेशन की व्यवस्था भी एक जटिल मुद्दा है। लगातार बदलती सीटें महिला प्रतिनिधियों के लिए स्थिर राजनीतिक आधार तैयार करने में बाधा बन सकती हैं। लोकतंत्र में निरंतरता और अनुभव का महत्व कम नहीं आंका जा सकता, इसलिए इस व्यवस्था पर गंभीरता से पुनर्विचार आवश्यक है। विपक्ष द्वारा उठाया गया एक और महत्वपूर्ण मुद्दा है ओबीसी महिलाओं के लिए अलग आरक्षण का अभाव। यदि महिला आरक्षण का लाभ समाज के सभी वर्गों तक समान रूप से नहीं पहुंचता, तो यह सशक्तिकरण अधूरा रह जाएगा। इसलिए यह जरूरी है कि इस कानून के क्रियान्वयन में सामाजिक न्याय के व्यापक पहलुओं को भी ध्यान में रखा जाए। आज जरूरत इस बात की है कि सभी दल इस मुद्दे पर राजनीति से ऊपर उठें। यह केवल सत्ता या विपक्ष का सवाल नहीं, बल्कि समाज के संतुलित विकास का प्रश्न है। महिला सशक्तिकरण को यदि सच में राष्ट्रीय प्राथमिकता बनाना है, तो इसे राजनीतिक प्रतिस्पर्धा से अलग रखना होगा। नारी शक्ति वंदन अधिनियम एक अवसर है भारतीय लोकतंत्र को अधिक समावेशी, संतुलित और संवेदनशील बनाने का, लेकिन यह अवसर तभी सार्थक होगा, जब इसे ईमानदारी से लागू किया जाए और राजनीतिक दल इसके पीछे छिपे व्यापक उद्देश्य को समझें।



संसद सत्र
डॉ. सतीश पूनियां

यह भारतीय जनता पार्टी की देश की आधी आबादी को उनका वांछित अधिकार दिलाने की मंशा और इच्छाशक्ति का भी सत्र है। गुरुवार को संसद में संविधान (131वां संशोधन) विधेयक, 2026, परिसीमन विधेयक 2026 और केंद्र-शासित प्रदेश कानून (संशोधन विधेयक), 2026 सदन में प्रस्तुत किए गए। इसके माध्यम से विधायिका में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण को लागू करने का प्रस्ताव है। भारतीय राजनीति में महिलाओं की भागीदारी को बढ़ाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार लगातार प्रयास कर रही है। पिछले एक दशक में देश और दुनिया ने यह अनुभव किया है कि भारत में महिलाओं को सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक तौर पर सशक्त किया गया है।

# महिला आरक्षणः नारी शक्ति से राष्ट्र शक्ति

संसद का यह विशेष सत्र भारतीय संसद के इतिहास में हमेशा याद रखा जाएगा। यह भारतीय जनता पार्टी की देश की आधी आबादी को उनका वांछित अधिकार दिलाने की मंशा और इच्छाशक्ति का भी सत्र है। गुरुवार को संसद में संविधान (131वां संशोधन) विधेयक, 2026, परिसीमन विधेयक 2026 और केंद्र-शासित प्रदेश कानून (संशोधन विधेयक), 2026 सदन में प्रस्तुत किए गए। इसके माध्यम से विधायिका में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण को लागू करने का प्रस्ताव है। भारतीय राजनीति में महिलाओं की भागीदारी को बढ़ाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार लगातार प्रयास कर रही है। मोदी सरकार के नेतृत्व में पिछले एक दशक में देश और दुनिया ने यह अनुभव किया है कि भारत में महिलाओं को सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक तौर पर सशक्त किया गया है।

इसके लिए महिला आधारित अनेक योजनाओं का सफलतापूर्वक संचालन किया जा रहा है। महिलाओं को राजनीतिक तौर पर सशक्त करने की उसी मंशा के अनुरूप मोदी सरकार विधानसभा और संसद में महिलाओं के प्रतिनिधित्व को बढ़ाने के उद्देश्य से महिला आरक्षण के प्रावधान को शीघ्र लागू करने की दिशा में पहल की है। भारत पुरातन प्रवाह का राष्ट्र है। एक विशिष्ट इतिहास, संस्कृति और विरासत के कारण विश्व में एक पहचान वाला राष्ट्र है। जहां भौगोलिक, सामाजिक, आर्थिक एवं राजनीतिक भिन्नताएं होते हुए भी 'अनेकता में एकता' ऐसा दृश्य परिलक्षित होता है। विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र भारत आधुनिक युग में लोकतांत्रिक व्यवस्था की अक्षुण्णता के लिए भी माना जाता है। आज विश्व के मानचित्र पर भारत की एक आत्मनिर्भर स्वाभिमानी राष्ट्र की पहचान है। भारत के लोकतंत्र को दृढ़ता भारत के संविधान ने दी है जो एक वैशिष्ट्य लिए हुए है, जिसमें नागरिकों के अधिकारों और कर्तव्यों में बखूबी उल्लेख किया गया है। भारत के संविधान में प्रदत समानता के अधिकारों ने इसे और पुष्ट किया है, इसलिए लैंगिक समानता के अवसर सुनिश्चित करने के लिए यह उत्कंठा हमेशा रही है कि गार्गी, मैत्रेयी के पुरातन परंपरा के देश में महिलाओं यानि आधी आबादी को पर्याप्त प्रतिनिधित्व मिले ताकि शासन में, निर्णयों में भागीदारी सुनिश्चित करने के साथ ही नारी के उत्थान और उत्कर्ष में पूर्वक अपना योगदान दे सकें। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का महिलाओं को उनका वांछित अधिकार दिलाने का निर्णय भारतीय जनता पार्टी की नीतियों और उसके नेतृत्व की महिलाओं के प्रति संवेदनशील नीति का ही आईना है। भारतीय जनसंघ और भाजपा के वैचारिक स्तंभ पंडित दीनदयाल उपाध्याय अपने 'एकात्म मानववाद' के सिद्धांत में समाज को एक जीवंत इकाई के रूप में देखते हैं। उनके अनुसार, समाज के प्रत्येक अंग का सशक्त होना आवश्यक है और नारी इसमें केंद्रीय भूमिका निभाती है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि पुरुष और स्त्री परस्पर पूरक हैं। किसी एक की उपेक्षा राष्ट्र को कमजोर बना देती है। यह दर्शन आज मोदी सरकार की नीतियों में स्पष्ट रूप से दिखाई देता है, जहां महिला सशक्तिकरण को केवल सामाजिक न्याय नहीं, बल्कि राष्ट्रीय पुनरुत्थान का आधार माना गया है। पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी ने भारतीय लोकतंत्र में महिलाओं की



भागीदारी को हमेशा प्राथमिकता दी। उन्होंने संसद में महिला आरक्षण विधेयक लाने का साहसिक प्रयास किया, भले ही वह उस समय राजनीतिक बाधाओं के कारण सफल नहीं हो सका। नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में जनधन योजना शुरू हुई तो देश की 32 करोड़ से ज्यादा महिलाओं के बैंक खाते खुले। आज देश की बेटियां नए-नए बिजनेस में अपनी पहचान बना रही हैं। मुद्रा योजना में 60% से ज्यादा लोन महिलाओं ने लिए हैं। देश की स्टार्टअप क्रांति को भी महिलाएं लीड कर रही हैं। आज 42% से ज्यादा रजिस्टर्ड स्टार्टअप्स में कम से कम एक महिला डायरेक्टर है। यह हमारे लिए, देश के लिए और देश की आधी आबादी के लिए गौरव की बात है कि इस समय हमारे देश में राष्ट्रपति से लेकर वित्त मंत्री जैसे अहम पद महिलाएं ही संभाल रही हैं। उन्होंने देश की गरिमा और गौरव, दोनों को बढ़ाया है। साल 2023 में जब नारी शक्ति वंदन अधिनियम आया था, तब भी सभी दलों ने सर्वसम्मति से इसे पास कराया था। तब एक सुर में ये बात भी उठी थी कि इसे हर हाल में 2029 तक लागू हो जाना चाहिए। खासकर, हमारे विपक्ष के सभी साथियों ने मुखर होकर इस बात पर जोर डाला था कि 2029 में ये लागू हो जाना चाहिए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने उसी संकल्प को पूरा करने के लिए दृढ़ संकल्पित हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले एक दशक में महिला सशक्तिकरण को लेकर जो ठोस कदम उठाए गए हैं, उन्होंने समाज की संरचना को बदलने का कार्य किया है। फिर चाहे वह सम्मानजनक जीवन जीने के लिए स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत शौचालयों के निर्माण की बात हो, या फिर 'प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना' के माध्यम से महिलाओं को धुएं से मुक्ति दिलाने का प्रयास हो। यह योजनाएं केवल सुविधाएं नहीं, बल्कि महिलाओं को आत्मनिर्भर और आत्मसम्मानी बनाने के साधन हैं। आर्थिक सशक्तिकरण के मोर्चे पर भी मोदी सरकार लगातार महिलाओं के लिए कार्य कर रही हैं। जन-धन खातों, स्वयं सहायता समूहों और मुद्रा योजनाओं ने महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त किया है। आज ग्रामीण भारत में लाखों महिलाएं उद्यमिता की ओर अग्रसर हैं। लखपति दीदी के माध्यम से मोदी सरकार ने महिलाओं को उद्यमिता में आगे बढ़ाने का काम किया है। 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' जैसे अभियान के माध्यम से महिलाओं के प्रति समाज की सोच में क्रांतिकारी बदलाव लाने में मोदी सरकार ने अभूतपूर्व काम किया। इस अभियान से निश्चित रूप से सामाजिक मानसिकता में परिवर्तन आया है। इसका परिणाम भी हमें पिछले दस-ग्यारह वर्षों में विभिन्न क्षेत्रों में देखने को मिला है। खेल, विज्ञान, शिक्षा, राजनीति और आर्थिक क्षेत्र में देश की महिलाओं ने उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। 73वें और 74वें संविधान संशोधन के बाद पंचायतों में महिलाओं को आरक्षण तो मिला, लेकिन लंबे समय तक 'सरपंच पति' जैसी प्रवृत्तियां इस व्यवस्था को कमजोर करती रहीं।

मोदी सरकार ने 'सशक्त पंचायत-नेत्री अभियान' के माध्यम से इस प्रवृत्ति को चुनौती दी है। सशक्त पंचायत - नेत्री अभियान जैसी महत्वपूर्ण पहल से पूरे देश में पंचायती राज संस्थाओं की महिला निर्वाचित प्रतिनिधियों को सशक्त किया गया। 4 मार्च 2025 को नई दिल्ली में 'सशक्त पंचायत-नेत्री अभियान' का शुभारंभ किया गया। वर्षों की जड़ता और संघर्ष तथा विमर्श के बाद मोदी सरकार में 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम एक उल्लेखनीय, ऐतिहासिक एवं स्तुत्य कदम है। 2029 तक संसद और विधानसभाओं में में 33% महिला प्रतिनिधित्व का लक्ष्य भारत को न केवल एक आर्थिक शक्ति, बल्कि एक न्यायपूर्ण और समावेशी लोकतंत्र के रूप में स्थापित करेगा।

(लेखक भाजपा हरियाणा प्रभारी हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## आधी दुनिया

महेन्द्र तिवारी




# लोकतंत्र में महिलाओं की भागीदारी का भविष्य

भारत का लोकतंत्र विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र माना जाता है, लेकिन प्रतिनिधित्व के स्तर पर यह लंबे समय तक आधा अधूरा रहा है क्योंकि जनसंख्या का लगभग आधा हिस्सा होने के बावजूद महिलाएं राजनीतिक संस्थाओं में पर्याप्त रूप से शामिल नहीं हो पाई हैं। इसी ऐतिहासिक असंतुलन को दूर करने के उद्देश्य से 2023 में पारित संविधान का संशोधन अधिनियम, जिसे नारी शक्ति वंदन अधिनियम कहा जाता है, एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में सामने आया। यह अधिनियम लोकसभा, राज्य विधानसभाओं और दिल्ली विधानसभा में 33 प्रतिशत सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित करने का प्रावधान करता है, जिसमें अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति की महिलाओं के लिए भी उप आरक्षण शामिल है। यह कानून लगभग 27 वर्षों से चल रही बहस और राजनीतिक प्रयासों का परिणाम है। 19 सितंबर 2023 को इसे लोकसभा में प्रस्तुत किया गया और 20 तथा 21 सितंबर को दोनों सदनों से पारित कर दिया गया। 28 सितंबर 2023 को राष्ट्रपति की स्वीकृति के बाद यह संविधान का हिस्सा बन गया। इस अधिनियम का उद्देश्य स्पष्ट है, लेकिन इसकी वास्तविकता को समझने के लिए वर्तमान स्थिति पर नजर डालना जरूरी है। आज लोकसभा की 543 सीटों में से केवल 74 सीटों पर महिलाएं हैं, जो लगभग 13.6 प्रतिशत है। यह संख्या 2019 के 78 से थोड़ी कम है। वहीं देशभर में कुल 4666 सांसदों और विधायकों में महिलाओं की हिस्सेदारी लगभग 10 प्रतिशत के आसपास है। 2024 के लोकसभा चुनाव में कुल 8360 उम्मीदवारों में केवल 797 महिलाएं थीं, यानी लगभग 9.6 प्रतिशत, और लगभग 28 प्रतिशत सीटों पर कोई महिला प्रत्याशी ही नहीं था। यह आंकड़े इस बात को स्पष्ट करते हैं कि महिलाओं की राजनीतिक भागीदारी अभी भी संरचनात्मक बाधाओं से घिरी हुई है। इसके विपरीत यदि पंचायती राज संस्थाओं को देखा जाए तो तस्वीर बिल्कुल अलग दिखाई देती है। यहां महिलाओं की भागीदारी लगभग 46.6 प्रतिशत तक पहुंच चुकी है और कई राज्यों में यह 50 प्रतिशत से भी अधिक है। यह अनुभव इस बात का प्रमाण है कि जब आरक्षण को सही तरीके से लागू किया जाता है तो महिलाएं न केवल प्रतिनिधित्व प्राप्त करती हैं बल्कि प्रभावी नेतृत्व भी प्रस्तुत करती हैं। वैश्विक तुलना में भी भारत पीछे है। रवांडा में संसद में महिलाओं की हिस्सेदारी लगभग 64 प्रतिशत है, क्यूबा में 53 प्रतिशत, निकारागुआ में 52 प्रतिशत और संयुक्त अरब अमीरात में 50 प्रतिशत। इस परिप्रेक्ष्य में भारत का आंकड़ा अपेक्षाकृत कम है, जो यह दर्शाता है कि केवल लोकतांत्रिक ढांचा पर्याप्त नहीं है, बल्कि समावेशी नीतियों की भी आवश्यकता होती है। नारी शक्ति वंदन अधिनियम इस कमी को दूर करने की दिशा में एक बड़ा प्रयास है, लेकिन इसके कार्यान्वयन से जुड़ी शर्तें इसे जटिल बना देती हैं। अधिनियम में जोड़ा गया अनुच्छेद 334ए यह स्पष्ट करता है कि महिलाओं के लिए आरक्षण तब तक लागू नहीं होगा, जब तक अगली जनगणना के आंकड़े प्रकाशित नहीं हो जाते और उसके बाद परिसीमन की प्रक्रिया पूरी नहीं हो जाती। इसका अर्थ यह है कि कानून पारित होने के बावजूद इसका प्रभाव तुरंत नहीं दिखेगा। यही बिंदु इस अधिनियम की सबसे बड़ी आलोचना का कारण भी बना हुआ है। 2021 की जनगणना पहले ही टल चुकी है और अब यह संभावना व्यक्त की जा रही है कि नई जनगणना 2026 के बाद होगी। इसके बाद परिसीमन की प्रक्रिया भी समय लेगी, जिससे यह अनुमान लगाया जा रहा है कि महिलाओं का आरक्षण 2029 या उससे भी बाद के चुनावों में लागू हो सकता है। इस देरी को कई विशेषज्ञ न्याय में विलंब के रूप में देखते हैं। हालांकि सरकार और कुछ संवैधानिक विशेषज्ञों का तर्क है कि बिना अद्यतन जनसंख्या आंकड़ों के सीटों का पुनर्वितरण करना उचित नहीं होगा। संविधान के अनुसार परिसीमन एक आवश्यक प्रक्रिया है ताकि प्रतिनिधित्व समान और संतुलित रहे। इस प्रकार यह बहस केवल राजनीतिक नहीं बल्कि संवैधानिक भी है। इस प्रकार नारी शक्ति वंदन अधिनियम एक ऐसा कानून है जो सिद्धांत रूप में अत्यंत प्रगतिशील है, लेकिन व्यवहार में कई जटिलताओं से घिरा हुआ है। यह महिलाओं के राजनीतिक सशक्तिकरण की दिशा में ऐतिहासिक कदम है, परंतु इसकी सफलता इस बात पर निर्भर करेगी कि इसे कितनी शीघ्रता और प्रभावशीलता के साथ लागू किया जाता है। यदि जनगणना और परिसीमन की प्रक्रियाओं को समय पर पूरा कर लिया जाता है तो यह अधिनियम भारत के लोकतंत्र को अधिक समावेशी और संतुलित बना सकता है। अन्यथा यह केवल एक अधूरी संभावना बनकर रह सकता है।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## संघर्ष से आती है जीवंतता



संकलित
**दर्शन**

साधना संसार में है, जंगल में तो साधना का सवाल ही नहीं है। साधना यहां है, जहां प्रतिपल कांटे हैं। कांटों के बीच जिस दिन तुम चलना सीख लो और कांटों के बीच तो चलो और कांटे चुभें न, बस उसी दिन समझ लेना कि अब तुम योग्य हो गए। जंगल जाने की जरूरत भी क्या है। यहीं भीड़ में जंगल हो गया है, अगर तुम्हारे भीतर प्रौढ़ता आ जाए, तो प्रज्ञा का जन्म हो। प्रज्ञा का जन्म संघर्षण से होता है। प्रतिपल जीवन की चुनौतियों को स्वीकार करने से होता है। हारने, गिरने, उठने से होता है। हजार बार गाली दी जाएगी, तुम क्रोधित हो जाओगे। हजार बार के अनुभव से तुम्हें समझ में आ जाएगा कि अपने को जलाना व्यर्थ है। गाली कोई दूसरा दे रहा है, दंड अपने को देना व्यर्थ है। एक दिन तो ऐसा आएगा कि कोई दूसरा गाली देगा और तुम्हारे भीतर क्रोध न आएगा। उसी दिन तुम्हारे भीतर एक कांटा फूल बन गया। उस दिन तुम्हें जो शांति मिलेगी, कोई जंगल नहीं दे सकता। जंगल की शांति मुर्दा है। अगर यहां गालियों के बीच तुम शांत हो गए, तो तुम्हारी शांति में एक जीवंतता होगी। जंगल की शांति में सन्नाटा है, क्योंकि वहां कोई है ही नहीं। वह नकारात्मक है। संसार में अगर तुम शांत हो जाओ तो सकारात्मक है। जंगल की शांति मरने जैसी है, संसार की शांति बड़ी जीवंत है। परमात्मा को पाना है, तो भागना मत। भगोड़ों से परमात्मा का कभी कोई संबंध नहीं जुड़ता। कायरों से संबंध जुड़ भी कैसे सकता है? चुनौती स्वीकार करने वाला साहस चाहिए।

## कोयला और चंदन



संकलित
**प्रेरणा**

चौधरी पहलवान का पूरा जीवन जरूरतमंदों की सहायता के लिए समर्पित हुआ था। जब उनका अंतिम समय नजदीक आया तो उन्होंने अपने बेटे को पास बुलाया। बेटा पास आ गया तो उन्होंने उससे कहा-देखो बेटा, मैंने अपना सारा जीवन दुनिया को शिक्षा देने में गुजार दिया। अब अपने अंतिम समय में मैं तुम्हें कुछ जरूरी बातें बताना चाहता हूं। लेकिन इससे पहले जरा तुम एक कोयला और चंदन का एक टुकड़ा उठा कर ले लाओ। बेटे को पहले तो यह बड़ा अटपटा लगा, लेकिन उसने सोचा कि अब पिता का हुक्म है तो यह सब लाना ही होगा। उसने रसोई घर से कोयले का एक टुकड़ा उठाया। संयोग से घर में चंदन की एक छोटी लकड़ी भी मिल गई। वह दोनों को लेकर अपने पिता के पास पहुंच गया। उसे आया देख पहलवान बोले- बेटा, अब इन दोनों चीजों को नीचे फेंक दो। बेटे ने दोनों चीजें नीचे फेंक दीं और हाथ धोने जाने लगा तो पहलवान बोले- जरा ठहरो बेटा। मुझे अपने हाथ तो दिखाओ। बेटे ने हाथ दिखाए तो वह उसका कोयले वाला हाथ पकड़ कर बोले, देखा तुमने। कोयला पकड़ते ही हाथ काला हो गया। लेकिन उसे फेंक देने के बाद भी तुम्हारे हाथ में कालिख लगी रह गई। गलत लोगों की संगति ऐसी ही होती है। उनके साथ रहने पर भी दुख होता है और उनके न रहने पर भी जीवन भर के लिए बदनामी साथ लग जाती है। दूसरी ओर सज्जनों का संग इस चंदन की लकडी की तरह है जो साथ रहते हैं तो दुनिया भर का ज्ञान मिलता है और उनका साथ छूटने पर भी उनके विचारों की महक जीवन भर बनी रहती है।

## सटाका




## आज की पाती

### बच्चों की परीक्षाएं और क्रिकेट का उन्माद

हद होती है हर चीज की। लगभग चौबीस घंटे, बारह महीने क्रिकेट ही क्रिकेट का असहनीय शोर-शराबा। सबको मालूम है न कि भारत में मार्च-अप्रैल महीने विद्यार्थियों के लिए कितने ही अधिक महत्वपूर्ण हैं! आईपीएल तो हर साल ही होता है, और इस बार ये 'टी-20 वर्ल्ड कप' का हल्ला-गुल्ला भी निरंतर चलता रहा है। इन्हीं दो महीनों में लगभग सारे भारत के सभी स्कूलों, महाविद्यालयों व विश्वविद्यालयों में छात्र-छात्राओं के विभिन्न प्रकार की बहुत सारी परीक्षाएं और एंट्रेंस टेस्ट होते हैं। ऐसे में देश के हर शहर, कालोनी, नुक्कड़, गली-मोहल्ले, गांव-देहात में घर-बाहर क्रिकेट का ये सर्वथा गैर-जरूरी शोर, हो-हल्ला तथा अवांछित चर्चाएं गंभीर और मेधावी विद्यार्थियों के लिए बड़ी चुनौती बने रहते हैं। *- सुषमा राजपूत, रोहतक*

## ट्रेंड

### उत्तर प्रदेश में अब शांति



आज उत्तर प्रदेश में कोई अशांति नहीं है, सड़कों पर नमाज़ नहीं पढ़ी जा रही है, मस्जिदों से माइक्रोफोन की आवाज़ नहीं आ रही है, कोई गोहत्या नहीं हो रही है, न ही लव जिहाद की कोई घटना घट रही है।
**- योगी आदित्यनाथ,** सीएम, उप्र

### टीएमसी की धारणा



असम में दस साल से भाजपा की सरकार है, लेकिन वहां के लोग मांसाहारी भोजन खाते हैं। तो फिर टीएमसी बंगाल में यह गलत धारणा क्यों फैला रही है कि भाजपा बंगाल में मांसाहारी भोजन पर प्रतिबंध लगा देगी ?
**- हिमंता बिस्वा सरमा,** सीएम, असम

### परिसीमन पर छल



हम महिला आरक्षण विधेयक का समर्थन करते हैं, लेकिन इस सरकार द्वारा इसे पेश करने का तरीका राजनीतिक रूप से प्रेरित है। हमारी मांग है कि इस संशोधन को राजनीतिक हथियार के रूप में इस्तेमाल करने के बजाय इसे लागू करें। दूसरा, सरकार परिसीमन पर छल कर रही है।
**- मल्लिकार्जुन खरगे,** अध्यक्ष, कांग्रेस


### कच्चे तेल की कीमतें



आरबीआई के पूर्वानुमानों के आधार पर, लगता है कि कच्चे तेल की कीमतों में आए अचानक उछाल के शांत होने के बाद ही ब्याज दरों में वृद्धि शुरू होगी। हालांकि, चिंता की बात यह है कि तब तक, जीएसटी युक्तिकरण के माध्यम से हासिल किया गया मूल्य सुधार बेअसर हो सकता है।
**- स्वामीनाथन पद्मनाभन, उद्यमी**

## करंट अफेयर

# चीन में कैथोलिक समुदाय पर बढ़ा सरकारी दबाव



चीन में कैथोलिक समुदायों पर दबाव बढ़ाया जा रहा है कि वे सरकार द्वारा नियंत्रित आधिकारिक गिरजाघर से जुड़ें और साथ ही करीब 1.2 करोड़ कैथोलिक पर निगरानी और यात्रा प्रतिबंध भी कड़े किए जा रहे हैं। एक मानवाधिकार समूह ने बुधवार को यह जानकारी दी। 'ह्यूमन राइट्स वॉच' की विस्तृत रिपोर्ट में कहा गया है कि बढ़ता हुआ यह दबाव एक दशक पुराने अभियान का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि सभी धार्मिक संप्रदाय और स्वतंत्र गिरजाघर आधिकारिक रूप से नास्तिक कम्युनिस्ट पार्टी के प्रति वफादार रहें। चीन में कैथोलिक समुदाय दो हिस्सों में बंटा रहा है- एक सरकारी गिरजाघर, जो पोप को नहीं मानता और दूसरा ऐसे चर्च, जो चोरी छिपे संचालित किए जाते हैं और वेटिकन के प्रति निष्ठावान हैं। पोप फ्रांसिस ने 2018 में वेटिकन-चीन समझौते के तहत बिशप की नियुक्ति में चीन को भूमिका दी थी, लेकिन इसके बावजूद दमन जारी है। चोरी छिपे संचालित गिरजाघरों के सदस्यों पर गिरफ्तारी, नजरबंदी और उत्पीड़न जैसी कार्रवाइयां की जा रही हैं। साथ ही धार्मिक गतिविधियों, विदेशी संपर्कों और पादरियों की विदेश यात्रा पर भी कड़े नियंत्रण लगाए गए हैं। पोप लियो 14वें से इस समझौते की समीक्षा करने और चीन पर दबाव बनाने की अपील की गई है।

## ऑफ बीट

# भोजन और दवाएं बदल सकती हैं त्वचा का रंग



जब हांगकांग में 84 वर्षीय एक व्यक्ति बढ़े हुए प्रोस्टेट के साथ अस्पताल गया, तो डॉक्टर यह देखकर चौंक गए कि उसकी त्वचा - और यहां तक कि उसकी आँखों का सफेद भाग भी धूसर रंग का हो गया था। ये मामले आर्गिरिया नामक स्थिति के उदाहरणों को दर्शाते हैं, जिसमें शरीर में चांदी के कण जमा हो जाते हैं। चांदी कभी अपने रोगाणुरोधी गुणों के कारण चिकित्सा उपचारों में मुख्य आधार थी। लेकिन आधुनिक साक्ष्य दर्शाते हैं कि बहुत अधिक मात्रा में इसके सेवन या अवशोषण से व्यक्ति की त्वचा में ऐसे परिवर्तन हो सकते हैं जो शायद ही कभी फीके पड़ते हैं। आर्गिरिया में, चांदी के आयन रक्तप्रवाह के माध्यम से प्रसारित होते हैं और त्वचा की ऊपरी सतह डर्मिस में समा जाते हैं। डर्मिस सतह के नीचे की एक परत है जहां शरीर उन्हें आसानी से साफ नहीं कर सकता है। यह वह परत है जिसमें टैटू पिगमेंट रहते हैं। इसी तरह की एक दुर्लभ घटना क्रिसियासिस है, जिसमें सोने का त्वचा में जमाव होता है। अतीत में पहले कभी सूजन संबंधी विकारों के लिए सोने पर आधारित उपचार किए जाते थे। कुछ मामलों में, इन उपचारों के बाद रोगियों में एक विशिष्ट भूरा या भूरा-बैंगनी रंग का विरंजन विकसित हुआ, जो आर्गिरिया की तरह, आसानी से ठीक नहीं किया जा सकता था।

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
**aapkepatra.haribhoomi@gmail.com** पर भेज सकते हैं।



## पश्चिम बंगाल एसआईआर मामले में सुप्रीम कोर्ट ने दिया बड़ा फैसला

# चुनाव से पहले अपीलीय मंजूरी वालों को मिलेगा वोट का अधिकार, चुनाव के बीच आईएएस-आईपीएस के ट्रांसफर से जुड़ी याचिका को कर दिया खारिज

### सुनवाई के दौरान संविधान के अनुच्छेद 142 का किया जिक्र

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली/ कोलकाता

पश्चिम बंगाल में चल रही एसआईआर प्रक्रिया को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने बड़ा और अहम फैसला सुनाया है। कोर्ट ने संविधान के अनुच्छेद 142 का उपयोग करते हुए यह सुनिश्चित किया है कि चुनाव से ठीक पहले तक अपीलीय ट्रिब्यूनल से मंजूरी पाने वाले लोगों को मतदान का अधिकार दिया जाएगा। सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया कि जिन लोगों के नाम अपीलीय ट्रिब्यूनल द्वारा चुनाव से दो दिन पहले तक मंजूर किए जाएंगे, उन्हें आगामी पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में वोट डालने की अनुमति होगी। कोर्ट ने चुनाव आयोग को निर्देश दिया है कि 21 अप्रैल या 27 अप्रैल 2026 तक अपीलीय आदेशों को लागू करते हुए एक पूरक संशोधित मतदाता सूची जारी की जाए, ताकि योग्य नागरिकों को मतदान से वंचित न होना पड़े।

**कोर्ट ने ट्रिब्यनल की मंजूरी को बताया आवश्यक**

पात्र मतदाताओं को मतदान से नहीं किया जा सकता वंचित



### अपील प्रक्रिया पूरी होना आवश्यक

कोर्ट ने पष्ट किया कि जिनकी अपील लंबित है, उन्हें केवल इसी आधार पर मतदान का अधिकार नहीं दिया जाएगा। यानी अपील प्रक्रिया पूरी होना आवश्यक होगा। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने यह भी कहा कि न्यायिक अधिकारियों द्वारा की गई यह पूरी जांच प्रक्रिया बेहद चुनौतीपूर्ण रही है, जिसे कम समय में पूरा करना एक वास्तविक रूप से कठिन कार्य था।

### चुनाव आयोग के फैसले को उचित ठहराया

सुप्रीम कोर्ट ने बंगाल के एक निवासी की याचिका को खारिज कर दिया है। याचिका में भारतीय चुनाव आयोग के उस फैसले को चुनौती दी थी, जिसके तहत राज्य में विधानसभा चुनावों की तारीखों के ऐलान के बाद बंगाल से सीनियर आईएएस -आईपीएस अधिकारियों के एक बैच का दूसरे राज्यों में ट्रांसफर कर दिया गया था। सीजेआई सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्य बागची और विपुल एम. पंचोली की बेंच ने कहा कि उठाए गए मुद्दों में कानून के अहम सवाल शामिल हैं। हालांकि, राज्य में चुनावों के पहले चरण को देखते हुए हम इस एसएलपी पर सुनवाई करने के इच्छुक नहीं हैं।

**बंगाल में चढ़ा सियासी पारा**



### सरमा ने ममता को दिया असम आने का न्योता, नॉनवेज खाने पर भी बोले

असम के असम हिमंत बिस्वा सरमा ने कूच बिहार में एक रैली को संबोधित करते हुए ममता पर कई मामलों को लेकर निशाना साधा। सरमा ने कहा कि ममता मांसाहारी भोजन को लेकर झूठा डर फैला रही हैं। ममता डर फैला रही हैं कि अगर बंगाल में भाजपा की सरकार बनी तो नॉन-वेज खाने पर रोक लगाई जाएगी। सरमा ने ममता को असम आने का निमंत्रण देते हुए कहा कि वे यहां देखें कि असम में नॉन-वेज मिलता है या नहीं।

**ममता के आरोप से हड़कंप**

## भाजपा चुनावों के दौरान बम लगाने की ताक में, एनआईए का दुरुपयोग हो रहा

बंगाल की राजनीति में उस समय हलचल मच गई जब सीएम ममता बेनर्जी ने भाजपा पर गंभीर आरोप लगाए। कूचबिहार के दिनहाटा मेंचुनावी रैली को संबोधित करते हुए उन्होंने दावा किया कि चुनाव के दौरान माहौल खराब करने की साजिश रची जा रही है। ममता ने कहा कि भाजपा चुनाव के समय राज्य में अशांति फैलाने के लिए बम लगाने की योजना बना रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि यह मतदाताओं में डर पैदा हो सके। ममता ने एनआईए की भूमिका पर भी सवाल खड़े किए। उन्होंने कहा कि केंद्रीय एजेंसियों का इस्तेमाल राजनीतिक उद्देश्य से किया जा रहा है। माहौल को और तनावपूर्ण बनाया जा रहा।



### एनआरसी लाने की कोशिश हो रही

ममताने माथाभंगा में एक चुनावी रैली में कहा कि महिला आरक्षण और परिसीमन से संबंधित विधेयकों को जोड़ना मतदाताओं के नाम हटाने और एनआरसी लागू करने की साजिश है। महिलाओं के आरक्षण और परिसीमन को जोड़कर भारत को बांटने की कोशिश की जा रही है।

**सीएम योगी ने टीएमसी को चुनौती**

## भाजपा सरकार बनी तो बंगाल की सड़कों पर झाड़ू लगाएंगे माफिया और मौलाना

चुनावी रण में उतरे उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने फिर ममता बेनर्जी और पर हमला बोला। सीएम योगी ने कांग्रेस, वामपंथियों और तृणमूल कांग्रेस को कठघरे में खड़ा करने के साथ भाजपा के विकास कार्यों को गिनाया। योगी ने मतदाताओं से कहा कि टीएमसी के गुंडे, माफिया भाजपा की सरकार में झाड़ू लगाएंगे।



### माफिया की हड्डी और पसली को बुलडोजर ठीक कर रहा

योगी ने कहा कि यहां माफिया राज का और कटमनी व करप्शन का अड्डा नहीं चाहिए। उत्तर प्रदेश में माफिया की हड्डी पसली बुलडोजर से ठीक की जा रही है।

### ममता दीदी राम नाम और दुर्गा पूजा नही करने देतीं

योगी ने कहा कि जिस तरह ममता दीदी राम नाम और दुर्गा पूजा से चिढ़ती हैं, उसी तरह उत्तर प्रदेश में भी चिढ़ थी। वे यहां पर पूजा -पाठ नहीं होने देती है।

**टीवीके का घोषणा पत्र जारी**



### परिवार प्रमुख को हर माह 2500 रुपए और 6 सिलेंडर मुफ्त

**चेन्नई।** अब अभिनेता से नेता बने विजय की पार्टी टीवीके ने चुनावी घोषणापत्र में कई वादे किए हैं। नुंगमबक्कम इलाके में ताज कोरोमंडल होटल में आयोजन किया गया। घोषणा पत्र में टीवीके ने कई लोकलुभावन वादे किए गए हैं, जैसे कि कुछ कर्ज माफी, परिवार प्रमुख को हर महीने 2500 रुपए की मदद और साल में 6 मुफ्त एलपीजी सिलेंडर देने की बात।

## खबर संक्षेप

### 28 साल बाद फैसला 15 आरोपियों को उम्रकैद

**अररिया।** बिहार के अररिया जिले में वर्ष 1998 के बहुचर्चित



हत्याकांड में करीब 28 साल बाद अदालत ने बड़ा फैसला सुनाया है। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायालय ने 15 आरोपियों को दोषी करार देते हुए उम्रकैद की सजा सुनाई है।प्रत्येक दोषी पर 20 हजार का अर्थदंड भी लगाया गया है। जुर्माना नहीं देने पर 6 माह की अतिरिक्त सजा होगी।

### धमकी के बाद स्पीकर गुप्ता को जेड सिक्योरिटी

**नई दिल्ली।** विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता को लगातार मिल रही



बम धमकियों और हालिया सुरक्षा चूक के बाद जेड श्रेणी की सुरक्षा दे दी गई है। विधानसभा परिसर की सुरक्षा भी पूरी तरह मजबूत की जा रही है। विधानसभा सचिवालय और अध्यक्ष कार्यालय को आधिकारिक ईमेल आईडी पर करीब 6-7 धमकी भरे ईमेल मिले।

### हरियाणा कांग्रेस ने 5 विधायकों को किया सस्पेंड

**चंडीगढ़।** हरियाणा के जिला नूंह की पुन्हाना सीट से विधायक



इलियास और जिला पलवल की हथीन सीट से विधायक इसराइल को कांग्रेस ने सस्पेंड कर दिया है। कांग्रेस पार्टी ने अपने कुल 5 विधायकों पर अनुशासनहीनता के आरोप में कार्रवाई की गई है। यह निर्णय राज्यसभा चुनाव में पार्टी के खिलाफ मतदान पर लिया है।

### दिल्ली-कश्मीर के बीच मालगाड़ी सेवा आज से

**नई दिल्ली।** उत्तरी रेलवे ने गुरुवार को बताया कि शुक्रवार से नई



दिल्ली के आदर्श नगर से कश्मीर के बडगाम के बीच संयुक्त पार्सल प्रोडक्ट रैपिड कार्गो सर्विस (जेपीपी-आरसीएस) ट्रेन चलाई जाएगी। उत्तरी रेलवे के बयान के अनुसार यह ट्रेन नई दिल्ली के आदर्श नगर स्टेशन और मध्य कश्मीर के बडगाम के बीच संचालित होगी।

### संसद में महिला आरक्षण और परिसीमन विधेयकों पर तीखी राजनीतिक बहस

# महिला आरक्षण को निष्कर्ष तक पहुंचाएंगे, परिसीमन को जरूरी बताया, पहले भी एक साथ कई विधेयकों पर चर्चा हुई

### गृह मंत्री शाह ने विपक्ष के तमाम आरोपों को किया खारिज, जवाब दिया




एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

संसद में आरक्षण और परिसीमन से जुड़े विधेयकों को लेकर जोरदार राजनीतिक बहस देखने को मिल रही है। सबसे बड़ा सवाल यह है कि आखिर सरकार इन दोनों अहम मुद्दों को एक साथ क्यों आगे बढ़ा रही है? इसी पर जवाब देते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने लोकसभा में साफ कहा कि दोनों विधेयकों को साथ लाने का उद्देश्य महिला आरक्षण को उसके तार्किक निष्कर्ष तक पहुंचाना है। यह बयान उन्होंने कांग्रेस सांसद केसी वेणुगोपाल की आपत्ति के जवाब में दिया, जिसमें उन्होंने कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल द्वारा पेश किए गए प्रस्ताव का विरोध किया था। सरकार का कहना है कि महिला आरक्षण को लागू करने के लिए परिसीमन जरूरी प्रक्रिया है। इसी वजह से दोनों विधेयकों को एक साथ पेश किया गया है, ताकि 33 प्रतिशत महिला आरक्षण को सही तरीके से लागू किया जा सके और लोकसभा व विधानसभा में सीटों का पुनर्गठन किया जा सके।

**विपक्ष बोला- बिल एक साथ क्यों?**



### तीन विधेयकों को साथ लाना सही नहीं

कांग्रेस सांसद केसी वेणुगोपाल ने कहा कि संविधान संशोधन विधेयक और अन्य विधेयकों को एक साथ लाना सही संसदीय प्रक्रिया नहीं है और यह नियमों के खिलाफ है। उन्होंने चेतावनी दी कि ऐसा करना ठीक नहीं होगा और इसके गंभीर परिणाम भी हो सकते हैं।

### मतदान की प्रक्रिया अलग, साथ लाने में दोष नहीं

शाह ने कहा कि संविधान संशोधन और सामान्य विधेयकों पर मतदान की प्रक्रिया अलग होती है, इसलिए दोनों को साथ लाने में कोई दिक्कत नहीं है। शाह ने यह भी कहा कि महिला आरक्षण को पूरी तरह लागू करने के लिए इन सभी विधेयकों को एक साथ लाना जरूरी है। उन्होंने बताया कि इनका विषय एक ही है, इसलिए इन्हें साथ में चर्चा के लिए लाया गया है। उन्होंने यह भी दावा किया कि पहले भी ऐसे उदाहरण रहे हैं, जब एक साथ कई विधेयकों पर चर्चा हुई है, जैसे 2023 में नारी शक्ति वंदन अधिनियम के समय हुआ था।शाह ने केंद्र शासित प्रदेश कानून (संशोधन) विधेयक 2026 को पेश करने का प्रस्ताव दिया।

**भाजपा ने विपक्ष पर किया पलटवार**

### दक्षिण भारत को भ्रमित नहीं किया जा रहा, कोई छिपा एजेंडा नहीं : तेजस्वी



भाजपा सांसद तेजस्वी सूर्या ने परिसीमन को लेकर कहा कि दक्षिण भारत के लोगों में बहुत बड़ा भ्रम फैलाया जा रहा है। सूर्या ने कहा कि परिसीमन कोई बैकडोर प्रोसेस नहीं है, ये संविधान के निर्धारित नियमों के आधार पर ही हो रहा है।

**विपक्ष ने किया विधेयक का विरोध**

### वेणुगोपाल को एक साथ लाने पर आपत्ति

सरकार की ओर से इस विधेयक को सामने रखने के साथ ही कांग्रेस सांसद केसी वेणुगोपाल ने इन तीनों विधेयकों



के पेश किए जाने का विरोध किया है। उन्होंने 131वां संशोधन विधेयक , केंद्र शासित प्रदेश कानून (संशोधन) विधेयक 2026 और परिसीमन विधेयक 2026 को सदन में लाने के खिलाफ आपत्ति जताई।

**लोकसभा अध्यक्ष बिरला का दिखा अलग अंदाज**

## थरूर जी ने ज्ञान दे दिया, राहुल और डीएमके को भी सुनाया



संसद के विशेष सत्र में 131वां संशोधन और परिसीमन विधेयक को लेकर जोरदार राजनीतिक टकराव देखने को मिला। सरकार ने लोकसभा में 3 अहम विधेयक पेश करने की प्रक्रिया शुरू की। विपक्ष ने कड़ा विरोध जताया। इसी बीच लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला एक अलग अंदाज में नजर आए। उन्होंने कांग्रेस नेता शशि थरूर राहुल गांधी और डीएमके सांसदों पर टिप्पणी की। उन्होंने संसद में महिला आरक्षण विधेयक पर चर्चा के दौरान कहा 'शशि थरूर जी ने ज्ञान दे दिया वेणुगोपाल जी को। या तो वेणुगोपाल जी ज्ञान प्राप्त नहीं कर पाए तो शशि थरूर जी को बोलने दिया।



### हरिवंश फिर होंगे राज्यसभा के उपसभापति, आज निर्वाचन

हरिवंश नारायण सिंह ने गुरुवार को राज्यसभा सचिवालय में उपसभापति पद के लिए नामांकन किया। वे जनता दल(यू) से दो बार निर्वाचित एवं दोनों बार राज्यसभा के उपसभापति रहे हैं।

### अखिलेश ने इस पर जल्दीबाजी और धोखेबाजी का लगाया आरोप



सपा नेता अखिलेश यादव ने कहा कि महिला विधेयक के पक्ष में हैं हम। आपको जल्दीबाजी क्यों है? आप जनगणना क्यों नहीं कराना चाहते? सेंसस ये इसलिए नहीं करना चाहते हैं कि जैसे ही जनगणना होगी, हम सब लोग जाति गणना मांगेंगे, जाति की गिनती के बाद हम आरक्षण मांगेंगे। इसलिए धोखा देकर लाना चाहते हैं।

### डीएमके के बालू ने तीनों बिलों का किया विरोध, सैंडविच बिल बताया



डीएमके सांसद टीआर बालू ने तीनों बिलों का विरोध करते हुए कहा कि ये तीनों बिल सैंडविच बिल हैं, हम विरोध करते हैं क्योंकि ये आपस में जुड़े हुए हैं। हमारी पार्टी इसका विरोध करती है। हमने काले झंडे दिखाए। इस पर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने उन्हें बीच में रोकते हुए कहा कि आप चाहे पीले झंडे दिखाओ या काले दिखाओ। इससे सदन को कोई फर्क नहीं पड़ता।

## बिहार के 4 नेताओं ने ली राज्यसभा में शपथ



गुरुवार को राज्यसभा चुनाव के जरिए निर्वाचित हुए 4नेताओं ने उच्च सदन में शपथ ली। इन चार नेताओं में दो राजनीतिक दल के प्रमुख हैं। इनमें पहला नाम है कि भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन और दूसरा नाम राष्ट्रीय लोक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा का है। दोनों नेता राज्यसभा में अपनी उपस्थिति दर्ज करवा रहे हैं।

**तिरंगे पर अशोक चक्र के प्रदर्शन के संबंध में दिशा-निर्देश देने की मांग**

# याचिकाकर्ता भावुक न हों, कुछ रचनात्मक कार्य करें

### सीजेआई, जस्टिस बागची और जस्टिस पंचोली की पीठ ने कहा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने एक याचिका पर सुनवाई करने से इनकार कर दिया। इसमें केंद्र और अन्य पक्षों को यह निर्देश देने की मांग की गई थी कि वे राष्ट्रीय ध्वज पर अशोक चक्र के प्रदर्शन के संबंध में दिशा निर्देश तैयार करें। सीजेआई सूर्यकांत,जस्टिस जॉयमाल्य बागची तथा जस्टिस विपुल एम. पंचोली की पीठ ने याचिकाकर्ता से कहा कि वे समाज के लिए कुछ रचनात्मक कार्य करें। सीजेआई ने कहा, इतना भावुक न हों।

**बेंच ने सुनवाई से किया इनकार**



### यह सब अधिकारियों पर निर्भर

सीजेआई ने याचिकाकर्ता से कहा कि आपका विचार अच्छा है। आपने संबंधित अधिकारियों को इस बारे में सूचित कर दिया है। अब यह अधिकारियों पर निर्भर करता है कि वे इस संबंध में क्या कदम उठाना चाहते हैं?

**याची ने एक तस्वीर पेश की थी**

उन्होंने याचिकाकर्ता से कहा कि उन्हें यह सुनकर दुख हुआ कि एक बच्चे ने कहा कि अशोक चक्र बंदर जैसा दिखता है। याचिकाकर्ता ने वाराणसी के एक चौराहे पर स्थापित अशोक चक्र की एक तस्वीर पीठ के समक्ष प्रस्तुत की थी।

**जस्टिस स्वर्णा कांता व केजरीवाल**

### दोबारा नहीं होगी सुनवाई, अतिरिक्त हलफनामे को रिकॉर्ड पर लिया



दिल्ली हाईकोर्ट में आप संयोजक अरविंद केजरीवाल से जुड़े मामले में अहम सुनवाई हुई। कोर्ट ने केजरीवाल के अतिरिक्त हलफनामे को रिकॉर्ड पर लेने की अनुमति दे दी है। केंद्र की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि यह मांग पहले ही खारिज की जा चुकी है। कोर्ट सुने तो कोई आपत्ति नहीं है।

**गाजियाबाद में 500 झुग्गियों में आग**

## एक-एक करके फटे सिलेंडर, 6 बच्चों के लापता होने की आशंका

एजेंसी ▶▶ गाजियाबाद

यहां के इंदिरापुरम थाना क्षेत्र के कनवानी गांव में गुरुवार दोपहर करीब 12 बजे भीषण आग लग गई। इसमें 500 से अधिक झुग्गियां देखते ही देखते जल उठीं। आग की लपटें दूर से ही दिखाई दे रही थीं। आग में करीब 6बच्चों के लापता होने की बात सामने आ रही है। हालांकि किसी अधिकारी ने अभी यह पुष्टि नहीं की है।

आग के तुरंत बाद झुग्गियों में रखे रसोई गैस सिलिंडर एक-एक करके फटने लगे। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस बल और दमकल विभाग की कई टीमें तुरंत मौके पर पहुंचीं। दमकल कर्मियों ने आग बुझाने का काम शुरू कर दिया। आग पर काबू पाने के लिए दर्जनों दमकल गाड़ियां लगाई गई हैं।



अमेरिका ने दिखाई सख्ती

# बात के साथ क्या अमेरिका कर रहा है घात...रूसी और ईरानी तेल पर 30 दिन की छूट खत्म, तेहरान के खिलाफ 'ऑपरेशन इकोनॉमिक फ्यूरी' चलाने की भी तैयारी

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन/ तेहरान

अमेरिका ने रूस और ईरान से तेल खरीद पर प्रतिबंधों में दी गई छूट को आगे बढ़ाने से साफ इनकार कर दिया है, जिससे पश्चिम एशिया संकट के चलते संकट से गुजर रहे वैश्विक ऊर्जा बाजार के लिए और परेशानी बढ़ सकती है। व्हाइट हाउस में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में अमेरिकी वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट ने कहा कि हम रूसी तेल पर दी गई सामान्य लाइसेंस (छूट) को नवीनीकृत नहीं करेंगे और न ही ईरानी तेल पर दी गई छूट को बढ़ाएंगे। अमेरिकी वित्त मंत्री ने साफ किया कि यह छूट केवल उन तेल खेपों पर लागू थी, जो 11 मार्च से पहले समुद्र में थीं और अब उनका उपयोग हो चुका है। बता दें, 5 मार्च को अमेरिका ने यूक्रेन युद्ध के चलते लगाए गए प्रतिबंधों के बावजूद भारत समेत कई अन्य देशों को रूसी तेल खरीदने के लिए 30 दिन की अस्थाई छूट दी थी। इस छूट की अवधि 11 अप्रैल को समाप्त हो गई। अब अमेरिका ने इस छूट की अवधि को आगे बढ़ाने से इनकार कर दिया है।

भारत ने मार्च में छूट का फायदा उठाते हुए रूस से तेल आयात दोगुना कर दिया था। मार्च के महीने में ही रूसी तेल का आयात 21 लाख बैरल प्रति दिन तक जा पहुंचा है। अमेरिका की ओर से मिली छूट का भारत ने जमकर फायदा उठाया है। इससे पहले अक्टूबर, 2025 में अमेरिकी पाबंदी लगाने के बाद से भारत का रूस से तेल आयात बेहद गिर गया था। यह तेल आयात नवंबर, 2025 में 18.5 लाख बैरल रोजाना से गिरकर फरवरी, 2026 तक 10.6 लाख बैरल प्रतिदिन पर आ गया था। अब छूट वापस लिए जाने के बाद भारत पर भी इसका असर होना तय है।

## छूट के दौरान भारत ने रूस से तेल आयात दोगुना कर दिया था

## चीन, ईरान से उसकी तेल आपूर्ति का 90 प्रतिशत से अधिक खरीद रहा

### चीन को भी चेतावनी


अमेरिकी वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट

अमेरिका ने ईरान और चीन के बीच तेल व्यापार को लेकर सख्त रुख अपनाते हुए संकेत दिया है कि वह इसमें शामिल संस्थानों पर कड़े कदम उठा सकता है। अमेरिकी वित्त मंत्री ने कहा कि ईरान, दुनिया में आतंकवाद को प्रायोजित करने वाले प्रमुख देशों में शामिल रहा है। चीन उसकी तेल आपूर्ति का 90 प्रतिशत से अधिक खरीद रहा था, जो चीन की कुल ऊर्जा जरूरतों का करीब 8 प्रतिशत हिस्सा है। अमेरिका का मानना है कि होर्मुज जलडमरूमध्य में जारी नाकेबंदी के चलते चीनी खरीद में अस्थाई ठहराव आ सकता है।

### ब्रेंट क्रूड का भाव गिरकर 94.49 डॉलर प्रति बैरल पहुंचा

अमेरिका और ईरान के बीच संभावित वार्ता को लेकर सकारात्मक संकेतों के बीच गुरुवार को अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में हल्की गिरावट दर्ज की गई। व्हाइट हाउस ने कहा है कि उसे पश्चिम एशिया में जारी तनाव को खत्म करने के लिए ईरान के साथ नई वार्ता की संभावना को लेकर आशा है, जिसके बाद बाजार में नरमी देखी गई। ब्रेंट क्रूड की कीमत 44 सेंट यानी 0.5% गिरकर 94.49 डॉलर प्रति बैरल पर आ गई, जबकि अमेरिकी वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट क्रूड 70 सेंट यानी 0.8% टूटकर 90.59 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया।

## होर्मुज की नाकेबंदी पर ईरान की यूएस को धमकी, कहा

## हममें इतनी ताकत पहली मिसाइल से ही अमेरिकी जहाजों को डुबो देंगे

अमेरिका ने अरब और ओमान की खाड़ी में ईरानी बंदरगाहों की पूरी तरह नाकेबंदी कर दी है। अब किसी भी देश का जहाज ईरान के बंदरगाहों पर न तो आ सकता है और न ही वहां से जा सकता है। अमेरिकी नौसेना के युद्धपोत ओमान की खाड़ी में लगातार गश्त कर रहे हैं। इस कार्रवाई पर ईरान के सर्वोच्च नेता मोजतबा खामेनेई के सैन्य सलाहकार मोहसिन रेजाई ने अमेरिका को सीधी धमकी दी है। उन्होंने कहा कि अगर अमेरिका होर्मुज जलडमरूमध्य की नाकेबंदी करने का फैसला करता है, तो ईरान अमेरिकी जहाजों को डुबो देगा। मोहसिन रेजाई को पिछले महीने ही सैन्य सलाहकार नियुक्त किया गया था। उन्होंने अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप पर तंज कसते हुए पूछा कि क्या ट्रंप अब होर्मुज जलडमरूमध्य के पुलिस बनना चाहते हैं? उन्होंने सवाल किया कि क्या यह वास्तव में आपका काम है? क्या यह अमेरिका जैसी शक्तिशाली सेना का काम है? रेजाई ने कहा कि अमेरिकी जहाज ईरान की पहली मिसाइल की मार से ही समुद्र में डूब जाएंगे। उन्होंने दावा किया कि ये जहाज निश्चित रूप से ईरानी मिसाइलों की चपेट में आ सकते हैं और हम इन्हें नष्ट कर सकते हैं।



### एक अमेरिकी बंधक सैनिक के बदले एक अरब डॉलर मांगेंगे

रेजाई ने यह भी कहा कि अगर अमेरिका ईरान पर जमीनी हमला करता है, तो यह ईरान के लिए और भी अच्छा होगा। उन्होंने दावा किया कि वे हजारों अमेरिकी सैनिकों को पकड़ लेंगे और फिर हर एक बंधक सैनिक के बदले अमेरिका से एक अरब डॉलर की मांग करेंगे। रेजाई ने साफ किया कि वे व्यक्तिगत रूप से युद्धविराम को आगे बढ़ाने के पक्ष में नहीं हैं।

## ईरान पर तेल कारोबार, बैंकिंग लेन-देन पर प्रतिबंध

डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन ने ईरान की कमर तोड़ने के लिए कड़े आर्थिक प्रतिबंधों के तहत 'ऑपरेशन इकोनॉमिक फ्यूरी' की तैयारी भी कर ली है। तेल कारोबार, बैंकिंग लेन-देन और विदेशी फंड पर कड़े प्रतिबंध भी लगाए जा रहे हैं, जिससे ईरान पर चौतरफा दबाव बनाया जा सके। अमेरिका के वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट ने कहा कि यह कदम ऑपरेशन इकोनॉमिक फ्यूरी के तहत उठाया जा रहा है। उनका कहना है कि पिछले एक साल से ईरान पर अधिकतम दबाव बनाया जा रहा है।

### उन देशों पर भी सख्ती जिनके पास ईरान के पैसे

अमेरिका अब उन देशों से भी सख्त कदम उठाने को कह रहा है, जिनके पास ईरान से जुड़े पैसे हैं। खासकर इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कोर और ईरानी नेतृत्व से जुड़े फंड को फ्रीज करने की मांग की जा रही है। ऐसे में अमेरिका ने साफ चेतावनी दी है कि अगर कोई देश ईरानी तेल खरीदता है या उसके पैसे अपने बैंकों में रखता है, तो उस पर सेकेंडरी सैंक्शन यानी अप्रत्यक्ष प्रतिबंध लगाए जा सकते हैं।

### अमेरिका ने चीन के दो बैंकों को चेताया

स्कॉट बेसेंट ने बताया कि इस संदर्भ में चीन के दो बैंकों को पत्र भेजे हैं। हालांकि, इन बैंकों के नाम सार्वजनिक नहीं किए गए हैं। अमेरिका ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि ये साबित होता है कि इन बैंकों के माध्यम से ईरानी धन का लेन-देन हो रहा है, तो उनके खिलाफ द्वितीयक प्रतिबंध लगाए जा सकते हैं। अमेरिका का कहना है कि हाल ही में ईरान की कुछ गतिविधियों, खासकर पड़ोसी खाड़ी देशों के साथ तनाव, की वजह से अब कई देश भी सतर्क हो गए हैं और पैसे के लेन-देन पर ज्यादा नजर रख रहे हैं।

अमेरिका ने होर्मुज में की नाकेबंदी

## यूएस नौसेना ने अब तक 10 ईरानी जहाजों को खदेड़ा

*अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने बताया कि उनके मिसाइल विध्वंसक युद्धपोत 'यूएसएस स्प्रुएंस' ने ईरान के झंडे वाले एक मालवाहक जहाज को वापस ईरान लौटने पर मजबूर कर दिया। यह इस क्षेत्र में चल रही अमेरिकी नाकेबंदी के तहत की गई नवीनतम कार्रवाई है। यह ईरानी जहाज बंदर अब्बास से निकला था। जहाज ने इस हफ्ते शुरू हुई नाकेबंदी की पाबंदियों से बचने का प्रयास किया। अमेरिकी युद्धपोत 'यूएसएस स्प्रुएंस' ने सफलतापूर्वक इस जहाज का रास्ता बदल दिया। अब यह जहाज वापस ईरान की ओर लौट रहा है। अमेरिकी सेना ने बताया कि सोमवार को नाकेबंदी शुरू होने के बाद से अब तक कुल 10 जहाजों को वापस भेजा जा चुका है।*



### 3 दिन में ईरान का समुद्री व्यापार रोका

सेंटकॉम के कमांडर एडमिरल ब्रैड कूपर ने कहा कि नाकेबंदी शुरू होने के मात्र 36 घंटों के भीतर अमेरिकी सेना ने ईरान के समुद्री व्यापार को प्रभावी ढंग से रोक दिया है। यह नाकेबंदी फारस की खाड़ी और ओमान की खाड़ी में स्थित ईरान के सभी बंदरगाहों पर लागू है। अमेरिकी सेना ने कहा कि वे केवल ईरानी बंदरगाहों पर जाने वाले जहाजों को रोक रहे हैं। जो जहाज गैर-ईरानी बंदरगाहों की ओर जा रहे हैं, उनके लिए होर्मुज में आवाजाही की पूरी आजादी बनी रहेगी।

## ईरान का यूरेनियम संवर्धन पर समझौते से स्पष्ट इनकार

ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बाघेई ने कहा कि ईरान अपने परमाणु संवर्धन अधिकारों से कोई समझौता नहीं करेगा। परमाणु ऊर्जा पर उसका अधिकार अंतरराष्ट्रीय कानून और परमाणु अप्रसार संधि (एनपीटी) पर आधारित है। तेहरान में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए बाघेई ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय कानून के तहत ईरान के वैध अधिकार पर कोई समझौता नहीं होगा। उन्होंने कहा कि शांतिपूर्ण परमाणु संवर्धन का अधिकार किसी बाहरी शक्ति की कृपा या रियायत नहीं है, जिसे दबाव या संघर्ष के समय वापस लिया जा सके। जब तक ईरान एनपीटी का सदस्य है, उसे इस संधि के सभी प्रावधानों का पूरा लाभ मिलना चाहिए। बाघेई ने कहा कि किसी भी संभावित समझौते के लिए पहले एक व्यापक ढांचा तय होना जरूरी है। जब तक बुनियादी शर्तें तय नहीं होतीं, तब तक युद्ध और शांति जैसे संवेदनशील मुद्दों पर विस्तृत बातचीत जल्दबाजी होगी।



दक्षिणी लेबनान में भीषण झड़पें

### इजराइली एयरस्ट्राइक में अस्पताल क्षतिग्रस्त

दक्षिणी लेबनान में बिन्त जेबील शहर में हिजबुल्ला लड़ाकों और इजराइली सेना के बीच गुरुवार सुबह भारी संघर्ष शुरू हो गया। इस दौरान इजराइल ने युद्धक विमानों और हेलीकॉप्टरों का इस्तेमाल किया। शहर के प्रवेश द्वारों और अल-मिहानिया इलाके में रुक-रुक कर झड़पें जारी हैं। वहीं, इजराइली बलों ने शहर के ग्रैंड मार्केट के प्रवेश क्षेत्र में कई घरों को भी ध्वस्त कर दिया। इसके अलावा, इजराइली लड़ाकू विमानों ने टेबनाइन शहर पर हवाई हमला किया, जिससे स्थानीय अस्पताल को भारी नुकसान पहुंचा है।



### हिजबुल्लाह का इजराइल पर हमला

लेबनान के सशस्त्र समूह हिजबुल्लाह ने दावा किया है कि उसके लड़ाकों ने पिछले 24 घंटों में 39 सैन्य अभियान चलाए हैं। इन हमलों में इजराइली बस्तियों, सैनिकों की टुकड़ियों और सैन्य वाहनों को निशाना बनाया गया। दक्षिणी सीमा और उत्तरी इजराइल में आमने-सामने झड़पें भी हुईं।

### हिजबुल्लाह को खत्म करके रहेंगे: नेतन्याहू

इजराइल के पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि इजराइली सेना दक्षिण लेबनान में हिजबुल्लाह के खिलाफ अभियान जारी रखेगी। नेतन्याहू ने बिंट जबील को हिजबुल्लाह का मुख्य गढ़ बताया और इसे पूरी तरह खत्म करने का संकल्प लिया। नेतन्याहू ने कहा कि इजराइल शांति के लिए लेबनान के साथ बातचीत कर रहा है। उनका लक्ष्य हिजबुल्लाह को खत्म करना और ताकत के जरिए शांति हासिल करना है।



### पीएम मोदी और राष्ट्रपति मैक्रों की बातचीत हुई



*गुरुवार को फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने पीएम मोदी से टेलीफोन पर बातचीत की है। अपनी एक 'एक्स' पोस्ट में पीएम ने इस वार्ता के बारे में बताते हुए कहा कि मुझे अपने प्रिय मित्र इमैनुएल मैक्रों से एक टेलीफोन कॉल प्राप्त हुई है। जिसमें हमने पश्चिम-एशिया की स्थिति पर चर्चा की है। साथ ही हम दोनों होर्मुज जलडमरूमध्य में सुरक्षा और नौवहन की स्वतंत्रता को तत्काल बहाल करने की आवश्यकता पर भी सहमत हो गए हैं। मैं और राष्ट्रपति मैक्रों क्षेत्र तथा उसके बाहर शांति और स्थिरता को बढ़ावा देने के लिए अपने घनिष्ठ सहयोग को बनाए रखेंगे।*

---

## खबर संक्षेप


### भ्रष्टाचार रोकने नेपाल में जांच पैनल गठित

**काठमांडू।** नेपाल में नई सरकार ने भ्रष्टाचार पर रोक लगाने के लिए बड़ा कदम उठाया है। पीएम बने बालेंद्र शाह की सरकार ने पूर्व और वर्तमान नेताओं व अधिकारियों की संपत्ति की जांच के लिए एक पैनल गठित किया है। सरकार के प्रवक्ता सस्मित पोखरेल ने बताया कि पांच सदस्यीय इस पैनल की अध्यक्षता सेवानिवृत्त सुप्रीम कोर्ट जज राजेन्द्र कुमार भंडारी करेंगे। इसका उद्देश्य पारदर्शिता लाना है।



### यूक्रेन में रूसी हमले में 16 लोगों की मौत

**कीव।** रूस ने यूक्रेन के नागरिक क्षेत्रों पर कई घंटे तक सैकड़ों ड्रोन और मिसाइलों से हमला किया। इस हमले में कम से कम 16 लोग मारे गए और 80 से अधिक लोग घायल हो गए। अधिकारियों ने बताया कि रूस ने लगभग 700 ड्रोन और कई बैलिस्टिक एवं क्रूज मिसाइलें दागीं, जिनका मुख्य निशाना आम नागरिक थे। बमबारी यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की की इस सप्ताह यूरोप की यात्रा के बाद हुई।



### लंदन में आंबेडकर की 136वीं जयंती मनाई

**लंदन।** लंदन स्थित भारतीय उच्चायोग ने पुष्पांजलि अर्पित कर 'भारत रत्न' डॉ. बी. आर. आंबेडकर की 136वीं जयंती मनाई। 'इंडिया हाउस' के आंबेडकर हॉल में आयोजित कार्यक्रम में 'फेडरेशन ऑफ अंबेडकराइट एंड बुद्धिस्ट ऑर्गेनाइजेशन्स' (एफएबीओ) ब्रिटेन के सदस्यों और छात्रों ने काव्यात्मक प्रस्तुतियां दीं।



व्यापार, निवेश और ग्रीन टेक्नोलॉजी पर सहयोग बढ़ाने पर फोकस

# पीएम मोदी ने की ऑस्ट्रियाई चांसलर से में मुलाकात, साइन किए गए 6 एमओयू

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी और ऑस्ट्रिया के चांसलर क्रिश्चियन स्टॉकर ने हैदराबाद हाउस में एक द्विपक्षीय बैठक की। इस बैठक में व्यापार, निवेश, ग्रीन टेक्नोलॉजी और जरूरी क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर फोकस किया गया। मोदी-स्टॉकर वार्ता के बाद, दोनों पक्षों ने छह समझौतों पर हस्ताक्षर किए, जिनमें एक समझौता भारतीय और ऑस्ट्रियाई कंपनियों को एक-दूसरे के यहां निवेश करने में सहायता के लिए एक त्वरित तंत्र स्थापित करने से संबंधित है। सैन्य क्षेत्र में सहयोग के लिए भी एक समझौता किया गया।

*यात्रा से निवेश संबंधों में नई ऊर्जा*

*सैन्य सहित कई क्षेत्रों में सहयोग*


पीएम मोदी और ऑस्ट्रिया के चांसलर स्टॉकर

### क्वांटम, सेमीकंडक्टर के क्षेत्र में हुई साझेदारी

पीएम मोदी ने कहा कि ऑस्ट्रिया की विशेषज्ञता को भारत की गति और व्यापकता के साथ मिलाकर, हम पूरी दुनिया के लिए विश्वसनीय प्रौद्योगिकी और आपूर्ति श्रृंखला सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने कहा कि हम रक्षा, सेमीकंडक्टर, क्वांटम और जैव प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में भी अपनी साझेदारी को मजबूत करेंगे। चांसलर की यात्रा द्विपक्षीय व्यापार और निवेश संबंधों में नई ऊर्जा का संचार करेगी। हमें खुशी है कि वह एक व्यापक दृष्टिकोण और एक बड़े व्यापारिक प्रतिनिधिमंडल के साथ भारत आए हैं।

### भारत की विकास यात्रा सराहनीय: चांसलर

क्रिश्चियन स्टॉकर ने भारत की विकास यात्रा की सराहना करते हुए कहा कि देश बुनियादी ढांचे और प्रौद्योगिकी में बड़े पैमाने पर निवेश कर रहा है। भारत यूरोपीय संघ के लिए दक्षिण एशिया में सबसे महत्वपूर्ण व्यापारिक साझेदार है। भारत लगभग 7 प्रतिशत की दर से बढ़ रहा है, बुनियादी ढांचे और तकनीक में बड़े पैमाने पर निवेश कर रहा है। ऑस्ट्रिया जैसे छोटे लेकिन अत्यधिक नवोन्मेषी निर्यातक देश के लिए यह एक बड़ा अवसर है, जिसे हम सक्रिय रूप से अपनाना चाहते हैं। वैश्विक अनिश्चितताओं के दौर में मजबूत साझेदारियां ही आर्थिक सफलता की कुंजी हैं।

### सैन्य संघर्ष से समाधान संभव नहीं

पीएम नरेंद्र मोदी ने पश्चिम एशिया और यूक्रेन में चल रहे संघर्षों के शांतिपूर्ण समाधान की वकालत की। पीएम ने यूक्रेन और पश्चिम एशिया में जारी युद्ध पर चिंता व्यक्त करते की और कहा कि आज पूरी दुनिया एक बहुत ही गंभीर और तनावपूर्ण स्थिति से गुजर रही है। दुनिया में व्याप्त इस तनावपूर्ण स्थिति का प्रभाव हम सभी महसूस कर रहे हैं। पीएम ने कहा कि भारत और ऑस्ट्रिया इस बात पर सहमत हैं कि सैन्य संघर्ष से समस्याओं का समाधान नहीं हो सकता। हम यूक्रेन और पश्चिम एशिया में स्थिर, टिकाऊ और दीर्घकालिक शांति का समर्थन करते हैं।

### रविवार को आएंगे दक्षिण कोरियाई राष्ट्रपति

*दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति ली जे म्युंग रविवार से भारत की तीन दिवसीय यात्रा पर आ रहे हैं। इस यात्रा का उद्देश्य व्यापार, रक्षा और महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकियों में द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करना है। राष्ट्रपति ली सोमवार को पीएम नरेंद्र मोदी के साथ व्यापक बातचीत करेंगे। दोनों पक्षों के बीच कई क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग बढ़ाने के लिए समझौतों पर मुहर लगने की संभावना है। दक्षिण कोरिया के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार वाई सुंग-लाक ने सियोल में कहा कि ली की यात्रा के मद्देनजर दोनों देश रणनीतिक क्षेत्रों में आर्थिक सहयोग का नया अध्याय खोलेंगे।*



दिल्ली बम ब्लास्ट आरोपी से निदा खान का कनेक्शन

## 'व्हाइट कॉलर' आतंकी साजिश की जांच में जुटी एनआईए, स्पेशल सेल

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

नासिक स्थित टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) की एचआर एग्जीक्यूटिव निदा खान के पाकिस्तानी आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद की आतंकी डॉ. शाहीन शाहिद से जुड़ने के मामले की जांच करने दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल नासिक जा सकती है। निदा खान, लाल किला बम धमाके की आरोपित डॉ. शाहीन शाहिद के साथ लंबे समय से जुड़ी रही है। मुकदमा दर्ज होने के बाद से निदा खान फरार है। इस संबंध में नासिक पुलिस ने स्पेशल सेल को भी सूचित कर दिया है। निदा खान उन कट्टरपंथी नेटवर्क के संपर्क में थी जो शाहीन के जैश-ए-मोहम्मद से जुड़े महिला विंग से जुड़े हुए हैं। जांच एजेंसियां अब इस पूरे मामले को एक 'हाइब्रिड' या 'व्हाइट-कालर' आतंकी साजिश के तौर पर देख रही है, जहां कॉर्पोरेट कार्यालयों का उपयोग कट्टरपंथ फैलाने और भर्ती करने के लिए किया जा रहा था। एसआईटी डिजिटल सुबूतों, वॉट्सएप चैट और अन्य दस्तावेज को खंगाल रही हैं।


डॉ. शाहीन शाहिद    निदा खान

### छनानी 14 दिन की न्यायिक हिरासत में

मामले में गिरफ्तार टीसीएस असिस्टेंट जनरल मैनेजर अश्विनी अशोक छनानी को बुधवार को अदालत ने 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। अदालत ने स्पष्ट किया कि आवश्यकता पड़ने पर पुलिस हिरासत का अधिकार सुरक्षित रहेगा। अश्विनी की कोर्ट में पेशी के दौरान सहायक सरकारी अभियोजक अनिकेत आह्राड ने कहा कि आरोपित कंपनी में उच्च पद पर कार्यरत है और बाहर रहने पर साक्ष्यों के साथ छेड़छाड़ या गवाहों को प्रभावित कर सकती है। आरोपों के बाद गुरुवार को अधिवक्ता अश्विनी कुमार उपाध्याय द्वारा सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका दायर की गई। इसमें धोखाधड़ी से होने वाले मतांतरण को रोकने के लिए निर्देश देने की मांग की गई है।

भारत-अमेरिका ऊर्जा साझेदारी पर जोर

## सर्जियो गोर और पुरी की अहम बैठक द्विपक्षीय सहयोग को और मजबूत करेंगे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत-अमेरिका के बीच ऊर्जा सहयोग को और मजबूत बनाने के उद्देश्य से भारत में अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर और पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी के बीच महत्वपूर्ण बैठक हुई। इस दौरान ऊर्जा सुरक्षा बढ़ाने और नए अवसरों को आगे बढ़ाने पर चर्चा की गई। बैठक के बाद सर्जियो गोर ने सोशल मीडिया पर जानकारी देते हुए कहा कि दोनों देशों के बीच ऊर्जा साझेदारी को आगे बढ़ाने पर सकारात्मक बातचीत हुई। उन्होंने भरोसेमंद अमेरिकी ऊर्जा तक पहुंच के विस्तार को आर्थिक संबंधों को मजबूत करने वाला कदम बताया।



हरदीप सिंह पुरी ने भी बैठक को सार्थक बताते हुए कहा कि दोनों देशों के बीच ऊर्जा सहयोग को और सुदृढ़ बनाने के तरीकों पर विचार-विमर्श किया गया। उन्होंने अमेरिकी राजदूत का स्वागत करते हुए इस साझेदारी को अहम बताया। राजदूत सर्जियो गोर ने संकेत दिया कि भारत-अमेरिका संबंधों को और मजबूत करने के लिए आने वाले दिनों में कुछ बड़े फैसले सामने आ सकते हैं।

परमाणु ऊर्जा से चंद्रमा पर बने बेस, रोवर्स और मशीनों को चलाएगा यूएस

# ट्रंप ने चंद्रमा पर न्यूक्लियर रिएक्टर लगाने का दिया आदेश

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अंतरिक्ष में वर्चस्व कायम करने के लिए दुनिया के कई देशों के बीच होड़ मची हुई है। इनमें अमेरिका, चीन और रूस जैसे देशों का नाम प्रमुख रूप से शामिल है। अब इस बीच अंतरिक्ष को लेकर अमेरिका बड़ी तैयारी कर रहा है। अंतरिक्ष में इंसानों को भेज चुका अमेरिका अब परमाणु शक्ति को अंतरिक्ष में अपना हथियार बनाने की तैयारी में लगा है। व्हाइट हाउस ने एक नया आदेश जारी किया है, जिसनी दुनिया की अंतरिक्ष एजेंसियों का हैरान कर दिया है। व्हाइट हाउस ने नासा और रक्षा विभाग को चंद्रमा पर न्यूक्लियर रिएक्टर लगाने का आदेश दिया है, जिसकी डेडलाइन 2030 तक तय की गई है।

चंद्रमा पर परमाणु रिएक्टर से बिजली पैदा करेगा अमेरिका | मंगल और चंद्रमा पर स्थाई इंसानी बस्तियां बसाने में अहम योजना


हाल ही में नासा आर्टेमिस-2 मिशन में ली गई चंद्रमा की तस्वीर, इनसेट में डोनाल्ड ट्रंप

### 2030 तक की समयसीमा तय की अमेरिका ने

अमेरिका की सरकार ने साल 2028 तक अंतरिक्ष आर्बिट में और 2030 तक चंद्रमा की सतह पर परमाणु रिएक्टर स्थापित करने की समयसीमा तय की है। अंतरिक्ष में अमेरिका का परमाणु रिएक्टर लगाने का मकसद बिजली पैदा करना है। यह एक मशीन की तरह है, जिससे निकली ऊर्जा से चंद्रमा पर बने बेस, रोवर्स और मशीनों को चलाया जा सके।

### सूर्य की रोशनी न होने से ऊर्जा संकट

अभी तक अंतरिक्ष यान को मुख्य तौर पर सोलर एनर्जी या केमिकल फ्यूल से चलाया जाता है। लेकिन चंद्रमा के चंद्रमा के अंधेरे इलाकों या मंगल जैसे सुदूर ग्रहों पर सूर्य की रोशनी से ठीक से नहीं पहुंचती है। इसलिए वहां पर ऊर्जा संकट है। अमेरिका मानता है कि चंद्रमा और मंगल पर स्थायी इंसानी बस्तियां बसाने के लिए सिर्फ परमाणु ऊर्जा ही विकल्प है, जो बिना रुके बिजली, गर्मी प्रदान कर सकता है।

## जेके रोड स्थित फिनिक्स एचपीसीएल एजेंसी पर गड़बड़ी आई सामने

# बिना ओटीपी बेच दिए 684 सिलेंडर, उपभोक्ताओं को मिले डिलीवरी मैसेज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

गैस सिलेंडरों की किल्लत के साथ गैस एजेंसी संचालक भी गैस सिलेंडरों की कालाबाजारी में कूद गए हैं। जेके रोड स्थित मेसर्स फिनिक्स गैस एजेंसी में एचपी कंपनी ने चार दिनों में नया स्टॉक नहीं भेजा, जिसके बाद बुधवार को एजेंसी पर उपभोक्ताओं ने हंगामा शुरु कर दिया। दरअसल यहां पर दो दर्जन से अधिक लोग मोबाइल पर डिलीवरी का मैसेज दिखाने एजेंसी पहुंचे। जिसमें बताया गया कि घर पर सिलेंडर डिलीवर नहीं होने के बाद भी मोबाइल में डिलीवरी का मैसेज आया है। एजेंसी मैनेजर गौरव शिल्पकार के जानकारी नहीं देने के बाद उपभोक्ताओं ने हंगामा शुरु कर दिया। जिसके बाद पुलिस और खाद्य विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर संभाला।

**एचपी कंपनी ने रोकी सिलेंडरों की डिलीवरी, उपभोक्ताओं ने किया हंगामा**

**रिटायर सहायक आपूर्ति अधिकारी बीपी शर्मा चला रहे एजेंसी**



जहांगीराबाद स्थित गैस एजेंसी पर भीड़।

**नया स्टॉक मिला, विभाग कर रहा पुराने रिकॉर्ड की जांच**

जांच टीम को दो दर्जन से अधिक उपभोक्ताओं ने शिकायत में बताया कि उनके घर पर गैस सिलेंडर की डिलीवरी नहीं हुई और मोबाइल पर डिलीवर्ड का मैसेज आया है। जांच में पता चला है कि 8 और 9 अप्रैल को दो ट्रक सिलेंडर (684) सिलेंडर गैस एजेंसी पर भेजे गए थे, लेकिन बिना ओटीपी के सिलेंडर बांट दिए गए। जिसके बाद एचपी कंपनी ने एजेंसी को सिलेंडर का स्टॉक नहीं भेजा था। ऑइल कंपनी ने पुराने सिलेंडरों का रिकॉर्ड मांगा है। खाद्य विभाग की कोशिश के बाद नया स्टॉक मिल गया है, लेकिन पुराने रिकार्ड की जांच की जा रही है।

### एजेंसी संचालक का तर्क, ताले लगे मिले

उपभोक्ताओं को आने वाले मैसेज को लेकर संचालक भानूप्रताप शर्मा का कहना है कि इन उपभोक्ताओं के घर ताले लगे होने की वजह से ऐसा हुआ है। आगे इन उपभोक्ताओं को सिलेंडर डिलीवर कर दिया जाएगा।

### जांच के बाद लेंगे एक्शन

फिनिक्स एजेंसी पर गड़बड़ी को लेकर उपभोक्ताओं ने शिकायत दर्ज कराई हैं। जिसके आधार पर एजेंसी के ऑनलाइन रिकार्ड को खंगाला जा रहा है। दो ट्रक सिलेंडरों के स्टॉक को लेकर जांच कराई जा रही है। जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।
**चंद्रभान सिंह जादौन, जिला आपूर्ति**

**44 सौ रुपए सिक्योरिटी मनी जमा करना पड़ेगी**

**नजदीकी गैस एजेंसी पर देना पड़ेगा शादी कार्ड और आधार**

## शादी का कार्ड दिखाने में मिलेंगे दो कॉमर्शियल सिलेंडर

**भोपाल।** शादियों का सीजन शुरु होने के बाद गैस कंपनियों ने शादी समारोह वाले परिवारों को राहत दी है। जिसके तहत शादी का कार्ड और आधार कार्ड देकर नजदीकी गैस एजेंसी से दो कॉमर्शियल सिलेंडर लिए जा सकेंगे। इसके लिए 44 सौ रुपए अतिरिक्त सिक्योरिटी राशि भी जमा करना पड़ेगी। जबकि 1850 रुपए प्रति सिलेंडर गैस की राशि भी देना पड़ेगी। दो से तीन दिन में सिलेंडर को एजेंसी पर वापस करना पड़ेगा। इसके बाद जमा डिपोजिट राशि उपभोक्ता को वापस कर दी जाएगी।

जिला आपूर्ति अधिकारी चंद्रभान सिंह जादौन ने बताया कि सभी गैस एजेंसियों के संचालकों को इसकी जानकारी दे दी गई है। शादी वाले परिवार से जुड़े लोग शादी के कार्ड के साथ आईडी प्रूफ के साथ एक आवेदन भी देंगे। कैटर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष रिंकू भटेजा का कहना है कि सिलेंडर नहीं मिलने की वजह से लकड़ी के चूल्हे जलाकर खाना बनाना पड़ रहा है। नई व्यवस्था लागू जरूरी दी गई है। लेकिन इससे पूर्ति नहीं हो पाएगी। सिलेंडर की संख्या को ओर बढ़ाया जाना चाहिए।

**खबर संक्षेप**

### ग्रीन वेस्ट रोड किनारे फेंकने पर स्पॉट फाइन



**भोपाल।** नगर निगम के जोन-8 में गुरुवार को स्वास्थ्य अमले ने रोड किनारे ग्रीन वेस्ट फेंकने पर दो हजार रुपए का जुर्माना किया। इसी तरह अमानक प्लास्टिक मिलने पर नेहरू नगर में वाइन शॉप पर पांच हजार, अमानक प्लास्टिक मिलने पर एक अन्य दुकान पर पांच सौ रुपए का स्पाट फाइन किया। इस तरह आसपास की दुकानों से 4300 रुपए जुर्माने के रूप में वसूल किए। अमानक प्लास्टिक और गंदगी मिलने पर निगम अमले ने 9 हजार रुपए से ज्यादा वसूल किए। जोन-8 के एएचओ रविंद्र सिंह यादव ने बताया कि जोन में आने वाले बाजारों, सार्वजनिक स्थलों पर गंदगी फैलाने, अमानक प्लास्टिक, ग्रीन वेस्ट मिलने पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। पब्लिक पैलेस पर किसी भी तरह की गंदगी मिलने पर स्पॉट फाइन किया जाएगा। आगे भी इस तरह की मुहिम जारी रहेगी।

### मंत्री परमार ने मप्र टॉपर प्रतिभा को दी बधाई

**भोपाल।** उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री और पन्ना जिले के प्रभारी मंत्री इन्दर सिंह परमार ने गुरुवार को वीडियो कॉल के माध्यम से मप्र बोर्ड (माध्यमिक शिक्षा मंडल) द्वारा आयोजित कक्षा 10वीं की परीक्षा में प्रदेश की प्रावीण्य सूची में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली, गुन्नौर निवासी छात्रा प्रतिभा सिंह सोलंकी को बधाई दी। मंत्री परमार ने छात्रा प्रतिभा के माता-पिता को भी बधाई दी। उन्होंने परिजन से कहा कि आपकी बिटिया ने पूरे प्रदेश का मान बढ़ाया है। उन्होंने बेटी प्रतिभा से संवाद भी किया।

### निगम अमले ने 134 पानी के सैंपल लिए

**भोपाल।** नगर निगम के जल कार्य विभाग के अमले ने गुरुवार को शहर के विभिन्न क्षेत्रों से 134 पानी के सैंपल लिए और जांच के लिए लैब भेजे। इसके अलावा शहर के अलग-अलग क्षेत्रों में 55 लीकेज सुधारे। सीएम हेल्पलाइन और महापौर हेल्पलाइन पर दर्ज शिकायतों का भी निराकरण किया गया। महापौर मालती राय के निर्देश एवं निगम आयुक्त संस्कृति जैन के आदेश पर शहर के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के दलों द्वारा बीते तीन माह से पानी के सैंपल लेने का काम किया जा रहा है। इस दौरान लीकेज भी सुधारे जा रहे हैं।

## खुले गड्ढे, बिखरे बैरिकेड्स और धूल से बिगड़ रहे हालात, स्थानीय लोगों के हाल हुए बेहाल

**रोजाना गुजरते हैं 50 हजार वाहन**

# अयोध्या बायपास टेन लेन निर्माण कार्य ने बढ़ाई लोगों की परेशानियां


आश्रम चौराहे से जेल रोड पर बन रही सड़क पर बैरिकेड्स नहीं लगे हैं, जिससे हादसे होते हैं।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अयोध्या बायपास को 4 लेन से 10 लेन करने का काम तेजी से चल रहा है, लेकिन यह विकास कार्य अब लोगों के लिए परेशानी का कारण बनता जा रहा है। रत्नागिरी चौराहे से आसाराम तिराहे तक 16 किलोमीटर लंबे इस प्रोजेक्ट की शुरुआत 20 जनवरी से हुई थी। इसका उद्देश्य ट्रैफिक कम करना और एयरपोर्ट तक सफर आसान बनाना है, लेकिन जमीनी हकीकत इससे बिल्कुल उलट है।

### सुरक्षा के नाम पर लापरवाही...

निर्माण कार्य के दौरान सुरक्षा के जरूरी इंतजाम नहीं किए गए हैं। सड़क पर कहीं भी सही बैरिकेड्स नहीं हैं, न ही रात में रेडियम लाइट की व्यवस्था है। ऐसे में वाहन चालकों को अंधेरे में भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। सड़क पर जगह-जगह गड्ढे हैं और धूल का गुबार उड़ता रहता है, जिससे हादसों का खतरा लगातार बना हुआ है। स्थानीय लोगों का कहना है कि रोजाना करीब 50 हजार वाहन इस सड़क से गुजरते हैं, लेकिन उनके सुरक्षित आवागमन के लिए कोई वैकल्पिक व्यवस्था नहीं की गई है। कई जगहों पर सीमेंट के बैरिकेड्स को यूं ही छोड़ दिया गया है, जो दुर्घटनाओं की बड़ी वजह बन सकते हैं।

### लोगों के जानमाल के साथ खिलवाड़ करता दिखाई दे रहा निर्माण कार्य



निर्माण के दौरान कई छोटे-बड़े हादसे भी हो चुके हैं, लेकिन इसके बावजूद जिम्मेदार एजेंसियां लापरवाही बरत रही हैं। हालांकि इस प्रोजेक्ट से करीब 20 लाख लोगों को भविष्य में लाभ मिलने की उम्मीद है, लेकिन फिलहाल यह काम लोगों की जान के साथ खिलवाड़ करता नजर आ रहा है। नियमों को दरकिनार कर किए जा रहे इस निर्माण कार्य ने प्रशासन और ठेकेदारों की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। इस संबंध में एनएचएआई के अधिकारियों का कहना है कि सुरक्षा का पूरा ध्यान रखा जा रहा हैं बैरिकेडस लगाए गए हैं। रोड के किनारे डामरीकरण भी करवाया जा रहा है।

**राज्यमंत्री गौर ने सड़क निर्माण कार्य का किया भूमिपूजन**

### अयोध्या बायपास से विदिशा की कनेक्टिविटी होगी आसान, 6.20 करोड़ से बनेगा 3 किमी लंबा रोड

**भोपाल।** पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री कृष्णा गौर ने गुरुवार को 3 किलोमीटर लंबी सड़क के निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया। खेजड़ा बरामद मार्ग के इस विकास कार्य से विदिशा रोड से अयोध्या बायपास रोड की कनेक्टिविटी और ज्यादा सुलभ होगी। इस सड़क निर्माण कार्य पर करीब 6 करोड़ 20 लाख रुपए की लागत आएगी। राज्यमंत्री गौर ने कहा कि



यह सड़क क्षेत्र के विकास में अहम भूमिका निभाएगी और भविष्य में व्यापारिक एवं सामाजिक गतिविधियों को भी बढ़ावा देगी।

## कलेक्टर ने कई मुद्दों पर मीडिया से की बात

# अवैध कॉलोनियों पर फिर चलेगी जेसीबी, बड़े तालाब से हटेंगे कब्जे

**कसावट लाने अधिकारियों के प्रभार में करेंगे जरूरी बदलाव**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

आने वाले दिनों में प्रशासनिक स्तर पर बदलाव देखने को मिल सकते हैं। जरूरत के अनुसार टीम में फेरबदल किया जाएगा, जिससे कामकाज को और अधिक प्रभावी बनाया जा सके। इसका मतलब साफ है कि भोपाल में जल्द ही एक नई प्रशासनिक टीम तैयार होगी, जो नए विजन और नई कार्यशैली के साथ काम करेगी।

यह बात गुरुवार को कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने मीडिया से बातचीत में कही। उन्होंने कहा कि राजधानी में अवैध कालोनियों पर बुलडोजर की कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि राजधानी में जनगणना 2027 के दौरान सही जानकारी उपलब्ध करवाएं, क्योंकि गलत जानकारी देश व पीढ़ी के लिए नुकसानदायक साबित होगी। शहर में लंबित सभी कामों को प्राथमिकता के साथ शुरू कराया जाएगा और किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि जनगणना के आधार पर ही सरकार शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, आवास और अन्य विकास योजनाएं तैयार करती है। ऐसे में अगर डेटा गलत होगा तो पूरी योजना की दिशा ही भटक सकती है। इसके अलावा बड़ा तालाब के 50 मीटर दायरे में चिह्नित अतिक्रमणों को लेकर कहा कि इसमें प्रशासन की जितनी भूमिका होगी उसे निभाया जाएगा, वहीं अवैध कब्जे भी हटाए जाएंगे।

### गरीब-अमीर बताने से करें परहेज

कलेक्टर ने कहा कि कई बार लोग व्यक्तिगत कारणों से अपनी आर्थिक या सामाजिक स्थिति को गलत तरीके से प्रस्तुत करते हैं। कोई खुद को ज्यादा गरीब दिखाता है तो कोई ज्यादा संपन्न। लेकिन उन्होंने दो टूक कहा कि इस तरह की गलत जानकारी केवल सिस्टम को गुमराह करती है और भविष्य की योजनाओं को नुकसान पहुंचाती है। जनगणना का डेटा पूरी तरह गोपनीय और नेमलेस होता है, इसका सीधा संबंध किसी व्यक्ति को मिलने वाली योजना या लाभ से नहीं होता।

## मातृ मृत्यु के कारणों की जांच के लिए हुई समीक्षा

# सभी डिलीवरी पॉइंट्स का बनाया जाए व्हाट्सएप ग्रुपः डॉ. मनीष


समीक्षा बैठक लेते सीएमएचओ।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मातृ मृत्यु प्रकरणों की विस्तृत पड़ताल के लिए जेपी अस्पताल में मातृ मृत्यु समीक्षा बैठक आयोजित हुई। जिसमें जिले में हुई विभिन्न मैटरनल डेथ के चिकित्सकीय कारणों की पड़ताल की गई। बैठक में क्षेत्रीय संचालक डॉ नीरा चौधरी, सीएमएचओ डॉ मनीष शर्मा, जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ पूनम श्रीवास्तव, फोग्सी अध्यक्ष डॉ आभा जैन सहित स्त्री रोग विशेषज्ञ एवं विभिन्न अस्पतालों के चिकित्सक शामिल हुए। बैठक में क्लीनिकल डायग्नोसिस, सोनोग्राफी, पैथोलॉजी जांच, हाईरिस्क फैक्टर के आधार पर मृत्यु के प्रकरणों की गहन जांच की गई। साथ ही चिकित्सा देने वाले डॉक्टर्स, पैरामेडिकल स्टाफ, मैदानी स्वास्थ्य कार्यकतार्ओं से फीडबैक लिया गया। बैठक में सीएमएचओ डॉ मनीष शर्मा ने निर्देश दिए कि गर्भवती महिलाओं की सभी जांच, पंजीयन, हाई रिस्क चिन्हांकन, रेफरल, उपचार को पूरी गंभीरता के साथ किया जाएं। उपचार एवं रेफरल के सभी दस्तावेज पूरी तरह से भरकर संस्था में संधारित किए जाएं।

गर्भवती महिलाओं की देखभाल में लापरवाही या मृत्यु होने पर संबंधितों पर जवाबदेही तय की जाएगी। बैठक के दौरान डॉ शर्मा ने कहा कि इन प्रकरणों की तुरंत सूचना एवं आवश्यक प्रबंधन के लिए सभी डिलीवरी पॉइंट्स का व्हाट्सएप ग्रुप बनाया जाए। महिला को दूसरे अस्पताल में रेफर करना आवश्यक होने पर इसकी पूर्व सूचना संबंधित अस्पताल को देकर ही रेफरल किया जाए। रेफरल पश्चात भी महिला का निरंतर फॉलोअप किया जाएं। रेफरल 108 एंबुलेंस के माध्यम से सुनिश्चित किया जाए।

# ओपन बोर्ड ने जारी किए सुपर 100 प्रवेश परीक्षा के परिणाम





हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा बोर्ड ने सुपर-100 प्रवेश परीक्षा का परिणाम घोषित कर दिया है। विद्यार्थी परीक्षा परिणाम ओपन स्कूल की बेवसाइट पर देख सकते हैं। उल्लेखनीय है कि मप्र राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा प्रदेश के शासकीय विद्यालयों में कक्षा 10वीं में अध्ययनरत विद्यार्थियों के लिए सुपर-100 प्रवेश परीक्षा का 22 मार्च को आयोजन किया गया था। यह परीक्षा प्रदेश के सभी जिला मुख्यालय में बनाए गए परीक्षा केंद्रों पर हुई थी। अब 15 अप्रैल को बोर्ड द्वारा इसका रिजल्ट भी जारी कर दिया गया हैं। परीक्षा में प्रदेश के शासकीय विद्यालयों में कक्षा 10वीं में अध्ययनरत विद्यार्थी ही हिस्सा ले सकते हैं। परीक्षा के आधार पर चयनित बच्चों को प्रदेश के दो विद्यालयों शासकीय सुभाष उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, भोपाल एवं शासकीय मल्हार आश्रम उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, इंदौर में कक्षा 11वीं में प्रवेश दिया जाता है। जहां पर विद्यार्थी अपनी नियमित पढ़ाई के साथ-साथ जेई एवं नीट की कोचिंग करते हैं।

■ ओपन स्कूल की बेवसाइट पर विद्यार्थी देख सकते हैं अपना रिजल्ट

## मंत्री परमार की विशेष उपस्थिति में आयोजित हुआ समारोह

# क्लाइमेट चेंज एंड बायो डायवर्सिटी विषय पर आधारित पुस्तिका का एसपीएम में विमोचन


पुस्तिका का विमोचन।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी स्थित शासकीय डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी विज्ञान एवं वाणिज्य महाविद्यालय में गुरुवार को आयोजित क्लाइमेट चेंज एंड बायोडायवर्सिटी विषय पर राष्ट्रीय वेबिनार पर आधारित पुस्तिका का विमोचन किया गया।

विमोचन समारोह का आयोजन मंत्री उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष विभाग इंदर सिंह परमार की विशेष उपस्थिति में किया गया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित हिंदी ग्रंथ अकादमी के निदेशक अशोक कंडेल एवं फीस कमेटी के अध्यक्ष डॉ रविंद्र कान्हेरे ने भी इस शैक्षणिक पहल की प्रशंसा की और महाविद्यालय को भविष्य में ऐसे नवाचारपूर्ण कार्यो के लिए शुभकामनाएं दी। पुस्तिका का विमोचन करते हुए मंत्री परमार ने महाविद्यालय के शैक्षणिक व बौद्धिक प्रयासों की सराहना करते हुए इसे विद्यार्थियों व शिक्षकों के लिए प्रेरणादायी पहल बताया। कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. शालिनी सक्सेना, वनस्पति शास्त्र विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ कीर्ति जैन, गणित विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ राजेश श्रीवास्तव, डॉ एसडी सिंह एवं डॉ एसके मल्होत्रा उपस्थित रहे।

## रेलवे का अभियानः झूठी या भ्रामक शिकायतें फैलाई तो की जाएगी सख्त कार्रवाई

# मंडीदीप में टिकट को लेकर की गई थी शिकायत, जांच में निकली गलत

**15 दिन का विशेष अभियान शुरू मंडल रेल प्रबंधक भोपाल त्यागी के नेतृत्व में अभियान किया आरंभ**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पश्चिम मध्य रेलवे के भोपाल मंडल ने रेलवे की छवि को धूमिल करने वाली झूठी एवं भ्रामक शिकायतों के विरुद्ध 15 दिन का विशेष अभियान शुरू किया है। ताकि रेलवे सेवाओं के संबंध में फैलने वाली असत्य सूचना पर अंकुश लगाना एवं यात्रियों को सही एवं प्रामाणिक जानकारी उपलब्ध हो सके। मंडल रेल प्रबंधक भोपाल पंकज त्यागी के नेतृत्व में यह अभियान शुरू किया गया है। इसके अंतर्गत सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म, शिकायत पोर्टल एवं अन्य माध्यमों पर प्राप्त शिकायतों का गहन सत्यापन किया जा रहा है। शिकायत सही पाए जाने पर जरूरी कार्रवाई होगी। जांच में यदि कोई शिकायत तथ्यहीन या दुर्भावनापूर्ण पाई जाती है तो संबंधित व्यक्ति के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है। भोपाल मंडल ने यात्रियों से अपील की है कि वे किसी भी समस्या के समाधान हेतु आधिकारिक माध्यम जैसे- रेलवे हेल्पलाइन नंबर 139, अधिकृत ऐप्स एवं पोर्टल का ही उपयोग करें। बिना सत्यापन के किसी भी सूचना को सोशल मीडिया पर साझा करने से बचें।



### तत्काल टिकट में अनियमियता की शिकायत निकली पूरी तरह से झूठी, सीसीटीवी में स्थिति स्पष्ट

12 अप्रैल को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर एक यात्री ने मंडीदीप रेलवे स्टेशन पर तत्काल टिकट में अनिमियता के संबंध में झूठी शिकायत की। सीसीटीवी फुटेज के जांच में पाया कि ड्यूटी पर तैनात रेल कर्मचारी ने नियमानुसार तत्काल टिकट ले लिए। इसके बाद यात्रियों को टोकन दिए गए थे। उनकी इंट्री टोकन रजिस्टर में भी पाई गई, जबकि शिकायतकर्ता ने बिना टोकन के तत्काल टिकट लेने के लिए महिला कर्मचारी पर दबाव दिया जा रहा था। तत्काल टिकट न मिलने पर एक तरफा झूठा वीडियो बनाकर तत्काल टिकट में अनिमियतता की शिकायत की गई। सोशल मिडिया पर इसे वायरल किया गया। जिससे रेलवे की छवि धूमिल हुई। जांच में शिकायत पूरी तरह भ्रामक एवं असत्य थी।

# फील्ड ट्रेनर्स ने मकान सूचीकरण एवं गणना को लेकर दी ट्रेनिंग



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

जनगणना-2027 के पहले चरण में मकान सूचीकरण व मकानों की गणना के लिए नगर निगम भोपाल सीमा के तहत आने वाले जोनल-चार्ज कार्यालयों में फील्ड ट्रेनर्स ने प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों को प्रशिक्षण दिया। चार्ज क्रमांक 1 से 21 तक नियुक्त प्रगणकों-पर्यवेक्षकों को फील्ड ट्रेनर्स ने एचएलओ ऐप के संबंध में जानकारी दी। सीएमएमएस पोर्टल पर डाटा एन्ट्री की विधि एवं जनगणना ब्लॉक सीमा के भीतर प्रत्येक जनगणना परिवार की गणना किए जाने के लिए जानकारी दी।

# धारदार हथियार से की थी किराना दुकान संचालक की हत्या, एक्सरे रिपोर्ट में पुष्टि

शमशाबाद रोड पर बाइक के पास खून से लथपथ मिला था व्यापारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

बैरसिया थाना क्षेत्र स्थित शमशाबाद रोड पर बुधवार शाम किराना कारोबारी की अज्ञात हमलावरों ने हत्या कर दी। प्राथमिक जांच में डॉक्टर का मत था कि हत्या सीने में गोली लगने से हुई है। हालांकि घटनास्थल पर गोली चलने जैसे प्रमाण नहीं मिले थे। साथ ही गुरुवार को जब मृतक का पीएम कराया गया तो सीने के घांव का एक्सरे कराया गया। इस दौरान पता चला कि हत्या गोली लगने से नहीं, बल्कि किसी धारदार हथियार से हमला कर की गई है। पुलिस ने अज्ञात हमलवरों पर हत्या का मामला दर्ज तलाश कर रही है। हालांकि अब तक


हनीफ खान (मृतक)

पुलिस को हत्यारों का कोई भी सुराग नहीं लगा है। इसके साथ ही हत्या की वजह का भी पता नहीं चल सका है। पुलिस प्रकरण में लेनदेन का विवाद, अनैतिक संबंध सहित अन्य पहलुओं में जांच कर रही है। जानकारी के अनुसार हनीफ खान (55) वार्ड क्रमांक-7, बैरसिया में रहते थे और बैरसिया में ही किराना दुकान का संचालन करते थे। बुधवार दोपहर करीब दो बजे वह किराना दुकान बंद कर बाइक से निकले थे। इसके बाद उन्हें कुछ लोगों ने शमशाबाद रोड पर ढाबे से कुछ दूरी पर सड़क पर खून से लतपथ पड़ा देख पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कराया। इस दौरान पता चला कि उन्हें सीने में गोली लगी है। हालांकि शॉर्ट पीएम रिपोर्ट में पता चला कि किसी धारदार हथियार से एक ही बार गहरा घांव मारा गया है जो सीने के आरपार हो गया। हार्ट पंचर होने और खून अधिक बहने से हनीफ खान की मौत हुई है।

**दुकान की वसूली करने निकले थे हनीफ**

सड़क के आसपास खेत है। दोपहर के समय रोड भी सूना हो जाता है। हनीफ खान बैरसिया से शमशाबाद रोड पर क्यों गए थे यह कहना मुश्किल है। परिजन का कहना है कि किराना दुकान की वसूली के लिए वह आसपास गांव में जाते थे। अनुमान है कि वह वसूली के लिए निकले थे। इसी दौरान हमलावरों ने उनकी हत्या कर दी। पुलिस को संदेह है कि हत्या के पीछे लेनदेन का विवाद हो सकता है। पुलिस अब किराना दुकान का चिट्ठा खंगालकर बड़ी उधारी वालों के बारे में जानकारी जुटा रही है। साथ ही पुलिस अनैतिक संबंध और अन्य पहलुओं पर भी जांच कर रही है।

अब तक पुलिस को हत्यारों का कोई भी सुराग नहीं लगा

अवैध निर्माण होने के कारण दुकानें हुई जमीदोज

# एम्स की भूमि पर दुकान का निर्माण कर पगड़ी लेकर किराए पर दी, 17 लाख की धोखाधड़ी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

एम्स के पास गंगेश्वर मां मंदिर के पास अवैध दुकान का निर्माण कर किराए पर देने वाले मंदिर अध्यक्ष पर बागसेवनिया पुलिस ने धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। दरअसल, 17 लाख रुपए एडवांस (पगड़ी) लेकर मंदिर अध्यक्ष ने मेडिकल स्टोर्स के संचालक को किराए पर दी थी। दुकान एम्स की जमीन में होने के कारण नगरीय प्रशासन ने दुकानें जमीदोज कर दी।

मेडिकल स्टोर्स संचालक ने मंदिर अध्यक्ष से एडवांस दिए गए 17 लाख रुपए मांगे तो उसने रुपए देने से इंकार कर दिया। पुलिस के अनुसार जाटखेड़ी निवासी संजीव तिवारी (47) का साकेत नगर में मेडिकल स्टोर है। वर्ष 2023 में उनकी मुलाकात एमके भारद्वाज से हुई। एमके भारद्वाज भेल के रिटायर्ड अधिकारी हैं और साल 2002 से एम्स के पास गंगेश्वर मां मंदिर के अध्यक्ष हैं। भारद्वाज ने संजीव तिवारी को बताया कि गंगेश्वर मां मंदिर के पीछे वह छह दुकानें बना रहे हैं। यदि उन्हें दुकानें किराए पर चाहिए तो बुक करा लें। संजीव को दुकान की लोकेशन अच्छी लगी। उन्होंने चार दुकानें किराए पर ले ली। बदले में संजीव तिवारी ने 17 लाख रुपए एमके भारद्वाज को एडवांस दिए। साल 2024 को बाकायदा दुकानें किराए पर देने का एग्रीमेंट बनाया गया। जब एम्स प्रबंधन को इस बात की जानकारी हुई कि उनकी जमीन पर अवैध दुकानें बना ली गई हैं तो प्रशासन को कार्रवाई करने के लिए पत्र लिखा। कार्रवाई पूरी करने के बाद नगरीय प्रशासन ने अवैध रूप से बनाई गई सभी दुकानें जमीदोज कर दी गईं। संजीव को जब इस बात की जानकारी हुई तो उन्होंने एमके भारद्वाज से अपना पैसा लौटाने को कहा। इस पर आरोपी एमके भारद्वाज ने पैसा देने से इंकार कर दिया। उन्होंने ने पुलिस थाने में शिकायत की। पुलिस का कहना है कि प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

## खबर संक्षेप

### कार ने ऑटो को मारी टक्कर, रेलिंग से टकराकर चालक घायल

**भोपाल।** रायसेन रोड स्थित एलएनसीटी कॉलेज के पास एक तेज रफ्तार कार ने ऑटो को पीछे से टक्कर मार दी, जिससे ऑटो अनियंत्रित होकर सड़क किनारे लगी रेलिंग से जा टकराया। हादसे में ऑटो चालक के पैर में गंभीर चोटें आई हैं। जानकारी के अनुसार फरियादी अनवर खान (55) ने पुलिस को बताया कि दोपहर करीब दो बजे वह ऑटो लेकर नारियल खेड़ा से अपने घर लौट रहे थे। जैसे ही वह एलएनसीटी कॉलेज के पास पहुंचे, पीछे से आ रही एक कार के चालक ने लापरवाही से गाड़ी चलाते हुए ऑटो में टक्कर मार दी। टक्कर के बाद ऑटो सीधे रेलिंग में जा घुसा, जिससे अनवर खान के सीधे पैर में चोट आई। घायल चालक को एम्बुलेंस की मदद से अस्पताल पहुंचाया गया।

### दो सिंधी नाटक 'किराये जा कांधी' एवं 'बारनि जा सपना' का मंचन कल

**संतनगर।** वीना कला एवं सेवा समिति, संत हिरदाराम नगर द्वारा, धमाल, मजेदार, पारिवारिक, दो सिंधी नाटक किराये जा कांधी एवं बारनि जा सपना का आयोजन 18 अप्रैल को शाम 6 बजे से संत हिरदाराम ऑडिटोरियम, संत हिरदाराम गर्ल्स कॉलेज परिसर, संत हिरदाराम नगर में किया गया है। नाटक किराये जा कांधी के लेखक वरिष्ठ साहित्यकार भगवान बाबाणी हैं एवं बारनि जा सपना नाटक के लेखक युवा साहित्यकार राकेश शेवानी द्वारा लिखा गया है। दोनों नाटकों का निर्देशक वरिष्ठ रंगकर्मी एवं सिंधी साहित्य अकादमी के पूर्व निदेशक अशोक बुलाणी द्वारा किया गया है। यह कार्यक्रम संत हिरदाराम गर्ल्स कॉलेज एवं सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय गांधीनगर के सहयोग से किया जा रहा है। कार्यक्रम का प्रारम्भ दीप प्रज्वलन कर इष्टदेवता भगवान झूलेलाल साईं की आराधना करके पेश किया जाएगा।

### शाहपुरा तालाब के पास पेड़ पर लटकी मिली ड्राइवर की लाश

**भोपाल।** चूनाभट्टी थाना क्षेत्र स्थित शाहपुरा तालाब के पास पेड़ पर ड्राइवर की लाश फांसी के फंदे पर लटकी मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने लाश बरामद कर पीएम के बाद परिजन को सौंप दी है। प्राथमिक जांच में यह बात सामने आई कि उसका पड़ोसियों से विवाद हुआ था। विवाद के पक्ष दोनों पक्ष थाने पहुंचे। वहां पुलिस ने मृतक के खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई करने के बाद उसे छोड़ दिया था। थाने से निकलने के बाद उसने शाहपुरा तालाब के पास पेड़ पर फांसी लगा ली। पुलिस के अनुसार कमलेश यादव पिता भगवानदास यादव (39) चूनाभट्टी में रहता था और प्राइवेट गाड़ी चलाता था। वह शराब पीने का आदी था। आएदिन उसका किसी न किसी से विवाद होता था। पड़ोसी से भी उसका विवाद हो गया। पड़ोसी और वह थाने पहुंचे। थाना प्रभारी धर्मेंद्र मौर्य ने बताया कि कमलेश शराब के नशे में धुत था।

**शुभांक**

| | | | |
|---|---|---|---|
| कल्याण: | 1605 | | |
| दिन: | 140 | 53 | 599 |
| रात: | 345 | 21 | 470 |
| तारा: | | | |
| दिन: | 237 | 28 | 477 |
| रात: | 267 | 53 | 238 |

कजलीखेड़ा थाना क्षेत्र स्थित डी-मार्ट के पास हुआ हादसा

# पिकअप वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत, पीछे बैठा साथी भी गंभीर घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

कजलीखेड़ा थाना क्षेत्र स्थित डी-मार्ट के पास पिकअप वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई, जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल हुआ है। घायल का निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस आरोपी वाहन चालक पर कार्रवाई कर रही है। पुलिस के अनुसार कुलदीप राव पिता रामराव (24) बंजारी कोलार में रहता था और प्राइवेट काम करता था। गत 10 अप्रैल की सुबह करीब साढ़े चार बजे वह भोपाल से कजलीखेड़ा जा रहे थे।

उनके साथ उनका दोस्त अमन था। अमन बाइक चला रहा था, जबकि कुलदीप पीछे बैठा था। डी-मार्ट के पास पहुंचते ही सुबह करीब साढ़े चार बजे के आसपास पीछे से आ रहे तेज रफ्तार पिकअप वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। बाइक में पीछे से टक्कर लगने के कारण पीछे बैठे कुलदीप को सिर में गंभीर चोट थी, जबकि अमन को भी चोट आई थी। दोनों को गंभीर अवस्था में एंबुलेंस से अस्पताल पहुंचाया गया, वहां इलाज के दौरान कुलदीप की मौत हो गई। अमन को गंभीर चोट होने के कारण उसका इलाज चल रहा है। इधर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। साथ ही आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज भी खंगाल रही है।

### बीमारी से परेशान होकर युवक ने लगाई फांसी

मिसरोद थाना क्षेत्र स्थित इंद्रा नगर जाटखेड़ी में पचास साल के व्यक्ति ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। प्राथमिक जांच में यह बात सामने आई कि उसे आंखों में ठीक से दिखता नहीं था साथ ही दांत में दर्द था। बीमार होने के कारण उसे काम नहीं मिल रहा था। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद पत्नी को सौंप दिया है। पुलिस के अनुसार तुलसीराम बंसल (50) मल्टी नंबर-12, इंद्रा नगर जाटखेड़ी में रहता था और मजदूरी करता था। उसके परिवार में पत्नी बस थी। दंपती मजदूरी कर अपना जीवन यापन कर रहे थे। बुधवार रात दंपती ने खाना खाया और सोने चले गए। तुलसीराम अंदर के कमरे में दरवाजा बंद कर सो रहा था, जबकि बाहर के कमरे में उसकी पत्नी ने गुरुवार सुबह पत्नी की नींद खुली तो तुलसीराम के कमरे का दरवाजा अंदर से बंद था। उसने खिड़की से झांककर देखा तो तुलसीराम फांसी के फंदे पर लटका नजर आया। इसके बाद आसपास के लोगों ने पुलिस को सूचना दी थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया, लेकिन सुसाइड नोट नहीं मिला है।

### निर्माणाधीन बिल्डिंग से गिरकर मजदूर की मौत

■ सातवीं मंजिल पर काम करते समय नीचे गिरा

बागसेवनिया थाना क्षेत्र स्थित आसिमा रॉयल सिटी की निर्माणाधीन बिल्डिंग की सातवीं मंजिल से गिरकर मजदूर की मौत हो गई। घटना बुधवार दोपहर की है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस के अनुसार 38 साल का संदीप रामदास पिता रामदास इंगले, आठ दुकान के पीछे बागमुगलिया में रहता था और परिवार के साथ मजदूरी करता था। बुधवार सुबह वह मजदूरी करने के लिए आसिमा रॉयल सिटी की निर्माणाधीन बिल्डिंग पर काम कर रहा था। इसी दौरान सातवीं मंजिल पर काम करते समय नीचे गिर गया। करीब अस्सी फीट की ऊंचाई से गिरने के कारण उसे गंभीर चोट आई थी और मौके पर ही मौत हो गई। परिजन की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण करने के बाद शव पीएम के लिए मचूर्री भेज दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

जबलपुर ले जाने की फिराक में था आरोपी, गिरफ्तार

# 14 साल की किशोरी का अपहरण कर किया बिलखिरिया में दुष्कर्म

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

कजलीखेड़ा थाना क्षेत्र से अगवा हुई 14 साल की किशोरी को पुलिस ने रानी कमला पति रेलवे स्टेशन से बरामद कर लिया। पुलिस ने उसे अगवा करने वाले आरोपी को गिरफ्तार करते हुए उसके खिलाफ अपहरण, दुष्कर्म और पाक्सो एक्ट की धाराओं में प्रकण दर्ज किया है।

पुलिस यदि थोड़े ही देरी से पहुंचती तो आरोपी उसे जबलपुर लेकर फरार हो जाता है। दरअसल, दस मिनट बाद जबलपुर जाने के लिए ट्रेन थी। पुलिस के अनुसार 6-7 अप्रैल की दरमियानी एक ने पुलिस को शिकायत करते हुए बताया कि उसकी 14 साल की बेटी 6 अप्रैल की दोपहर से लापता है। आठवीं कक्षा में पढ़ने वाली उसकी बेटी अपनी सहेली के घर जाने का कहकर



पुलिस गिरफ्त में आरोपी करण।

निकली थी। इसके बाद से ही उसका कुछ पता नहीं है। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपहरण का प्रकरण दर्ज कर किशोरी की तलाश की। जांच में पता चला कि मोहल्ले में रहने वाला करण नायक (21) कजलीखेड़ा भी लापता है। पुलिस ने करण के बारे में जानकारी जुटाई तो पता चला कि किशोरी की उससे दोस्ती थी। पुलिस ने करण के मोबाइल की लोकेशन निकाली। इस दौरान उसकी लोकेशन बरखेड़ा काछी बिलखिरिया में मिली। पुलिस की टीम काछी बरखेड़ा पहुंची तो पता चला कि आरोपी वहां से फरार हो चुका है। उसका मोबाइल भी बंद हो गया था। पुलिस को पता चला कि वह आनंद नगर या फिर रेलवे स्टेशन से जबलपुर जाने की फिराक में है। बुधवार दोपहर सवा तीन बजे के आसपास पुलिस आनंद नगर से रानी कमलापति रेलवे स्टेशन पहुंची और आरोपी को वहां से दबोच लिया गया। आरोपी को थाने लाया गया। साथ ही किशोरी की काउंसलिंग कराई गई। इस दौरान किशोरी ने बताया कि आरोपी ने उससे शारीरिक संबंध बनाए हैं।

**दस मिनट की देरी होती तो ट्रेन से निकल जाता जबलपुर**

*पुलिस ने बताया कि टीम 3 बजकर 40 मिनट पर कमलापति रेलवे स्टेशन पहुंच गई थी। स्टेशन पर किशोरी और आरोपी की सर्चिंग की गई। इस दौरान आरोपी किशोरी के साथ मिल गया। उसने बताया कि दस मिनट बाद उसकी जबलपुर की ट्रेन थी। वह टिकट ले चुका था। ट्रेन मिलते ही वह जबलपुर के लिए निकल जाता।*

### बिजनेसमैन का मोबाइल झपटकर भागे बाइक सवार बदमाश

शाहपुरा थाना क्षेत्र स्थित बावड़िया से शाहपुरा थाने की ओर जाने वाली सीसी रोड पर शेरमुड रेस्टोरेंट के सामने गुरुवार रात करीब सवा 9 बजे बाइक सवार बदमाशों ने बिजनेसमैन के हाथ से मोबाइल झपट लिया। बिजनेसमैन अपनी थार गाड़ी पार्क करने के बाद मोबाइल पर बात करते हुए रेस्टोरेंट में जा रहे थे, तभी बाइक सवार बदमाशों ने उनके हाथ से मोबाइल झपटा और तेजी से बाइक चलाते हुए भाग निकले। घटना की शिकायत लेकर वह बागसेवनिया थाने पहुंचे थे। घटनास्थल शाहपुरा का होने के कारण बागसेवनिया पुलिस ने उन्हें एफआईआर दर्ज कराने शाहपुरा थाने जाने की सलाह दी। एक सप्ताह के भीतर यह पांचवी लूट की वारदात है। बाइक सवार बदमाश इससे पहले गौतम नगर में एक और पिपलानी में तीन लूट की वारदात को अंजाम दे चुके हैं, लेकिन उनका पुलिस को कोई सुराग नहीं लगा। जानकारी के अनुसार बेनी यादव (42) मिसरोद में रहते हैं और बिजनेसमैन हैं। उन्होंने बताया कि गुरुवार शाम अपनी थार गाड़ी से बावड़िया फाटक होते हुए शेरवुड रेस्टोरेंट गए थे। रात करीब सवा 9 बजे उन्होंने रेस्टोरेंट के सामने गाड़ी पार्क की और दोस्त को कॉल करने के लिए मोबाइल जेब से निकाला। इसी बीच बाइक से आए दो युवकों में पीछे बैठे युवक ने उनके हाथ से मोबाइल झपट लिया। मोबाइल झपटने के बाद बाइक चला रहे युवक ने बाइक की रफ्तार बढ़ा दी और भाग निकले।

बैठक में कार्यपालक निदेशक ने दी जानकारी

# भेल भोपाल में ग्रीनको सर्टिफिकेशन के लिए दो दिवसीय ऑडिट कार्य पूरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

बीएचईएल, भोपाल में मै.सीआईआई द्वारा पर्यावरण के मानकों के अनुसार 'ग्रीनको सर्टिफिकेशन' के लिए तीन सदस्यीय ऑडिटर दल ने दो दिवसीय ऑडिट किया। बैठक की अध्यक्षता प्रदीप कुमार उपाध्याय, कार्यपालक निदेशक, बीएचईएल, भोपाल ने की। उपाध्याय ने बीएचईएल, भोपाल द्वारा इस दिशा में किए जा रहे मुख्य कार्यों से सीआईआई टीम को अवगत कराया। बैठक में सभी महाप्रबंधक एवं वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

कार्यपालक निदेशक के नेतृत्व एवं दिशा निर्देशन में चल रहे इस दो दिवसीय ऑडिट का समापन बीएचईएल, भोपाल के एचएसई विभाग में बैठक के साथ सम्पन्न हुआ। अपने संबोधन में अपर महाप्रबंधक (एचएसई) ने


बैठक के दौरान चर्चा करते अधिकारी।

सभी प्रतिभागियों का स्वागत किया एवं आडिट कार्यक्रम के विभिन्न चरणों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि इकाई प्रमुख के नेतृत्व में सस्टेनेबल ग्रोथ, हरित बीएचईएल, नेट जीरो पर काफी कार्य किया जा रहा है, जो कि कॉर्पोरेट बीएचईएल एवं भारत सरकार द्वारा जारी गाइडलाइन के अनुरूप है। उन्होंने कहा बीएचईएल भोपाल हमेशा से ही बेहतर प्रयास के लिए प्रतिबद्ध है, अतः ऑडिट-टीम द्वारा दिए गए दिशा निर्देशों के अनुसार कार्य करते रहेंगे।

### आवारा कुत्तों का बढ़ता आतंक कॉलोनी में दहशत का माहौल

झुंड बनाकर बच्चों पर लपकते हैं कुत्ते

हरिभूमि न्यूज ⏭ औबेदुल्लागंज



नगर के महावीर कॉलोनी सहित आसपास के क्षेत्रों में इन दिनों आवारा कुत्तों का आतंक तेजी से बढ़ता जा रहा है। हालत यह है कि गलियों में घूम रहे कुत्तों के झुंड छोटे बच्चों को देखते ही भौंकने लगते हैं, जिससे बच्चों में भारी डर का माहौल है। कई बार ये कुत्ते राह चलते लोगों के पीछे दौड़ पड़ते हैं, जिससे वाहन चालक गिरकर घायल हो रहे हैं।

स्कूल आने-जाने वाले बच्चों और बुजुर्गों के लिए भी बड़ा खतरा बन गए हैं। लोगों अब बच्चों को अकेले घर से बाहर भेजने में भी डर रहे हैं, कि कहीं कुत्ते न काट लें। वहीं एक अन्य रहवासी ने कहा कि कई बार शिकायत के बाद भी कोई सुनवाई नहीं हो रही है।

एसएचआईएम में छात्राओं के लिए सत्र का आयोजन

### लिंक्डइन स्किल्स से निखर रही युवाओं की प्रोफेशनल पहचान

हरिभूमि न्यूज ⏭ संतनगर

संत हिरदाराम इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट फॉर वीमेन (एसएचआईएम), भोपाल में छात्राओं की डिजिटल प्रोफेशनल उपस्थिति को सशक्त बनाने के उद्देश्य से 'लिंक्डइन प्रोफाइल बिल्डिंग' विषय पर एक ज्ञानवर्धक एवं इंटरैक्टिव सत्र का आयोजन किया गया।

उद्योग उद्योग विशेषज्ञ मुकेश जाटव ने अपने अनुभवों के आधार पर छात्राओं को जानकारी प्रदान की। उन्होंने प्रभावी प्रोफेशनल नेटवर्क बनाने, आकर्षक प्रोफाइल एवं हेडलाइन तैयार करने, विजिबिलिटी स्ट्रेटेजी समझने, एंगेजिंग कंटेंट क्रिएट करने तथा पर्सनल ब्रांडिंग को सशक्त बनाने



सत्र के दौरान छात्राओं को जानकारी देते हुए।

के महत्वपूर्ण पहलुओं पर विस्तार से मार्गदर्शन दिया। सत्र में जॉब अवसरों, इंटर्नशिप, रिक्रूटर्स की अपेक्षाओं एवं लिंक्डइन के प्रभावी उपयोग के डूज़ एवं डोंट्स पर भी चर्चा की गई। छात्राओं की जिज्ञासाओं का समाधान करते हुए सत्र को अत्यंत रोचक एवं सहभागितापूर्ण बनाया गया। एमबीए एवं इंटीग्रेटेड एमबीए के छात्राओं ने इस दो घंटे के सत्र में उत्साहपूर्वक भाग लिया और लिंक्डइन को एक प्रभावी करियर निर्माण प्लेटफॉर्म के रूप में उपयोग करने की समझ विकसित की। संस्थान के प्रबंध संचालक हीरो ज्ञानचंदानी, समूह सलाहकार पी. एस. राठौर एवं निदेशक डॉ. आशीष ठाकुर ने इस सफल आयोजन के लिए ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल की सराहना की।

औबेदुल्लागंज गेहूं घोटाला मामले में पूर्व सीएम ने लिखा सीएम को पत्र

# दिग्विजय ने मुख्यमंत्री से की उच्चस्तरीय जांच की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ औबेदुल्लागंज

मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को पत्र लिखकर रायसेन और सीहोर जिलों से जुड़े चर्चित गेहूं घोटाले की उच्चस्तरीय जांच कराने की मांग की है। उन्होंने इस मामले को गंभीर आर्थिक अनियमितता बताते हुए राज्य आर्थिक अपराध अनुसंधान ब्यूरो (ईओडब्ल्यू) से निष्पक्ष जांच कराने का आग्रह किया है।

150 करोड़ से अधिक की अनियमितता का आरोप दिग्विजय सिंह ने अपने पत्र में कहा है कि पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के पूर्व विधानसभा क्षेत्र बुधनी तथा वर्तमान लोकसभा क्षेत्र से जुड़े इस मामले में लगभग 150 करोड़ रुपए से अधिक की वित्तीय अनियमितताएं सामने आई हैं। उन्होंने बताया कि इस संबंध में उन्होंने 25 जुलाई



2023 को भी तत्कालीन मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर जांच की मांग की थी, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई।

**40 हजार टन गेहूं सड़कर खराब, रखरखाव पर 150 करोड़ खर्च**

प्राप्त जानकारी के अनुसार, रायसेन जिले की औबेदुल्लागंज तहसील के दिवटिया, औबेदुल्लागंज और नूरगंज स्थित सरकारी वेयरहाउस में रखे गए गेहूं की देखरेख और भंडारण में अत्यधिक खर्च किया गया, जबकि लगभग 40 हजार टन गेहूं पूरी तरह सड़कर खराब हो गया, जिसका बाजार मूल्य करीब 100 करोड़ रुपए बताया जा रहा है। हैरानी की बात यह है कि इस खराब गेहूं के रखरखाव और गोदाम किराए पर ही 150 करोड़ रुपए से अधिक व्यय कर दिए गए।

**सिंह ने की मांग और दी चेतावनी**

*दिग्विजय सिंह ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से मांग की है कि इस पूरे प्रकरण की निष्पक्ष एवं उच्चस्तरीय जांच कराई जाए तथा दोषी अधिकारियों और निजी गोदाम मालिकों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कथन 'न खाऊँगा, न खाने दूंगा' का हवाला देते हुए पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने की अपेक्षा जताई है। उन्होंने चेतावनी भी दी कि यदि समय रहते इस मामले में कार्रवाई नहीं की गई, तो यह एक बड़े घोटाले का रूप लेकर प्रदेश की आर्थिक स्थिति और प्रशासनिक विश्वसनीयता पर गंभीर प्रश्नचिह्न खड़ा कर सकता है।*

1500 रुपए के अर्थदण्ड से भी किया दंडित

### फर्जी इंस्टाग्राम आईडी बनाने वाले को एक वर्ष की सजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

युवती की फर्जी इंस्टाग्राम आईडी बनाकर उस पर उसके फोटो अपलोड करने वाले आरोपी रोहित पटेल पुत्र डाल सिंह पटेल (24) निवासी ग्राम सिलगैना, तहसील-बाड़ी, जिला-रायसेन (म.प्र.), वर्तमान निवासी- बी-183, आदर्श नगर, बागसेवनिया थाने के पास, भोपाल (म.प्र.) को अपर सत्र न्यायाधीश विजय कुमार शर्मा के न्यायालय ने आईटी एक्ट की धारा-66 सी, 66 डी एवं भादंसं की धारा-469 के अंतर्गत दोषी ठहराते हुए एक वर्ष के सश्रम कारावास और 1500 रुपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया है। अतिरिक्त जिला लोक अभियोजक मंजू जैन सिंह द्वारा प्रकरण में अभियोजन की ओर से पैरवी की गई।

अभियोजन के अनुसार पीड़ित युवती ने राज्य साइबर क्राइम सेल में 15 जुलाई 2018 को शिकायत की थी कि किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा उसके फोटो का दुरुपयोग करते हुए पलक नाम से एक फर्जी इंस्टाग्राम आईडी बनाकर उसके फोटो अपलोड कर अश्लील शब्द लिखकर उसे बदनाम किया जा रहा है। पीड़ित युवती ने राज्य साइबर क्राइम सेल से अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की थी।



110 नृत्यांगनाएं अपनी प्रस्तुति देती हुईं।

15 मिनट की प्रस्तुति में भाव, ताल और लय का अद्भुत समन्वय नजर आया

### रवींद्र भवन में 'नृत्य रंजिनी 2026' में 110 नृत्यांगनाओं ने सजाई नृत्य की अद्भुत छटा

# नृत्य रंजिनी 2026' में 110 नृत्यांगनाओं का 'एकाकार', मधुराष्टकम् में नवाचार ने मोहा मन



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

110 नृत्यांगनाओं ने एक साथ मंच पर समवेत नृत्य के रूप में जब 'एकाकार' की प्रस्तुति दी तो पूरा परिसर नृत्य की आलौकिक छटा में समाहित नजर आया। 'नृत्य रंजिनी 2026' महोत्सव में करीब 15 मिनट की इस प्रस्तुति में नृत्य के भाव, ताल और लय का अद्भुत समन्वय नजर आया। पूरे सभागार को नृत्य की लहरियों से सराबोर करती इस प्रस्तुति के साथ ही मधुराधिपते अखिलम मधुरम्.... बोलो पर 'मधुराष्टकम' की प्रस्तुति भी खास रही, 15 मिनट की 'मधुराष्टकम' प्रस्तुति में नवाचार के रूप में बीच बीच में भरतनाट्यम की जातियां समाहित की, इस प्रस्तुति में नटखट नंदलाल माखनचोर कान्हा के विविध रूप देखने को मिले, जिसमें जहां वो माखन चुराते, रास रचाते नजर आ रहे हैं तो वहीं कुरुक्षेत्र की रणभूमि में अर्जुन को उपदेश देकर कर्म का ज्ञान देते कृष्ण की अद्भुत व विराट छवि का स्वागत दर्शकों ने करातल ध्वनि से किया। भरतनाट्यम नृत्य की करीब नौ मनभावन फूलों से सजी 'नृत्य रंजिनी 2026' गुलदस्ते की इन प्रस्तुतियों को देखने का मौका मिला गुरुवार को रविंद्र भवन सभागर में, लगभग 90 मिनट की इन प्रस्तुतियों को पद्मरंग नृत्य अकादमी की 110 प्रतिभाशाली छात्राओं ने अपनी गुरु श्वेता देवेंद्र के निर्देशन में प्रस्तुत कर दर्शकों का मन मोह लिया।



### मृदंग के बोल और स्वरम पर आधारित रही 'जतिस्वरम'

कार्यक्रम का शुभारंभ श्री सरस्वती कामकोटि पीठ निवासिनी.... बोलो से सजी सरस्वती वंदना से हुआ इसके बाद पुष्पों के माध्यम से अर्पित की जाने वाली श्रद्धांजलि 'पुष्पांजलि' ने दर्शकों का मन मोहा। वहीं अगली कड़ी में लयप्रधान रचना जतिस्वरम में मृदंग के बोल और स्वरम अर्थात संगीत के स्वर का सुंदर समन्वय देखने को मिला। इसी के साथ मंगलभाव, शांति और शुभता के प्रतीक के रूप में 'मंगलम' प्रस्तुति खास रही।

### महादेव के विशाल स्वरूप को रेखांकित करती 'महादेव' प्रस्तुति

एक से बढ़कर एक नृत्यों से सजी इन प्रस्तुतियों की अगली कड़ी में नृत्यांगनाओं ने श्री विघ्नराजम भजे भजेहम भजेहम... पर गणेश वंदना की प्रस्तुति दी। तो वहीं शंकर श्री महादेव हर हर श्री महादेव.... प्रस्तुति में देवों के देव महादेव को नमन करते हुए महादेव के विशाल स्वरुप को रेखांकित किया।

### कान्हा से कृष्ण बनने की गाथा दर्शाती 'मधुराष्टकम' प्रस्तुति

सबसे खास प्रस्तुति के रूप में श्री रामचन्द्र कृपालु भजमन पर.... श्री राम स्तुति की प्रस्तुति ने भक्ति, करुणा और मयार्दा का अनुपम संगम प्रस्तुत किया। इस प्रस्तुति में कण कण में रहने वाले राम और उनका वैभव, वैराग्य सभी रुपों को नृत्यांगनाओं ने प्रस्तुत कर सम्पूर्ण परिसर को रामामय बना दिया। वहीं अंतिम प्रस्तुति के रुप में मधुराष्टकम में माखन चोर नंद किशौर कान्हा से लेकर कर्म का संदेश देते कृष्ण की अद्भुत छवि को बेहद ही उम्दा ढंग से दर्शाया।



# 15 दिवसीय अभिनय कार्यशाला का आगाज़, युवाओं को मिलेगा मंच पर निखरने का मौका

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

भोपाल में द राइज़िंग सोसायटी ऑफ़ आर्ट एंड कल्चर द्वारा 16 अप्रैल से 15 दिवसीय अभिनय कार्यशाला की शुरुआत की गई है। यह कार्यशाला खासतौर पर नए कलाकारों को मंच प्रदान करने और उनके अभिनय कौशल को निखारने के उद्देश्य से आयोजित की जा रही है। कार्यशाला का संचालन प्रख्यात रंगकर्मी व अभिनेत्री प्रीति झा तिवारी कर रही हैं। उनके 30 से अधिक वर्षों के रंगमंचीय अनुभव का लाभ प्रतिभागियों को मिल रहा है।



### वॉइस मॉड्यूलेशन, स्पीच डिलीवरी, बॉडी लैंग्वेज की दी सीख

कार्यशाला के पहले दिन प्रतिभागियों ने आत्म-परिचय की एक अनोखी प्रक्रिया से शुरुआत की, जिसमें उन्होंने खुद को दूसरों की दृष्टि से समझने का प्रयास किया। इस अभ्यास के माध्यम से यह समझाया गया कि एक कलाकार के लिए स्वयं को जानना ही किसी भी चरित्र को गहराई से समझने की पहली सीढ़ी होती है।

### विहान ने युवा रंगकर्मियों के लिए शुरू किया विशेष प्रशिक्षण

# भोपाल में आज से 'थियेट्रिक्स-30' कार्यशाला का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

विहान द्वारा आयोजित कार्यशाला श्रृंखला 'थियेट्रिक्स-30' का नवीन संस्करण 17 अप्रैल से 21 अप्रैल तक भोपाल में आयोजित किया जा रहा है। यह पांच दिवसीय विशेष कार्यशाला युवा अभिनेताओं, प्रशिक्षणार्थियों और रंगकर्मियों के लिए तैयार की गई है, जिसका उद्देश्य उन्हें थिएटर के माध्यम से एक संवेदनशील और सक्षम फेसिलिटेटर के रूप में विकसित करना है।

यह कार्यशाला विहान की बाल नाट्य कार्यशाला के प्रथम चरण के रूप में कार्य करेगी,



जिसमें प्रतिभागियों को बच्चों के साथ काम करने की समझ, दृष्टि और व्यावहारिक कौशल प्रदान किए जाएंगे।

इस वर्ष की कार्यशाला का केंद्रीय प्रश्न है - हम बच्चों को प्रशिक्षण देते वक्त क्यों, क्या और किस तरह से काम करते हैं? इसी प्रश्न को केंद्र में रखते हुए पूरी प्रक्रिया का निर्माण किया गया है। कार्यशाला का संचालन ख्यात रंगकर्मी श्वेता केतकर के मार्गदर्शन में किया जाएगा। सह प्रशिक्षण तथा विशेषज्ञ के रूप में हेमन्त देवलेकर व सौरभ अनंत भी शामिल रहेंगे।

### 100% अंकों की गूंज

## फिजिक्सवाला छात्रों की सीबीएसई 10वीं बोर्ड 2026 में रिकॉर्ड सफलता



**भोपाल ।** फिज़िक्सवाला (पीडब्ल्यू) के लिए आज का दिन गर्व और उत्सव का रहा, जब इसके कई विद्यार्थियों ने सीबीएसई कक्षा 10 बोर्ड परीक्षा 2026 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए उच्च अंक प्राप्त किए। इनमें कुछ विद्यार्थियों ने शत-प्रतिशत (100%) अंक हासिल कर देश में शीर्ष स्थान प्राप्त किया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों में पंजाब के फाजिल्का से वैभव अरोड़ा, गुजरात के अहमदाबाद से अमोलिक पंडिता और ओडिशा के भुवनेश्वर से आयुष्मान महापात्रा शामिल हैं, जिन्होंने 100 प्रतिशत अंक प्राप्त कर देश में सर्वोच्च स्थान हासिल किया। गुरुवार को आयोजित समारोह में शहर के उन विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया जिन्होंने सीबीएसई कक्षा 10वीं बोर्ड परीक्षा 2026 में उल्लेखनीय प्रदर्शन किया।

## दुष्यन्त कुमार संग्रहालय के राज सदन में स्मृति नवीन का आयोजन

**भोपाल ।** दुष्यन्त कुमार संग्रहालय और वनमाली सृजन पीठ द्वारा 17 अप्रैल को सायं 5.30 बजे स्मृति नवीन का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे विश्व रंग के निदेशक एवं कुलाधिपति रवीन्द्र नाथ टैगोर विश्वविद्यालय संतोष चौबे। वनमाली सृजन पीठ के अध्यक्ष - मुकेश वर्मा, शम्पा शाह और नवीन की पत्नी छाया सागर, उनकी स्मृतियों को साझा करेंगे। इस अवसर पर कवयित्री चित्रा सिंह नवीन की चुनिंदा कविताओं का पाठ करेंगी। संग्रहालय की निदेशक करुणा राजुरकर ने सभी साहित्यकारों और साहित्य प्रेमियों से कार्यक्रम में उपस्थित रहने का अनुरोध किया है।

### स्कोप ग्लोबल स्किल्स यूनिवर्सिटी एवं रिलायंस एनिमेशन के बीच करार

# छात्रों को इंडस्ट्री ओरियंटेड कोर्स और इंटर्नशिप का मिलेगा अवसर

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मध्य भारत की पहली स्किल्स यूनिवर्सिटी, स्कोप ग्लोबल स्किल्स यूनिवर्सिटी (एसजीएसयू) ने शैक्षणिक सत्र 2026–27 की शुरुआत रिलायंस एनिमेशन के साथ एक महत्वपूर्ण करार से की है, जिसके तहत नए सत्र से एनीमेशन एवं फिल्म मेकिंग क्षेत्र में आधुनिक और इंडस्ट्री-ओरिएंटेड कोर्सेज प्रारंभ किए जा रहे हैं। इनमें बीएससी एनीमेशन एवं फिल्म मेकिंग तथा बीएससी गेम डिजाइनिंग एंड डेवलपमेंट जैसे कोर्सेज शामिल हैं। इस सहयोग के अंतर्गत विद्यार्थियों को रिलायंस एनिमेशन के विशेषज्ञों द्वारा प्रशिक्षण दिया जाएगा, साथ ही उन्हें इंटर्नशिप और प्लेसमेंट के अवसर भी प्राप्त होंगे, जिससे करियर के शुरुआत में ही सीधे इंडस्ट्री से जुड़ने का




अवसर मिलेगा। इन कोर्सेज में लगभग 60 प्रतिशत इंडस्ट्री अनुभव और 40 प्रतिशत क्लासरूम लर्निंग शामिल होगी। विश्वविद्यालय के विजन पर प्रकाश डालते हुए कुलाधिपति डॉ. सिद्धार्थ चतुर्वेदी ने कहा, हमारा उद्देश्य विद्यार्थियों को केवल डिग्री प्रदान करना नहीं, बल्कि उन्हें वास्तविक कौशल, आत्मविश्वास एवं उद्योग के अनुरूप अनुभव देना है, ताकि वे भविष्य के लिए पूर्णतः तैयार हो सकें।

### जागरूक कार्यक्रम में 150 छात्राओं ने लिया भाग

# बीएसएसएस ने एमएलबी गर्ल्स हायर सेकंडरी स्कूल में किया जागरुकता अभियान का नेतृत्व

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

बीएसएसएस इंस्टीट्यूट ऑफ एडवांस्ड स्टडीज के कल्चरल क्लब ने, फैमिली प्लानिंग एसोसिएशन ऑफ इंडिया, भोपाल के सहयोग से, पीएमश्री गवर्नमेंट एमएलबी गर्ल्स हायर सेकंडरी स्कूल में एक प्रभावशाली जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया। यह कार्यक्रम 'स्वच्छता से स्वाभिमान, स्वस्थ बेटी- देश की प्रगति' विषय पर आधारित एक नुक्कड़ नाटक के माध्यम से प्रस्तुत किया गया, जिसमें कक्षा 6 से 12 तक की लगभग 150 छात्राओं ने इसमें भाग लिया। जिससे यह सत्र बेहद जीवंत और रोचक बन गया। इस नुक्कड़



नाटक ने व्यक्तिगत स्वच्छता बनाए रखने, मासिक धर्म से जुड़ी भ्रांतियों को दूर करने और स्वस्थ आदतों को अपनाने का संदेश प्रभावी ढंग से पहुंचाया। सत्र को और अधिक रोचक बनाने के लिए, कुछ इंटरैक्टिव खेल भी आयोजित किए गए, जिन्होंने छात्राओं की भागीदारी को प्रोत्साहित किया और मुख्य संदेशों को एक मनोरंजक तरीके से उनके मन में बिठाया। खेलों के विजेताओं को पुरस्कार भी दिए गए, जिससे कार्यक्रम में और भी अधिक उत्साह और उमंग का संचार हुआ।

### रिवायत-ए-मारवाड़: जहांनुमा पैलेस में शाही स्वादों का उत्सव

# दाल बाटी से मावा कचौरी तक, 'रिवायत-ए-मारवाड़' में सजा स्वाद का उत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

शहर के प्रतिष्ठित जहांनुमा पैलेस में रिवायत-ए-मारवाड़ नाम से एक विशेष फूड फेस्टिवल का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें राजस्थान के पारंपरिक व्यंजनों की समृद्ध विरासत को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया जा रहा है। यह आयोजन प्रसिद्ध शेफ पन्ना लाल और उनकी कुशल टीम द्वारा किया जा रहा है। 16 से 19 अप्रैल तक चलने वाले इस फेस्टिवल में रोज़ाना शाम 7 बजे से मेहमानों को मारवाड़ के असली स्वाद का अनुभव कराया जा रहा है, जिसमें राजस्थानी खानपान की खुशबू, परंपरागत पकाने की विधियां और मसालों का अनूठा संगम देखने को मिल रहा है।



### केर सांगरी, गोंद और ग्वार की सब्जी जैसे लजीज पकवान शामिल...

फेस्टिवल में मेहमानों के लिए खास तौर पर पारंपरिक व्यंजनों की एक समृद्ध श्रृंखला तैयार की गई है, जिसमें दाल बाटी चूरमा, केर सांगरी, गोंद और ग्वार की सब्जी, पनीर मठानिया, केरी फिश करी, मक्के की राब, मलाई घेवर, लापसी और मावा कचौरी जैसे लजीज पकवान शामिल हैं।

### मारवाड़ की शाही परंपरा, सांस्कृतिक विरासत का उत्सव



आयोजकों के अनुसार, इस आयोजन का उद्देश्य मारवाड़ की शाही परंपरा और सांस्कृतिक विरासत को भोजन के माध्यम से लोगों तक पहुंचाना है। यहां आने वाले मेहमान न केवल स्वादिष्ट व्यंजनों का आनंद लेंगे, बल्कि राजस्थानी संस्कृति की झलक भी महसूस करेंगे।

विशेष : पृथ्वी दिवस, 22 अप्रैल

# अपनी पृथ्वी को बनाएं स्वच्छ-सुरक्षित और सुंदर



हमारी पृथ्वी स्वच्छ, सुरक्षित रहे, इसके लिए जरूरी है कि हमारा पर्यावरण और पारिस्थितिकी तंत्र स्वच्छ, संतुलित और सुरक्षित रहे। बच्चो, कुछ छोटे-छोटे कदम उठाकर तुम भी हमारी पृथ्वी के संरक्षण में अपना योगदान दे सकते हो।

अवेयरनेस
शिखर चंद जैन

बच्चो, इस पृथ्वी पर मनुष्य, पेड़-पौधे, जीव-जंतु, हम सभी रहते हैं। पृथ्वी हमारे घर की तरह है। पृथ्वी की रक्षा के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से प्रत्येक वर्ष 22 अप्रैल को 'अर्थ डे' यानी 'पृथ्वी दिवस' मनाया जाता है। इसे 'इंटरनेशनल मदर अर्थ-डे' के नाम से भी जाना जाता है। साल 2026 के लिए पृथ्वी दिवस की थीम 'हमारी शक्ति, हमारा ग्रह' निर्धारित की गई है। इसका मतलब है, हम सब पृथ्वीवासी के रूप में अपनी शक्तियों और सूझबूझ का प्रयोग करें और अपनी पृथ्वी को एक बेहतर ग्रह बनाएं।




## हम बच्चे क्या कर सकते हैं

तुम्हारे मन में सवाल उठ सकता है कि इतनी बड़ी पृथ्वी की सुरक्षा हम बच्चे भला कैसे कर सकते हैं? यहां यह समझना होगा, तुम्हें अकेले पूरी पृथ्वी की रक्षा नहीं करनी है। बस अपने हिस्से का काम करना है। जब सभी लोग अपने-अपने हिस्से का काम करेंगे तो पृथ्वी को प्रदूषणमुक्त, स्वच्छ और हरी-भरी रखने की दिशा में बड़े बदलाव होने लगेंगे। हमारी पृथ्वी हरी-भरी, स्वच्छ और प्रदूषणमुक्त हो जाएगी।

## खूब लगाओ पेड़-पौधे

बच्चो, पेड़-पौधे, घने जंगल और वनस्पतियों को पृथ्वी का फेफड़ा कहा जाता है। यह तो तुम जानते ही हो कि हम सांस के द्वारा ऑक्सीजन ग्रहण करते हैं और कार्बन डाईऑक्साइड छोड़ते हैं। पेड़-पौधे इसके विपरीत कार्बन डाईऑक्साइड ग्रहण कर हमें ऑक्सीजन प्रदान करते हैं। पृथ्वी के पारिस्थितिकी तंत्र को बनाए रखने के लिए भी पेड़-पौधे और जंगल बहुत जरूरी हैं। तो आज से ठान लो कि तुम पेड़-पौधों से सच्ची दोस्ती करोगे और इसे निभाओगे। तुम खूब पेड़-पौधे लगाओगे, उसकी देखभाल करोगे। ये हमारी पृथ्वी और हमारे लिए बहुत जरूरी है।

## प्लास्टिक को कहो बाय-बाय

आज के समय में प्लास्टिक हमारी पृथ्वी और पर्यावरण के लिए एक बड़ा खतरा बनती जा रही है। धरती को स्वच्छ-सुरक्षित बनाने की दिशा में हमारा मुकाबला 'प्लास्टिक दानव' से भी है। हमारी कोशिश हो कि कम से कम प्लास्टिक इस्तेमाल हो ताकि हमारी धरती, समुद्र की मछलियां, घरेलू और जंगली जानवरों के साथ-साथ पेड़-पौधे और हम इंसान भी इसके दुष्प्रभावों से बचें।

## कचरे का सही डिब्बा चुनो

यहां-वहां कचरा फेंकने और इसका सही निस्तारण न करने से प्रदूषण की समस्या उत्पन्न होती है। यह हमारे स्वास्थ्य के लिए बहुत खतरनाक होने के साथ-साथ, हमारी पृथ्वी के लिए भी काफी नुकसानदायक है। इसलिए हमें समझदारी से कचरे का निस्तारण करना चाहिए। नीला डस्टबिन सूखे कचरे के लिए और हरा डस्टबिन गीले कचरे के लिए यूज करना चाहिए। अगर हम कचरा सही जगह डालेंगे, तो हमारी धरती साफ-सुथरी बनी रहेगी।





## ऊर्जा का करो संरक्षण

ऊर्जा सीमित संसाधन है। इसका बेतहाशा इस्तेमाल हमारी पृथ्वी और पर्यावरण को अत्यधिक नुकसान पहुंचा सकता है। बिजली की बचत कर हम अपनी पृथ्वी को बहुत राहत पहुंचा सकते हैं। इसलिए कमरे से बाहर जाते समय या जब जरूरत न हो, लाइट, पंखे और बिजली के अन्य उपकरण बंद करने की आदत डालें।

## पशु-पक्षियों का सहारा बनो

पशु-पक्षी हों या कीट-पतंगे या फिर कोई भी अन्य जीव, सभी पृथ्वी के लिए आवश्यक हैं। ये हमारे ईको सिस्टम को बैलेंस्ड रखने में सहायक हैं। हमें इनका ध्यान रखना चाहिए। पृथ्वी को खुशहाल रखने के लिए भी इन्हें सुरक्षा देना जरूरी है। गर्मी के दिनों में अपनी छत या बालकनी पर मिट्टी के बर्तन में पानी और दाना जरूर रखो। *



## मत करो पानी की बर्बादी

'जल ही जीवन है' ये स्लोगन तो तुमने सुना होगा। दुनिया के कई हिस्सों में लोगों को अपने दैनिक उपयोग के लिए भी पर्याप्त पानी नहीं मिल पाता। पानी बहुत ही अनमोल है, इसकी बर्बादी रोकना जरूरी है। हमें कभी भी पानी वेस्ट नहीं करना चाहिए। ब्रश करते समय नल बंद रखना और नहाने के लिए शॉवर के बजाय बाल्टी-मग का इस्तेमाल करना, ऐसी छोटी-छोटी आदतें अगर हम सभी अपनाएं, तो बहुत सारा पानी बचाया जा सकेगा।

इंस्पायरिंग / अंजू जैन

बच्चों को स्टोरी या नॉलेज से जुड़ी किताबें पढ़ना बहुत पसंद होता है। लेकिन कुछ ऐसे बच्चे भी हैं, जिन्होंने बहुत छोटी उम्र में किताब लिखकर, सबको चौंकाया, देश-दुनिया में प्रसिद्ध हुए। हम तुम्हें ऐसे ही कुछ प्रतिभावान बच्चों और उनकी प्रकाशित किताबों के बारे में बता रहे हैं।

# टैलेंटेड-क्रिएटिव ये नन्हे राइटर

भारत में कई ऐसे प्रतिभाशाली बच्चे हैं, जिन्होंने किताबें पढ़ने की उम्र में खुद ही एक से बढ़कर एक शानदार किताबें लिख डालीं। छोटी उम्र में ही किताबें लिखकर इन बच्चों ने सभी को हैरान कर दिया है। वर्ल्ड बुक डे (23 अप्रैल) के मौके पर जानो, ऐसे ही कुछ टैलेंटेड नन्हे राइटर्स के बारे में।

## वाणी रावल



**हरियाणा की** वाणी रावल ने 10 साल की उम्र में 'कैथी' 23 डेज ऑफ क्रिसमस' और 'कैथी इज कॉलिंगः फाइव एलिमेंट्स ऑफ क्रिसमस' नामक किताबें लिखीं। किताबों की ये सीरीज लिखकर वाणी ने दुनिया की सबसे कम उम्र की 'सीरीज राइटर' होने का गौरव हासिल किया। वाणी का नाम 'वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड', 'एशिया बुक ऑफ रिकॉर्ड', 'इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स', 'इंटरनेशनल बुक ऑफ रिकॉर्ड्स' और 'ब्रावो इंटरनेशनल वर्ल्ड रिकॉर्ड' में दर्ज है। *

## अभिजिता गुप्ता



**उत्तर प्रदेश** की अभिजिता गुप्ता ने 7 साल की उम्र में अपनी पहली किताब 'हैप्पीनेस ऑल अराउंड' लिखी। वह 'इंटरनेशनल बुक ऑफ रिकॉर्ड्स' द्वारा दुनिया की सबसे कम उम्र की लेखिका मानी गई हैं। वह अब तक 3 किताबें लिख चुकी है। 2020 में अभिजिता ने कहानी और कविता की पुस्तक के सबसे कम उम्र की लेखिका होने का रिकॉर्ड बनाया, जिसे 'इंटरनेशनल बुक ऑफ रिकॉर्ड्स' और 'एशिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स' द्वारा प्रमाणित किया गया है। अभिजिता की कुछ प्रमुख किताबें हैं- 'स्योरली सस्टेन', 'टू बिगिन विद द लिटिल थिंग्स', 'मार्क ऑफ द कीपरः वेल ऑफ लाइट'। अभिजिता को 'ग्लोबल चाइल्ड प्रॉडिजी अवॉर्ड 2022' से भी सम्मानित किया जा चुका है। यहां यह भी जानो कि अभिजिता हिंदी साहित्य के महान विभूति राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त की परपोती हैं। *

## अयान गोगोई गोहेन



**असम के** अयान गोगोई गोहेन ने मात्र 4 साल की उम्र में अपनी पहली किताब 'हनीकॉम्ब' लिखी थी। उसे 'इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स' द्वारा भारत का सबसे कम उम्र का लेखक घोषित किया गया है। अयान दुनिया के सबसे कम उम्र के लेखकों में से एक है। वर्ष 2020 में ग्लोबल चाइल्ड प्रॉडिजी अवार्ड विजेता अयान ने 'बंबलबी' और 'लाइफ लेसंस फ्रॉम द फोर-लेग्ड मॉक' जैसी किताबें भी लिखी हैं। अयान दुनिया के शीर्ष 100 बाल प्रतिभाओं की सूची में भी शामिल हो चुका है। *

तुम्हारे लिए किताब / नीलम राकेश

# पर्यावरण संरक्षण की कहानियां

बच्चो, स्वस्थ रहने के लिए जरूरी है धरती का पर्यावरण शुद्ध रहे। पर्यावरण तभी शुद्ध रहेगा, जब हम सभी मिलकर इसको संरक्षित करेंगे। इस बात को ध्यान में रखकर बाल साहित्यकार डॉ. नागेश पांडेय 'संजय' ने तुम्हारे लिए विशेष रूप से कथाओं का संकलन 'पर्यावरण संरक्षण की कहानियां' तैयार किया है। इस किताब में देश के जाने-माने 15 बाल साहित्यकारों की कहानियां संकलित की गई हैं। बच्चो, इस किताब की कहानियों में तुम्हें प्रकृति के नए-नए रंग देखने को मिलेंगे, जो तुम्हारे भीतर पर्यावरण के प्रति प्रेम जगाएंगे। इस संकलन की कहानियों में कहीं देव नदी गंगा अपनी मदद के लिए पुकार रही है, तो कहीं पर 'अलईतारा' के रूप में श्रमदान का महत्व बताया गया है। इस संकलन की एक कहानी 'बिन मौसम' तुम्हें झूमते हुए वृक्षों की छांव में ले जाएगी। कहानी 'पानी नहीं' बताती है पानी की फिजूल खर्ची से कितनी दिक्कतें आ सकती हैं? किताब की हर कहानी कोई ना कोई संदेश देती है, तुम्हें पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रेरित करती है। कहानियों के साथ छपे सुंदर चित्र इस किताब के आकर्षण को बढ़ाते हैं। किताब का आवरण बहुत ही मोहक है। एक खास बात यह है कि इसमें बने चित्रों में तुम्हें रंग भरने का मौका मिलेगा। *



**किताबः** पर्यावरण संरक्षण की कहानियां, **संपादकः** डॉ. नागेश पांडेय 'संजय'
**मूल्यः** 230 रुपए, **प्रकाशकः** बुनियादी साहित्य प्रकाशन, लखनऊ

कल्पना करो धरती, सौरमंडल में तीसरी कक्षा से दूर चौथी कक्षा में आ जाए तो क्या होगा? यही होगा, सारे प्राणियों का जीवन घोर संकट में आ जाएगा। इसलिए जरूरी है, हम अपनी आदतें सुधारें, पर्यावरण संरक्षित करें। बच्चो, यह कहानी सौरमंडल में धरती के निश्चित स्थान की महत्ता बताती है।

# जब धरती ने जगह बदलने की ठानी




एआई इमेज

कहानी
कुसुम अग्रवाल



आज विद्यालय में विशेष चहल-पहल थी। स्कूल का प्रांगण हरे और नीले गुब्बारों से सजा था। मंच पर लगे एक बैनर पर बड़े अक्षरों में लिखा था-पृथ्वी दिवस। प्रधानाचार्य जी ने मंच पर आकर माइक से घोषणा की, 'आज कक्षा सात के विद्यार्थी एक विशेष नाटक प्रस्तुत करेंगे-जब धरती ने जगह बदलने की ठानी।'

तभी मंच पर परदा खुला। मंच के बीचों-बीच नीले-हरे वस्त्र पहने एक बच्ची खड़ी थी। वह धरती बनी थी। उसके चारों ओर रुई से बने बादल और चमकीले तारे सजे थे। धरती उदास स्वर में बोली, 'मैं बहुत ज्यादा तंग आ चुकी हूं। धुआं, प्रदूषण, बढ़ते तापमान से। मैं सौरमंडल में सूरज से दूरी के हिसाब से तीसरे स्थान पर यानी तीसरी कक्षा में हूं। क्यों न मैं चौथी कक्षा में आ जाऊं। वहां कुछ ठंडक मिलेगी।'

पास में मौजूद चंद्रमा घबराए स्वर में बोला, 'ऐसा मत करो धरती बहन! इससे सौरमंडल का संतुलन बिगड़ जाएगा।'

तभी अलग-अलग वेशभूषा में कुछ बच्चे मंच पर आए। एक बच्चा पेंग्विन बना था। उसने घबराते हुए कहा, 'धरती मां, अगर आप दूर चली गईं तो यहां बहुत ज्यादा ठंडक बढ़ जाएगी। समुद्र जम सकते हैं। हमें भोजन कहां मिलेगा?'

हाथी बना हुआ बच्चा बोला, 'जंगलों में धूप कम हुई तो पेड़-पौधे कैसे उगेंगे, बढ़ेंगे? हम क्या खाएंगे?'

एक बच्ची जो किसान बनी थी, बोली, 'हमारी फसलें नष्ट हो जाएंगी।'

समुद्री नीले वस्त्रों में एक बच्चा, जो व्हेल बना था, बोला, 'पृथ्वी बहन तुम्हारे दूर जाने से समुद्र में आने वाले ज्वार-भाटे का रूप बदल जाएगा।'

तभी एक बाल वैज्ञानिक मंच पर आया। उसने चार्ट दिखाते हुए कहा, 'धरती का सूर्य से निश्चित दूरी पर तीसरी कक्षा में होना ही, इस पर जीवन के लिए आदर्श स्थिति है। यदि पृथ्वी चौथी कक्षा में चली गई तो यह अत्यधिक ठंडी और बंजर हो सकती है, जैसे मंगल ग्रह। और यदि धरती सूरज के पास यानी दूसरी कक्षा में आ जाए तो तपने लगेगी, जैसे शुक्र ग्रह।'

सामने बैठे दर्शक छात्र, ध्यान से सभी बातें सुन रहे थे। धरती ने दुःखी स्वर में कहा, 'पर मेरा बुखार कौन समझेगा? ग्लोबल वार्मिंग मुझे बीमार कर रही है।'

तभी छोटे-छोटे बच्चे पौधे लेकर मंच पर आ गए। एक ने कहा, 'गलती हमारी है। धरती आप अपनी जगह मत बदलें। हम बदलेंगे अपने आपको।'

दूसरे ने कहा, 'हम पेड़ लगाएंगे।'

तीसरे ने कहा, 'हम बिजली बचाएंगे।'

चौथे ने कहा, 'हम प्लास्टिक का उपयोग कम करेंगे।'

पांचवें ने कहा, 'हम हर दिन पृथ्वी दिवस मनाएंगे।'

धरती बनी बच्ची कुछ क्षण चुप रही फिर मुस्कुराते हुए बोली, 'यदि तुम सचमुच अपना व्यवहार बदलोगे, तो मुझे कहीं जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी।'

अंतिम दृश्य में सभी बच्चे हाथों में हाथ डालकर बोले, 'धरती हमारी है, हम इसके रखवाले हैं! हम प्रकृति का संरक्षण करेंगे।'

परदा गिरा। नाटक खत्म हो गया। पूरा सभागार तालियों से गूंज उठा। प्रधानाचार्य जी मंच पर आकर बोले, 'बच्चो, अभी जो तुमने देखा, यह केवल नाटक नहीं है। यह सच्चाई है। धरती अपनी कक्षा नहीं बदल सकती, पर हम अपनी आदतें बदल सकते हैं।' आज स्कूल में पृथ्वी दिवस पर केवल एक कार्यक्रम नहीं हुआ था, यहां संकल्प लिया गया था, पृथ्वी को बचाने का। *

कविता
राजेंद्र प्रसाद श्रीवास्तव



## पृथ्वी कितनी प्यारी है!

पृथ्वी कितनी प्यारी है!
सभी ग्रहों से न्यारी है।
हम सबकी जीवनदायी,
हितकारी उपकारी है।
खेत और खलिहान यहां,
वन-उपवन, मैदान यहां।
नदियां ताल समंदर हैं,
खनिजों की हैं खान यहां।
तितली भौंरे सुमन यहां,
पंछी पर्वत पवन यहां।
जल, थल, बादल, नील गगन,
जीवन, भोजन, वसन यहां।
लेकिन वन कटते जाते,
नए शहर बसते जाते।
मिट्टी रेत खनिज पानी,
दिन-प्रतिदिन घटते जाते।
अब हम लें जिम्मेदारी,
और न दोहन हो भारी।
हम सब मिलकर यत्न करें,
बची रहे पृथ्वी प्यारी।

## बूझो तो जानें

1
नीला पानी, हरी है घास,
सबके लिए हूं मैं तो खास।
इंसान, पशु और पक्षी सारे,
रहते हैं मेरे ही सहारे।

2
सिर पर ऊपर नीला अंबर,
पैरों के नीचे मिट्टी सुंदर।
पहाड़, नदी और जंगल घने,
सब कुछ हैं मुझपे ही बने।

-शिवानी छाया

उत्तर : पृथ्वी

## जीके क्विज-201

1. साइकिल से एवरेस्ट बेस कैंप तक पहुंचने वाली पहली भारतीय महिला का क्या नाम है?
2. हाल में ही बिहार के नए मुख्यमंत्री कौन बने हैं?
3. रूपा बायर किस खेल से संबंधित हैं?
4. आईपीएल में 200 विकेट लेने वाले पहले तेज गेंदबाज कौन बन गए हैं?
5. श्रमिक दिवस कब मनाया जाता है?
6. तेनालीरामा किस राजा के दरबारी विद्वान थे?
7. विश्व की सबसे गहरी झील कौन-सी है?
8. भारत के राष्ट्रपति राज्यसभा में कितने सदस्य मनोनीत करते हैं?
9. भूकंप की तीव्रता किस यंत्र से मापी जाती है?
10. किस नदी को दक्षिण भारत की गंगा कहा जाता है?



बच्चो, जीके क्विज-201 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-200 का उत्तर :** 1. रोपड़ (पंजाब), 2. भारत, 3. अकबर और हेमू, 4. मिथुन मन्हास, 5. विशाखदत्त, 6. हेग(नीदरलैंड), 7. बुध, 8. विटामिन ए, 9. बी.आर. आंबेडकर, 10. राजस्थान

**जीके क्विज-200 का सही उत्तर देने वाले :** साकेत-दुर्ग, कबीर-हिसार, अनन्या-राजनांदगांव, कविश-रायपुर, सौम्या-रायगढ़, ऊर्जस्वी-सारंगढ़ बिलाईगढ़, तमन्ना-कोरबा, अक्षित-बिलासपुर, सुमित-रोहतक, हर्ष-बालोद

## अंतर बताओ


बच्चो, यहां पार्क में पिकनिक मना रहे भालू और खरगोश के दो चित्र दिए गए हैं। एक जैसे दिखने वाले इन चित्रों में सात अंतर हैं। तुम पांच मिनट में सभी सात अंतर ढूंढ कर बताओ।



उत्तर: 1.भालू तरबूज के बजाय सैंडविच खा रहा है। 2.खरगोश ने टोपी नहीं पहनी है। 3.बेंच पर बिल्ली के बजाय एक पक्षी बैठा हुआ दिख रहा है। 4.पेड़ के नीचे दो तितलियां उड़ रही हैं। 5.भालू के बगल में रखा बास्केट गायब है। 6.भालू की छोटी-सी पूंछ दिख रही है। 7.फूलों वाले गमले की जगह पर बास्केट रखा हुआ है।

## लेफ्ट-राइट बताओ

बच्चो, यहां दी गई तस्वीर में कुछ क्लाउन फिश लेफ्ट की तरफ घूमी हुई हैं, तो कुछ राइट की तरफ। तुम्हें गिनकर दिए गए बॉक्स में लिखना है कि कितनी क्लाउन फिश लेफ्ट की तरफ घूमी हुई हैं, कितनी राइट की तरफ?



LEFT
RIGHT

उत्तर : ??????????????



## आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| पंजाब | 5 | 4 | 0 | 9 |
| बेंगलुरु | 5 | 4 | 1 | 8 |
| राजस्थान | 5 | 4 | 1 | 8 |
| हैदराबाद | 5 | 2 | 3 | 4 |
| दिल्ली | 4 | 2 | 2 | 4 |
| गुजरात | 4 | 2 | 2 | 4 |
| लखनऊ | 5 | 2 | 3 | 4 |
| चेन्नई | 5 | 2 | 3 | 4 |
| मुंबई | 5 | 1 | 4 | 2 |
| कोलकाता | 5 | 0 | 4 | 1 |

**ऑरेंज कैप**



विराट कोहली
228 रन
बेंगलुर

**पर्पल कैप**



प्रसिद्ध कृष्णा
10 विकेट
गुजरात

# जडेजा 3,000 से ज्यादा रन बनाने के साथ ही चटका चुके हैं 173 विकेट, दूसरे नंबर पर अक्षर पटेल

एजेंसी ▶▶| मुंबई

इंडियन प्रीमियर लीग में अब तक चुनिंदा स्पिनरों ने 100 विकेट का आंकड़ा पार किया है। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के क्रुणाल पांड्या ने लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ मैच में ये आंकड़ा छूआ। इसके साथ ही पांड्या उन चुनिंदा खिलाड़ियों की सूची में शामिल हुए, जिन्होंने आईपीएल में 1,000 रन बनाने के साथ-साथ 100 विकेट भी लिए हैं।



### रविंद्र जडेजा

रविंद्र जडेजा आईपीएल में 259 मैच की 201 पारियों में 28.27 की औसत और 130.00 की स्ट्राइक रेट से 3,336 रन बना चुके हैं। इसमें 5 अर्धशतक शामिल हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 77* रन का रहा है। गेंदबाजी में उन्होंने 228 पारियों में 30.31 की औसत से 173 विकेट चटका लिए हैं। वह 1 बार 5 विकेट हॉल भी ले चुके हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 5/16 विकेट का रहा है। वह आईपीएल में कुल 4 टीमों से खेल चुके हैं।



### अक्षर पटेल

अक्षर पटेल ने अपना पहला आईपीएल मुकाबला साल 2014 में खेला था। उन्होंने अब तक 166 मुकाबले खेले हैं और इसकी 127 पारियों में 21.32 की औसत और 133.63 की स्ट्राइक रेट से 1,913 रन बनाने में सफल रहे हैं। उनके बल्ले से 3 अर्धशतक निकले हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 66 रन रहा है। गेंदबाजी में इस खिलाड़ी ने 163 पारियों में 31.72 की औसत से 131 विकेट चटकाए हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 4/21 का रहा है।



### क्रुणाल पांड्या

पांड्या ने अपना पहला आईपीएल मुकाबला साल 2016 में खेला था। अब तक इस खिलाड़ी ने 147 मुकाबले खेले हैं और इसकी 137 पारियों में 31.41 की औसत और 7.53 की इकॉनमी रेट से 100 विकेट लिए हैं। उन्होंने एक बार 4 विकेट हॉल लिया है और उनका सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी प्रदर्शन 4/45 का रहा है। बल्लेबाजी में इस खिलाड़ी ने 119 पारियों में 21.96 की औसत और 131.90 की स्ट्राइक रेट से 1,757 रन बनाए हैं।

### इन विदेशी खिलाड़ियों ने हासिल किया है ये मुकाम

विदेशी खिलाड़ियों में 1,000 रन के साथ-साथ 100 विकेट लेने वाले खिलाड़ी ड्वेन ब्रावो, सुनील नरेन और आंद्रे रसेल हैं। इनमें से आईपीएल 2026 में सिर्फ नरेन हिस्सा ले रहे हैं।

## खबर संक्षेप



### अर्जुन व आदित्य ने यूएस ओपन में एक और स्वर्ण पदक जीता

**नई दिल्ली।** अर्जुन सिंह ने आदित्य सिंह की भारतीय जोड़ी ने फ्लोरिडा के नेपल्स में चल रही यूएस ओपन पिकलबॉल चैंपियनशिप के फाइनल में जे मेओडे और डब्ल्यू लिन को 9-11, 11-2, 11-7 से हराकर पुरुष युगल 5.0 स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता। भारत के ही पंथ ठक्कर और अथर्व शेठ की जोड़ी ने 4.5 पुरुष युगल वर्ग में रजत पदक जीता। उन्हें फाइनल में कैयन एप्पल और माइकल वैन ड्यूसेन से 8-11, 9-11 से हार का सामना करना पड़ा। अर्जुन और आदित्य ने कहा, ''यूएस ओपन में एक और स्वर्ण पदक जीतना बेहद संतोषजनक है। हमने फिर से मिलकर यह खिताब जीता है जिससे यह और खास बन जाता है।

### शुभंकर ने 64 का कार्ड खेला बोल्डर्स खिताब जीतने के करीब

**हैदराबाद।** शीर्ष पर चल रहे शुभंकर शर्मा ने बृहस्पतिवार को यहां एक करोड़ पुरस्कार राशि के शुरूआती बोल्डर्स क्लासिक गोल्फ टूर्नामेंट के तीसरे दौर में आठ अंडर 64 का शानदार कार्ड खेलकर सात शॉट की विशाल बढ़त हासिल की। दो बार के डीपी वर्ल्ड टूर विजेता 29 वर्षीय शुभंकर (66, 66, 64) का कुल स्कोर 20 अंडर 196 हो गया है।




## पंजाब किंग्स ने दर्ज की चौथी जीत, अंक तालिका में पहुंची टॉप पर

# डिकॉक के शतक पर भारी प्रभसिमरन की पारी पंजाब किंग्स ने एमआई को सात विकेट से हराया

एजेंसी ▶▶| मुंबई

प्रभसिमरन सिंह और कप्तान श्रेयस अय्यर के अर्धशतक से सलामी बल्लेबाज क्विंटन डिकॉक के तेजतर्रार शतक पर पानी फेरते हुए पंजाब किंग्स की टीम इंडियन प्रीमियर लीग में बृहस्पतिवार को यहां मुंबई इंडियन्स को सात विकेट से हराकर अंक तालिका के शीर्ष पर पहुंच गई। पंजाब किंग्स की टीम मुंबई के 196 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए प्रभसिमरन की 39 गेंद में 11 चौकों और दो छक्कों से नाबाद 80 रन की पारी की और कप्तान श्रेयस अय्यर (66 रन, 35 गेंद, पांच चौके, चार छक्के) के साथ तीसरे विकेट के लिए 139 रन की साझेदारी बदौलत 16.3 ओवर में तीन विकेट पर 198 रन बनाकर आसान जीत दर्ज करने में सफल रही। इस जीत से टूर्नामेंट की एकमात्र अजेय टीम पंजाब किंग्स पांच मैच में नौ अंक के साथ शीर्ष पर पहुंच गई। मुंबई की टीम इतने ही मैच में दो अंक के साथ नौवें स्थान पर है।



अर्शदीप सिंह
3 विकेट



प्रभसिमरन सिंह
88* रन

### पंजाब ने 16.3 ओवर में हासिल किया लक्ष्य

पीबीकेएस ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया था। उनका ये फैसला सही साबित हुआ और 12 रन पर एमआई के 2 बल्लेबाज पवेलियन में थे। हालांकि, इसके बाद क्विंटन डिकॉक ने शानदार शतकीय पारी (112*) खेली। नमनधीर के बल्ले से 50 रन निकले। एमआई ने 195/6 का स्कोर बनाया। जवाब में पंजाब किंग्स ने श्रेयस अय्यर (66) और प्रभसिमरन सिंह (80) की शानदार पारियों के दम पर 16.3 ओवर में 3 विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया।

### एमआई की शतक वाली लिस्ट में शामिल हुए डिकॉक

डिकॉक एमआई के 7वें बल्लेबाज बने, जिन्होंने आईपीएल में शतक लगाया है। उनसे पहले सचिन तेंदुलकर, सनथ जयसूर्या, रोहित शर्मा, लेंडल सिंमस, सूर्यकुमार ने 2-2 शतक लगाए थे। कैमरून ग्रीन ने एमआई के लिए एक शतक लगाया है। डिकॉक ने एमआई के लिए अब तक 44 मुकाबले खेले हैं और इस दौरान 36.94 की औसत से 1,441 रन बनाने में सफल रहे हैं। उनके बल्ले से 10 अर्धशतक भी निकले हैं। उनकी स्ट्राइक रेट 134.42 की रही है।

### अर्शदीप ने लिए पंजाब किंग्स के लिए 100 विकेट

अर्शदीप सिंह ने 22 रन देकर 3 विकेट लिए। उन्होंने अपने आईपीएल करियर में 100 विकेट पूरे कर लिए और ऐसा करने वाले पीबीकेएस के पहले गेंदबाज बने। अर्शदीप ने एमआई के रयान रिकेल्टन को आउट कर यह खास मुकाम हासिल किया। पंजाब के लिए इस खिलाड़ी ने 87 मुकाबले खेले हैं और इसकी 86 पारियों में 26.87 की औसत से 102 विकेट चटकाए हैं। अर्शदीप के बाद पीबीकेएस के लिए सबसे ज्यादा विकेट (87) पीयूष चावला ने लिए हैं।

### डिकॉक ने जड़ा तीसरा आईपीएल शतक

डिकॉक ने मैच में 60 गेंदों का सामना किया और 112* रन बनाए। उनके बल्ले से 8 चौके और 7 छक्के निकले। उनकी स्ट्राइक रेट 186.67 की रही। यह उनके आईपीएल करियर का कुल तीसरा शतक साबित हुआ, जिसे उन्होंने 53 गेंदों में पूरा किया। डिकॉक ने नमनधीर के साथ मिलकर पारी संभाली। दोनों के बीच 68 गेंदों में 122 रन की साझेदारी हुई। हार्दिक पांड्या के साथ इस खिलाड़ी ने 23 गेंदों में 41 रन जोड़े।

### डिकॉक सबसे ज्यादा शतक लगाने वाले विकेटकीपर बल्लेबाज

डिकॉक विकेटकीपर बल्लेबाज के रूप में आईपीएल में सबसे ज्यादा शतक लगाने वाले बल्लेबाज भी बन गए हैं। उन्होंने एडम गिलक्रिस्ट, राहुल, ऋषभ पंत और सैमसन को पीछे छोड़ा है। इन खिलाड़ियों ने विकेटकीपर बल्लेबाज के रूप में 2-2 शतक लगाए थे। ब्रेडन मैकुलम, जॉनी बेयरस्टो, हेनरिक क्लासेन और रिद्धिमान साहा ने आईपीएल में विकेटकीपर के रूप में 1-1 शतक लगाया है। डिकॉक आईपीएल 2025 में कोलकाता नाइट राइडर्स की टीम का हिस्सा रहे थे।

**मैच आज अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में रात 7:30 बजे से**

## केकेआर पहली जीत के लिए बेकरार, गुजरात टाइटंस घरेलू मैदान पर अच्छे प्रदर्शन को तैयार



एजेंसी ▶▶| अहमदाबाद

इंडियन प्रीमियर लीग 2026 के 25वें मुकाबले में गुजरात टाइटंस का सामना कोलकाता नाइट राइडर्स से आज 17 अप्रैल को होगा। केकेआर ने इस संस्करण 5 मुकाबले खेले हैं। उसे 4 मैच में हार मिली है और एक मुकाबला बारिश के कारण रद्द रहा है। जीटी ने 4 मैच खेले हैं और उसे 2 मैच में जीत और इतने ही मैच में हार मिली है। लगातार खराब प्रदर्शन के कारण दबाव में चल रही कोलकाता नाइट राइडर्स की टीम शानदार फॉर्म में चल रही गुजरात टाइटन्स के खिलाफ अपनी लय में लौटकर पहली जीत हासिल करने की कोशिश करेगी। वहीं जीत से लबरेज गुजरात टाइटन्स अपनी जीत की लय को बरकरार रखने की कोशिश करेगी।

### केकेआर के खिलाफ जीटी का पलड़ा रहा है भारी

आईपीएल में दोनों टीमों के बीच 5 मुकाबले हुए हैं। इस दौरान जीटी ने 3 मैच अपने नाम किए हैं। केकेआर सिर्फ एक मैच जीतने में सफल रही है। एक मुकाबला बिना किसी नतीजे के समाप्त हुआ है। आईपीएल 2025 में दोनों टीमों के बीच एक मैच हुआ था। उसे जीटी ने 39 रन से जीता था। आईपीएल 2024 में का मुकाबला रद्द रहा था। ऐसे में केकेआर के खिलाफ जीटी का ही पलड़ा भारी रहने वाला है।

### कैसा रहेगा मौसम का हाल?

एक्यूवेदर के मुताबिक 17 अप्रैल को अहमदाबाद में अधिकतम तापमान 41 डिग्री और न्यूनतम 26 डिग्री रहने की उम्मीद है। मैच रात 7:30 बजे शुरू होगा। ऐसे में खिलाड़ियों को गर्मी से कम परेशानी होगी। मैच के दौरान बारिश की संभावना नहीं है।

## फ्रेंच ओपन की इनामी राशि सात करोड़ डॉलर से अधिक हुई

**पेरिस।** फ्रेंच ओपन टेनिस टूर्नामेंट की इनामी राशि में लगभग 10 प्रतिशत की बढ़ोतरी की गई है जिससे कुल इनामी राशि छह करोड़ 17 लाख यूरो (सात करोड़ 21 लाख डॉलर) हो गई है। यह कुल राशि पिछले साल के मुकाबले 53 लाख यूरो अधिक है। प्रतियोगिता 24 मई को पश्चिमी पेरिस के रोलां गैरो में शुरू होगी। पुरुष और महिला एकल चैंपियन को 28 लाख यूरो और उप विजेता को 14 लाख यूरो मिलेंगे। सेमीफाइनल में पहुंचने वाले खिलाड़ियों को सात लाख 50 हजार यूरो और पहले दौरे में हारने वाले खिलाड़ियों को 87 हजार यूरो मिलेंगे।



### युगल विजेताओं की राशि में भी बढ़ोतरी

पुरुष और महिला युगल के विजेताओं को छह लाख यूरो और मिश्रित युगल की चैंपियन जोड़ी को एक लाख 22 हजार यूरो मिलेंगे। पिछले साल कार्लोस अल्कारेज ने पांच सेट के तक चले फाइनल में यानिक सिनर को हराकर पुरुष एकल खिताब जीता था जबकि कोको गॉफ ने एरिना सबालेंका को हराकर महिला एकल खिताब अपने नाम किया था।

# महिला क्रिकेट : दक्षिण अफ्रीका और भारत के बीच टी20 सीरीज आज से

एजेंसी ▶▶| डरबन

भारतीय महिला टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने टी20 विश्व कप से पहले सभी खिलाड़ियों को उचित मौका दिए जाने पर जोर देते हुए कहा कि उनकी टीम आत्मविश्वास से भरी है और शुक्रवार से यहां दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ शुरू होने वाली पांच मैच की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला का पूरा फायदा उठाने के लिए प्रतिबद्ध है।

हरमनप्रीत ने यह भी कहा कि वनडे विश्व कप जीतने के बाद उनकी टीम आत्मविश्वास से भरी हुई है।



### विश्व कप की तैयारी के लिए अहम : हरमनप्रीत


भारतीय कप्तान हरमनप्रीत ने कहा कि दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मुकाबले इंग्लैंड एवं वेल्स में 12 जून से पांच जुलाई तक होने वाले वैश्विक टूर्नामेंट से पहले उन्हें संयोजन को परखने और लय बनाने का मौका देंगे। हरमनप्रीत ने कहा कि पांच मैच की श्रृंखला में सभी खिलाड़ियों को मौका देना ही प्राथमिकता होगी। हम इस मौके को बहुत गंभीरता से लेना चाहते हैं और यहां अपना सर्वश्रेष्ठ क्रिकेट खेलना चाहते हैं। विश्व कप से पहले यह हमारे लिए एकजुट होने और अच्छी तैयारी का शानदार मौका है।''

## 184 छक्के लगकर केएल राहुल दूसरे स्थान पर

# सलामी बल्लेबाज के रूप में विराट जड़ चुके हैं 186 छक्के

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

इंडियन प्रीमियर लीग 2026 के 23वें मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने लखनऊ सुपर जायंट्स एलएसजी को 5 विकेट से हराया। चिन्नास्वामी स्टेडियम में हुए मैच में जीत के लिए मिले 147 रन के लक्ष्य को आरसीबी ने विराट कोहली की पारी की मदद (49) से हासिल किया। कोहली ने अपनी पारी में 2 छक्के लगाए। इस बीच वह बतौर सलामी बल्लेबाज सर्वाधिक छक्के वाले भारतीय बने। इसके बाद दूसरे नंबर पर केएल राहुल का नाम आता है।



**बिजनेस साइट**

## सभी बाजारों में सबसे सही थीम में निवेश करना



मनीष तिजारे
म्यूचुअल फंड डिस्ट्रीब्यूटर, भोपाल

**भोपाल।** मैक्रोइकोनॉमिक कारक, भू-राजनीतिक संघर्ष और तनाव, सरकारी नीतियां, ब्याज दरें, और इंडस्ट्री-आधारित पैरामीटर यह तय करते हैं कि किसी भी समय बाजारों में कौन से सेक्टर अच्छा प्रदर्शन करेंगे। और ये अच्छा प्रदर्शन करने वाले सेक्टर समय के साथ बदलते रहते हैं। 2023 और 2025 में ऑटो स्टॉक सबसे अच्छा प्रदर्शन करने वाले थे, 2022 में बैंक सबसे आगे थे, 2021 में आईटी और 2020 के साथ-साथ 2024 में फार्मा सेक्टर ने अच्छा प्रदर्शन किया।

सबसे अच्छा प्रदर्शन करने वाली थीम में निवेश करना तब फायदेमंद हो सकता है जब इसे समझदारी से किया जाए। एक और बात जो ध्यान देने योग्य है, वह यह है कि पोर्टफोलियो इतना लचीला होना चाहिए कि बाजार में उतार-चढ़ाव के समय डेट (कर्ज) वाले हिस्से को बढ़ाया जा सके, और जब कुछ खास थीम की कीमतें बहुत ज्यादा बढ़ गई हों, तो उनमें निवेश कम करना समझदारी होती है। इसलिए, सही थीम की पहचान करना और कुछ समय के लिए बॉन्ड में निवेश बढ़ाने की क्षमता, ये दोनों मिलकर जोखिम-एडजस्टेड प्रदर्शन हासिल करने के लिए बहुत जरूरी हैं।

हालांकि, रिटेल निवेशकों को किसी भी बाजार की स्थिति के लिए सबसे सही थीम की पहचान करने में तीन बड़ी चुनौतियों का सामना करना पड़ता है।

5 सेक्टर के प्रदर्शन और मैक्रो कारकों के बीच के संबंध को समझना निवेशकों के लिए मुश्किल होता है, क्योंकि उनके पास समय, संसाधन और डेटा की कमी होती है।

5 दूसरी बड़ी चुनौती है अपनी भावनाओं पर काबू रखना। बाजार में बहुत ज्यादा उतार-चढ़ाव होने पर निवेशकों के मन में डर और लालच हावी हो जाते हैं। जब बाजार ऊंचाइयों पर होता है, तो वे अपना मुनाफा नहीं निकालते। और जब बाजार में भारी गिरावट आती है, तो वे नुकसान में ही अपने शेयर बेच देते हैं।

5 आखिर में, रिटेल निवेशकों के सामने तीसरी चुनौती यह है कि वे बाजार से बाहर निकलने की सही रणनीति नहीं बना पाते। बाजार की स्थितियां बदलने पर वे अपने पोर्टफोलियो को दोबारा रीबैलेंस नहीं करते। इसके अलावा, वे टैक्स से जुड़े मामलों को भी समझदारी से नहीं संभाल पाते।

रिटेल निवेशकों के लिए, थीम-आधारित निवेश का सबसे अच्छा तरीका फंड ऑफ फंड्स (एफओएफ) है। ये फंड, मजबूत मॉडलों और मैक्रो रिसर्च का इस्तेमाल करके खास थीम में निवेश करते हैं, और जरूरत के हिसाब से फिक्स्ड-इनकम (निश्चित आय) वाले निवेश को भी एडजस्ट करते रहते हैं। आप आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल एग्रेसिव हाइब्रिड एक्टिव एफओएफ (जिसे पहले थीमैटिक एडवांटेज एफओएफ कहा जाता था) पर विचार कर सकते हैं। 1 अप्रैल, 2026 से, यह इक्विटी में 65-80 फीसदी (मिड और स्मॉल कैप में सेक्टोरल, थीमैटिक और मार्केट-कैप के अवसर) और डेट में 20-35 फीसदी निवेश करेगा। यह सेबी द्वारा फरवरी 2025 में पेश किए गए एफओएफ के लिए एएमएफआई के नए फ्रेमवर्क के अनुरूप होगा।

दिसंबर 2003 में लॉन्च किए गए इस फंड ने वेल्थ क्रिएशन के मामले में लगातार एक मजबूत लॉन्ग-टर्म ट्रैक रिकॉर्ड दिखाया है। 31 मार्च, 2026 तक, फंड ने 3-वर्षीय सीएजीआर 15.11 फीसदी, 5-वर्षीय सीएजीआर 14.91 फीसदी और 10-वर्षीय सीएजीआर 14.47 फीसदी दर्ज किया है।






## खेल एवं युवा कल्याण मंत्री सारंग की नई पहल
## आरोह-2026 नए स्वरूप में होंगे समर कैंप

# समर कैंप में इस बार व्यक्तित्व विकास एवं रचनात्मक गतिविधियां भी होंगी

## प्रदेश के सभी खेल अधिकारियों से की चर्चा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने नई पहल शुरू करते हुए समर कैंप 'आरोह-2026' को नए स्वरूप में करवाने का निर्णय लिया है। इस बार व्यक्तित्व विकास एवं रचनात्मक गतिविधियों को भी समर कैंप में शामिल किया जा रहा है। इस संबंध में गुरूवार को तात्या टोपे खेल स्टेडियम में आयोजित प्रदेश के सभी खेल अधिकारियों की बैठक को संबोधित करते हुए मंत्री श्री सारंग ने समर कैंप में नई गतिविधियों के बारे में बताया।

### एक मई से शुरू होगा समर कैंप

मंत्री सारंग ने कहा कि भोपाल सहित सभी जगह 1 मई से समर कैंप शुरू होगा। खेल एवं युवा कल्याण विभाग की अधिकारिक वेबसाइट और क्यूआर कोड को स्केन करके इसमें 18 अप्रैल से रजिस्ट्रेशन किया जा सकता है। उन्होंने सभी खेल अधिकारियों से कहा कि इसमें युवा समन्वयकों से जुड़ कर इसका आयोजन/गतिविधियां ब्लॉक एवं ग्रामीण स्तर तक की जाए। बैठक में खेल संचालक अंशुमान यादव एवं संयुक्त संचालक बी.एस. यादव सहित प्रदेश के खेल अधिकारी मौजूद थे।

### समर कैंप से सशक्त व्यक्तित्व का निर्माण हो

मंत्री सारंग ने कहा कि प्रदेश में शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों तक खेल विभाग के इस समर कैंप 'आरोह-26' की जानकारी हो और लोग इसमें शामिल हो। यह समर कैंप एक मूवमेंट के रूप में जाना जाए, जैसे फिट इंडिया मूवमेंट, स्वच्छता अभियान आदि। इसी प्रकार यह समर कैंप गतिविधि केंद्रित न होकर बच्चों और परिवार सहित समाज को जोड़ने का एक सकारात्मक संदेश दें। हमारा उद्देश्य केवल प्रतिभा का विकास ही नहीं बल्कि एक ऐसे सशक्त व्यक्तित्व का निर्माण भी है जो परिवार का गौरव एवं राष्ट्र और समाज का आधार बने। उन्होंने कहा कि खेल अधोसंरचना का विकास, प्रतिभाओं को निखारने वाले कोच और प्रतिभाएं तलाशना हमारा मुख्य उद्देश्य है। साथ ही उत्तम खिलाड़ी बनाना और युवाओं को खिलाड़ी बनाने में कोचेस कीभूमिका है। युवाओं का शारीरिक और मानसिक समग्र विकास खेल के जरिये ही हो सकता है। विभाग का मुख्य काम भी युवाओं को खेल से जोड़ना और युवाओं का कल्याण करना है, जो मानसिक एवं बौद्धिक विकास के जरिये किया जा सकता है। इसके लिए जागरूकता एवं काउंसिंग जैसे कार्यक्रम को भी शामिल किया जा सकता है।

# छठवें वेतनमान के कर्मचारियों को राहत : महंगाई भत्ता बढ़कर हुआ 257 प्रतिशत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राज्य शासन ने छठवें वेतनमान में वेतन प्राप्त कर रहे शासकीय सेवकों को राहत देते हुए महंगाई भत्ते में वृद्धि की है। इस फैसले से कर्मचारियों को अतिरिक्त आर्थिक लाभ मिलेगा और लंबित एरियर का भी भुगतान सुनिश्चित किया गया है। संशोधित दरों के अनुसार महंगाई भत्ता 252 प्रतिशत से बढ़ाकर 257 प्रतिशत कर दिया गया है। यह 1 जुलाई 2025 से प्रभावशील होगा। इस वृद्धि का वास्तविक लाभ कर्मचारियों को 1 अप्रैल 2026 से (भुगतान माह मई 2026) से मिलना शुरू होगा। साथ ही, 1 जुलाई 2025 से 31 मार्च 2026 तक की अवधि का एरियर 6 समान किश्तों में मई से अक्टूबर 2026 तक दिया जाएगा, जिससे कर्मचारियों को चरणबद्ध रूप से आर्थिक लाभ प्राप्त होगा।

### सेवानिवृत्त या दिवंगत हो चुके कर्मचारियों के परिजन को एकमुश्त राशि:

शासन ने यह भी प्रावधान किया है कि उक्त अवधि के दौरान सेवानिवृत्त या दिवंगत हो चुके कर्मचारियों अथवा उनके नामांकित परिजनों को एरियर की राशि एकमुश्त प्रदान की जाएगी, जिससे उन्हें तत्काल राहत मिल सके। महंगाई भत्ते की गणना में 50 पैसे या उससे अधिक राशि को अगले पूर्ण रुपये में पूर्णांकित किया जाएगा, जबकि इससे कम राशि को नजरअंदाज किया जाएगा। साथ ही यह स्पष्ट किया गया है कि महंगाई भत्ते को किसी भी अन्य प्रयोजन हेतु वेतन का हिस्सा नहीं माना जाएगा।

## प्रतिनियुक्ति कर्मचारियों को राहत, महंगाई भत्ते में बढ़ोतरी, किस्तों में मिलेगा एरियर

**भोपाल।** राज्य शासन ने उपक्रमों, निगमों, मंडलों एवं अनुदान प्राप्त संस्थाओं से प्रतिनियुक्ति पर कार्यरत कर्मचारियों को राहत देते हुए महंगाई भत्ते में वृद्धि की है। इस फैसले से चौथे एवं पांचवें वेतनमान में वेतन प्राप्त कर रहे कर्मचारियों को सीधा आर्थिक लाभ मिलेगा। संशोधित दरों के अनुसार पांचवें वेतनमान के कर्मचारियों का महंगाई भत्ता बढ़कर 323 प्रतिशत तथा चौथे वेतनमान के कर्मचारियों का 1465 प्रतिशत हो जाएगा। यह वृद्धि 1 जुलाई 2025 से प्रभावशील मानी जाएगी। इस निर्णय का लाभ कर्मचारियों को 1 अप्रैल 2026 से (भुगतान माह मई 2026) से दिया जाएगा। वहीं, 1 जुलाई 2025 से 31 मार्च 2026 तक की अवधि का एरियर 6 समान किस्तों में मई से अक्टूबर 2026 तक भुगतान किया जाएगा, जिससे कर्मचारियों को चरणबद्ध तरीके से वित्तीय लाभ प्राप्त होगा। विशेष प्रावधान के तहत इस अवधि में सेवानिवृत्त या दिवंगत कर्मचारियों के मामलों में एरियर राशि का भुगतान एकमुश्त किया जाएगा, जिससे उनके परिवारों को त्वरित राहत मिल सके। शासन ने स्पष्ट किया है कि महंगाई भत्ते की गणना में 50 पैसे या उससे अधिक राशि को अगले पूर्ण रुपये में गोल किया जाएगा।

■ चौथे एवं पांचवें वेतनमान में वेतन प्राप्त कर रहे कर्मचारियों को मिलेगा सीधा आर्थिक लाभ

## हॉस्पिटल में डिलीवरी के दौरान हुई नवजात बच्ची की मौत, परिजनों ने तोड़फोड़ कर किया हंगामा

**संतनगर।** उपनगर के सिविल हॉस्पिटल में एक महिला की डिलीवरी के दौरान नवजात बच्ची की मृत्यु को लेकर परिजनों ने बहुत देर तक अस्पताल में हंगामा किया। इस दौरान उन्होंने अस्पताल में तोड़फोड़ भी की। उनका कहना था कि चिकित्सों की लापरवाही से नवजात बच्ची की मृत्यु हुई है।



दरअसल, गुरुवार दोपहर एक महिला ने बच्ची को जन्म दिया, लेकिन वह मृत थी। महिला पक्ष के लोग अस्पताल परिसर में एक एकत्रित हो गए और उन्होंने चिकित्सकों पर लापरवाही आरोप लगाते हुए अस्पताल में काफ़ी देर तक हंगामा किया। उनका कहना है की लापरवाही के कारण नवजात बच्ची की मृत्यु हुई है। सिविल अस्पताल अधीक्षक श्री जैन का कहना है कि डिलीवरी के दौरान नवजात की मृत्यु हुई है, लेकिन इसमें किसी चिकित्सकों की लापरवाही नज़र नहीं आ रही है। वहीं, थाना प्रभारी अशोक गौतम ने बताया कि इस संबंध में कोई रिपोर्ट अभी तक नहीं की गई है।

## हर्षवर्धन नगर में चल रही भागवत कथा

# गोवर्धन पूजा प्रकृति, सेवा और विनम्रता का संदेश : पं. शास्त्री



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

हर्षवर्धन नगर के राजमाता सिंधिया मैदान में चल रही श्रीमद भागवत की कथा में आचार्य रवि शास्त्री ने कहा जीवन में यदि विधि और विधान से रहे, नियमों का पालन किया तो भगवत प्राप्ति में सरलता होती है। इस अवसर पर मुख्य यजमान महेंद्र दवे एवं श्रद्धालुओं द्वारा भगवान कृष्ण की पूजा-गोवर्धन पर्वत का प्रतीक बनाकर विधिवत पूजा की गई। धार्मिक मान्यता के अनुसार भगवान श्रीकृष्ण ने इंद्र के अहंकार को समाप्त करते हुए गोवर्धन पर्वत को उठाकर समस्त ब्रजवासियों की रक्षा की थी। यह पर्व उसी घटना की स्मृति में मनाया जाता है। इसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने सहभागिता की। गोवर्धन पूजा हमें यह प्रेरणा देती है कि हम प्रकृति के प्रति आभार व्यक्त करें, अहंकार का त्याग करें तथा सेवा और सहयोग की भावना के साथ समाज में सकारात्मक योगदान दें। इस कथा का आयोजन वरिष्ठ समाज सेवी महेंद्र दवे ने किया है।

## पेंशनरों एवं परिवार पेंशनरों को महंगाई राहत में वृद्धि

**भोपाल।** मप्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा एक जून 2005 के पश्चात सेवानिवृत्त सभी पेंशनरों/परिवार पेंशनरों एवं 80 वर्ष अथवा उससे अधिक आयु के पेंशनरों को एक जनवरी 2026 से छठवें वेतनमान अंतर्गत 257 एवं सातवें वेतनमान अंतर्गत 58 प्रतिशत महंगाई राहत देने के आदेश जारी कर दिए हैं। सेवानिवृत्त पेंशनर और परिवार पेंशनर को छटवें वेतनमान अंतर्गत एक जनवरी 2026 से पांच प्रतिशत की वृद्धि एवं सातवें वेतनमान अंतर्गत तीन प्रतिशत की वृद्धि की गई है। इस आदेश के अनुसार माह जनवरी 2026 से बढ़ी हुई मंहगाई राहत राशि (भुगतान माह फरवरी 2026) से बढ़ी हुई पेंशन/परिवार पेंशन प्रदान की जाएगी।




Terms and Conditions applied. #5% Instant Cashback up to Rs. 5000 is available on all HMSI models for EMI transactions made using HDFC Bank credit cards with a minimum transaction value of Rs. 40000 (Tenure 6 months & above). #Instant Cashback of up to Rs. 4000 is available on selected HMSI models for EMI transactions using IDFC Bank credit cards with a minimum transaction value of Rs. 40000 (Tenure 9 months & above). #The offer is valid on credit card transactions processed through Pine Labs machines only and is applicable for one transaction per card/order during the offer period. #The Instant Cashback offer is valid until 30th April 2026. *Approval of the loan is at the sole discretion of the financiers, and additional documentation may be required. *The interest rates, loan amount, down payment, tenure options and EMI are based on the financier's assessment of the applicant's credit profile. *Some of the mentioned components of the scheme cannot be clubbed together. *The offers/features may be modified or withdrawn at any time without prior intimation. *Offer valid until 30th April 2026. The feature shown in the creative may not be available in all variants. Product shown in the picture may vary from actual product available in the market. Accessories shown in the picture are not part of standard equipment.

डीलर विवरण के लिए QR कोड स्कैन करें

**Honda Motorcycle & Scooter India Pvt. Ltd., Registered Office:** Plot No. 1, Sector - 03, IMT Manesar, Distt. Gurugram, (Haryana) – 122052, India; **Website:** www.honda2wheelersindia.com; **Customer Care:** customercare@honda.hmsi.in

**Honda Exclusive Authorized Dealerships:** **BHOPAL:** Surana Honda (Koh-E-Fiza) - 9713066121; Sai Samarth Honda - 9109103832; BGS Honda - 7440654321; Om Auto Honda - 9826331339; Power Honda - 9202244444; BGS Honda (Kolar Road) - 8889994504; BGS Honda (Karondh) - 8319133403; Sai Samarth Honda (Bairagarh) - 07554222834; Power Honda (Gulmohar) - 07554256062; Sai Samarth Honda (New Market, TT Nagar Police Station) - 07554167932; Shiv Honda (Berasia) - 9827205909; Poorvi Honda (Khilchipur) - 9827828182; Shri Sawariya Honda (Budni) - 990740405; **ASHOKNAGAR:** Shri Shant Honda - 8889365888; Shrikrishna Honda (Chanderi) - 7000642828; Shris Shant Honda (Kaniyadana) - 9340461465; Shris Shant Honda (Rajpur) - 9340461465; **BETUL:** Aaditya Honda - 8989231218; Shivam Honda (Bagdona) - 9425003802; Khyati Honda (Multai) - 9425440610; **GUNA:** Seth And Sons Honda - 9644008081; RR Honda (Aron) - 9907700774; Seth and Sons (Raghogarh) - 9644008082; **HARDA:** Sri Hari Krishna Honda - 9826313338; Kalash Honda (Timarni) - 9617406060; Shri Sai Honda (Khirkia) - 9926386210; **ITARSI:** Sudarshan Honda - 7869954212; Sudarshan Honda (Hoshangabad) - 7869954215; Aman Honda (Piparia) - 8085138085; Paliwal Honda (Seoni-Malwa) - 9425476181; **SEHORE:** Upadhyay Honda - 07562401281; Harshit Honda (Astha) - 9893096451; Shubham Honda (Nasrullaganj) - 9826356278; Ambika Honda (Icchawar) - 9926434100; **VIDISHA:** Speed Bike Honda - 8817084455; Raghu Honda (Ganjbasoda) - 9425148883; Capital Honda (Sironj) - 9713161534; **RAISEN:** BGS Honda - 8717911666; Karma Honda (Begumganj) - 9893141574; Shubhi Honda (Udaipura) - 9993044486; Soumya Auto Honda (Khargone) - 8120124545; JB Honda (Obedullaganj) - 07480224232; Rajeev Honda (Mandideep) - 07480401458; **BIAORA:** My Shiva Honda - 9425038999; Balaji Honda (Kurawar) - 7415382282; Shiv Shakti Honda (Talen) - 7000825923; Raghunath Honda (Rajgarh) - 9165122731; Vinayak Honda (Pachore) - 9424470733; **INDORE:** Kasliwal Honda - 8966002822; Kasliwal Honda (Bangali Square) - 8966002826; Rajpal Honda - 9425065707; Rajpal Honda (Khandwa Road) - 9827658000; Shyam Honda - 9009550948; Shyam Honda (Airport Road) - 9009550955; Doshi Honda - 9669266999; Doshi Honda (Nanda Nagar) - 9669339994; Doshi Honda (Nipania) - 9669801999; Shree Mangalam Honda - 6232446444; Shri Ram Honda (Kshipra) - 9993717799; Shyam Honda (Sanwer) - 9009550943; Mohit Honda (Chandrawatiganj) - 9009663700; Riddhi Siddhi Honda (Palia) - 9713077770; GuruKripa Honda (Betma) - 9165155175; Om Sai Honda (Devguradia) - 8770657728; **BARWANI:** Sarswati Honda - 8602521213; Parmar Honda (Rajpur) - 9993356471; Pragati Honda (Pansemal) - 09424855055; Raj Rajeshwar Honda (Sendhwa) - 9424586222; **BURHANPUR:** Krishna Sai Honda - 8989694646; Shree Sai Honda (Shahpur) - 9753633111; **DEWAS:** Sadguru Honda - 8719017666; Sadguru Honda (Ganga Nagar, Indore Road) - 7272252231; Maheshwari Honda (Sonkatch) - 9039921721; Om Sai Honda (Khategaon) - 9893464681; Vini Honda (Hatpipliya) - 9827062431; Patel Honda (Satwas) - 9713624496; Bhavana Honda (Kannod) - 9977663785; **DHAR:** Nakoda Honda - 9753478699; Nakoda Honda (Badnawar) - 8770440156; Dev Guru Honda (Dhamnod) - 9926646561; Falak Honda (Dharmapuri) - 9098111110; Khandelwal Honda (Manawar) - 9425914534; Mahaveer Honda (Rajgarh-Dhar) - 9826076523; Sairam Honda (Ghatabilod) - 9826068964; **KUKSHI:** Shyam Honda - 9333332200; Shree Hari Honda (Singhana) - 9713034535; Madhuram Honda (Dahi) - 9826841303; Joshi Honda (Gandhwani) - 9425969272; **JHABUA:** Natural Honda - 9827068396; Natural Honda (Thandla) - 9111919496; **KHANDWA:** Sethi Honda - 9111002902; Sethi Honda (Chhanera) - 9111002903; **KHARGONE:** Bhandari Honda - 9753222225; Mahaveer Honda (Anjad) - 9425088666; Manas Honda (Bedia) - 9479319469; Anmol Honda (Maheshwar) - 9926464254; **MANDSAUR:** Chaudhary Honda - 9752635333; Choudhary Honda (Shamgarh) - 9993143260; **MHOW:** Radha Honda - 9691122902; Radha Honda (Pithampur) - 7470884802; **NEEMUCH:** Imdadallys Honda - 8989151151; Savita Honda (Manasa) - 9993773232; Aditya Honda (Jeeran) - 7509542276; Shikhar Honda (Rampura) - 9424041544; **RATLAM:** Anklesaria Honda - 9425329309; Anklesaria Honda (Jaora) - 7389940695; Khatushyam Honda (Alot) - 9993442929; Babji Honda (Sailana) - 9981953001; **SANAWAD:** Veera Honda - 9826533110; **SHAJAPUR:** Rathi Honda - 8349990855; **SHUJALPUR:** Mahavir Honda - 9302352067; Shree Balaji Honda (Kalapipal)- 9926028916; **UJJAIN:** Avantika Honda - 9685099909; Ujjain Honda - 8109068222; Avantika Honda (Badnagar) - 07367225701; Jain Honda (Tarana) - 7566698489; Arihant Honda (Nagda) - 07366241481; Shiv Honda (Agar) - 9425941011; Pareek Honda (Khachrod) - 9826796963; Dhanlaxmi Honda (Mahidpur) - 9425033104; **GWALIOR:** A.S. Honda - 9926186437; Sumedha Honda - 8718819740; Niyati Honda (Bhitarwar) - 9755359098; Pujari Honda (Mohona) - 8587904580; Satnam Honda (Dabra) - 9907729668; A S Honda (Laxmiganj) - 6262350000; A S Honda (DD Nagar) - 9109176278; A S Honda (Bahodapur) - 9109176247; Shree Krishna Honda (Lahar) - 9098900999; Ashish Honda (Gohad) - 9713394900; **DATIA:** Dhruv Tara Honda - 7000239698; Manuraj Honda (Bhander) - 9755574488; KGN Honda (Seondha) - 9171438014; **MORENA:** The Roshan Honda - 7532466097; Gupta Honda (Shabalgarh) - 9893170387; Aryan Honda (Ambah) - 9826288045; **SHIVPURI:** Seth Honda - 6264074441; Dhudhar Honda (Pichore) - 8085186000; Jain Honda (Karera) - 8602760034; Seth Honda (Bairad) - 881739386; **SHEOPUR:** Moti Honda - 8269193208; **BALAGHAT:** Dreams Honda - 8349272776; Dreams Honda (Baihar) - 8269793376; **CHHINDWARA:** Akshit Honda (Chourai) - 8989994445; Akshit Honda (Parasia Road, Chhindwara) - 8989994440; Akshit Honda (Seoni Road, Chhindwara) - 8989994441; Akshit Honda (Amarwara) - 8989994443; Akshit Honda (Parasia) - 8989994442; Shyam Honda (Pandhurna) - 9425818989; Ayush Honda (Junnardeo) - 9425871626; Maa Vaishnav Honda (Bichhua) - 8989994446; Manish Honda (Sausar) - 9244569009; **SEONI:** Anurag Honda - 9827112711; Anurag Honda (Lakhnadon) - 7711884494; Vardhman Honda (Chhapara) - 8770068747; **DAMOH:** Texol Honda - 9425096191; SL Honda (Patahria) - 9300405140; **SAGAR:** Sahil Honda - 7000702072; Sahil Honda (Makronia) - 8817606054; Raj Honda (Bina) - 8720009609; Shreemant Honda (Khurai) - 9826802066; Shree Balaji Honda (Deori) - 7000517166; Sahil Honda (Gourjhamar) - 9752472822.

**For Bulk/Institutional enquiries, please write us at: institutionalsales@honda.hmsi.in**

हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्प्लैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930